विश्वविद्यालय के साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत उर्दू साहित्य विभाग वर्ष 2016 में स्थापित हुआ। विभाग का उद्देश्य मुख्यतः संस्कृति और साहित्य के महत्व एवं प्रासंगिकता से अवगत कराना है। उर्दू संस्कृति, भाषा और साहित्य के प्रति विद्यार्थियों में जागरुकता पैदा करना और साथ ही देश तथा देश के बाहर इसके विकास के प्रति कार्यरत रहना भी विभाग का प्रमुख उद्देश्य है। दूसरी भाषाओं की तुलना में उर्दू भाषा और साहित्य की विशेष खूबियों की तरफ भी उर्दू में दिलचस्पी रखनेवालों का ध्यान आकृष्ट करना भी हमारा उद्देश्य है। उर्दू साहित्य विभाग द्वारा मेमोरियल लेक्चर, सेमिनार, सिम्पोजियम सक्रिय रूप में आयोजित किया जाता रहा है।

पाठ्यक्रम : • एम.ए.उर्दू • उर्दू भाषा में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा।

गतिविधियाँ

व्याख्यान

• प्रो. बेग एहसास (हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद) और प्रो. इर्तेजा करीम (राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली) : 'उर्दू अदब में स्त्री विमर्श', 08 मार्च, 2018

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
हिमांशु शेखर	सहायक प्रोफेसर	22.12.2015	पीएच.डी. उर्दू	ज़फर पयामी की अदबी तखलीक का फिक्री व फन्नी जायेजा	उर्दू फिक्शन

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

शेखर, हिमांशु

- (11 फरवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि. के संस्कृत विभाग द्वारा 'संस्कृतस्य प्रासंगिकता संभावनाश्च' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा में सहभागिता की।
- (08 मार्च, 2018). उर्दू साहित्य विभाग द्वारा 'उर्दू अदब में स्त्री विमर्श' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान समारोह का संचालन किया।

2.4 अंग्रेजी विभाग

विश्वविद्यालय के मूल उद्देश्यों की प्राप्ति में अंग्रेजी की महत्वपूर्ण, सकारात्मक एवं सहयोगी भूमिका को पहचानते हुए 'इंग्लिश फॉर हिंदी' की संकल्पना के साथ मार्च 2016 में साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत अंग्रेजी साहित्य विभाग की स्थापना की गई। यह विभाग अपने नाम के अनुरूप विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा और साहित्य की समझ विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग न सिर्फ विद्यार्थियों को भाषायी और साहित्यिक निपुणता प्रदान कर, रोजगार के अच्छे अवसरों के रूप में उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने की सोच रखता है, बल्कि उन्हें वर्तमान प्रगतिशील समाज में सार्थक भूमिका निभाने के लिए भी तैयार करता है।

इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विभाग द्वारा एम.ए. (अंग्रेजी साहित्य) एवं अंग्रेजी भाषा में सर्टिफिकेट / डिप्लोमा / एडवांस्ड डिप्लोमा जैसे सुसंगत और प्रासंगिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। ये पाठ्यक्रम भावों और विचारों की रटंत अभिव्यक्ति के बजाय मौलिक रूप से सोचने–समझने का सामर्थ्य विकसित करते हैं। अंग्रेजी साहित्य विभाग द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की विशिष्टता है इनका स्वरूप जिसकी वजह से ये कॉरपोरेट सेक्टर, अनुवाद, इंटरप्रिटेशन, शिक्षण, मीडिया आदि विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार पाने के लिहाज से तो बेहतर है ही, दूसरों को रोजगार मुहैय्या कराने की संभावनाओं से भी युक्त है।

पाठ्यक्रम : • बी.ए. अंग्रेजी ऑनर्स • एम.ए. अंग्रेजी • अंग्रेजी भाषा में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और एडवांस्ड डिप्लोमा।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
मैत्रेयी	सहायक प्रोफेसर	22.12.2015	एम.ए.	—	अंग्रेजी में भारतीय साहित्य
विरेंद्र कुमार यादव	सहायक प्रोफेसर*	14.08.2017	एम.ए.		लिंग अध्ययन, समकालीन साहित्यिक सिद्धांत और आलोचना
सुरेश चंद्र मौर्य	सहायक प्रोफेसर**	16.11.2017	एम.ए.		इनडेन्चर और डायस्पोरा
ज़ेबा खान	सहायक प्रोफेसर**	29.11.2017	एम.ए.		नया साहित्य

(*अस्थाई **अंशकालिक)

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

मैत्रेयी

- (15–17 जनवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के प्रदर्शनकारी कला विभाग द्वारा 'प्रदर्शन के लिए प्रतिरोध या प्रतिरोध का प्रदर्शन' विषय पर आयोजित 14 वें सोसायटी फॉर थियेटर रिसर्च के अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन में आयोजन समिति के सदस्य के रूप में सहभागिता की।
- (11 फरवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संस्कृत विभाग द्वारा 'संस्कृत की प्रासंगिकता एंव संभावनाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा में सहभागिता की।
- (24 मार्च, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस कॉलेज, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'बियोंड बाउंडरीज : गांधीयन विजन इन दि एज ऑफ ग्लोबलाइजेशन' विषय पर आयोजित अंतरानुशासनिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आयोजन समिति के सदस्य तथा सम्मेलन स्मारिका प्रकाशन (अंग्रेजी संस्करण) के संपादकीय बोर्ड सदस्य के रूप में सहभागिता की।

यादव, विरेंद्र कुमार

- (18 जनवरी, 2018). राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली एवं स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'मानवाधिकार' विषय पर आयोजित कार्यशाला में सहभागिता की।
- (11 फरवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संस्कृत विभाग द्वारा 'संस्कृतस्य प्रासंगिकता संभावनाश्च' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा में सहभागिता की।

मौर्य, सुरेश चंद्र

– (07–27 सितंबर, 2017). नेशनल ट्रांसलेशन मिशन, मैसूर द्वारा आयोजित 'इंट्रोडक्शन टू ट्रान्सलेशन' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की।

2.5 मराठी विभाग

मराठी भाषा सभी प्रादेशिक भाषाओं में एक महत्वपूर्ण भाषा है। मराठी भाषा में प्राचीन काल से भरपूर मात्रा में साहित्य लेखन किया जा रहा है। मराठी भाषा का साहित्य सभी भारतीय भाषाओं में अनुवाद के माध्यम से प्रसारित हुआ है। मराठी साहित्य की सभी विधाओं का हिंदी और अंग्रेजी में विपुल मात्रा में अनुवाद हुआ है और मराठी भाषा का साहित्य विश्व के कोने–कोने में पहुँच गया है। महाराष्ट्र में राजकाज की भाषा मराठी है। मराठी भाषा में उच्च शिक्षा और अनुसंधान की स्थिति अन्य भाषाओं की तुलना में बेहतर है। तकनीकी रूप भी मराठी भाषा अन्य भाषाओं से काफी आगे है। मराठी भाषा में ई–गवर्नेंस का प्रयोग सफल हो रहा है। उपर्युक्त बिंदुओं को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय में मराठी भाषा और साहित्य के अध्ययन हेतु प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाने हेतु मराठी विभाग की स्थापना सत्र 2015–16 में की गई है।

पाठ्यक्रम : • एम.ए. मराठी।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	विशेषज्ञता का क्षेत्र
धर्मेंद्र ना. शंभरकर	सहायक प्रोफेसर*	04.08.2017	एम. फिल.	मराठी साहित्य, दलित एवं संत साहित्य
सुषमा लोखंडे	सहायक प्रोफेसर**	अक्टूबर, 2010	एम.ए. मराठी	मराठी साहित्य, मराठी भाषा, मराठी संत साहित्य
नरेंद्र डेबे	सहायक प्रोफेसर**	26 सितंबर, 2017	एम.ए. मराठी	मराठी साहित्य, मराठी भाषा, मराठी संत साहित्य

* शिक्षा विभाग में पदस्थ, मराठी विभाग के प्रभारी अध्यक्ष ** अंशकालिक

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

डेबे, नरेंद्र

- (28–29 दिसंबर, 2017). गांधी अध्ययन केंद्र, न्यू आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा आयोजित अंतरविद्याशाखीय राष्ट्रीय सम्मेलन में 'ग्रामगीता से पुरस्कृत लोकशाही मूल्य' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।
- (2 मार्च, 2018). अभिनव धुलीवंदन समिति, वर्धा द्वारा आयोजित उत्सव में 'मानवीय जीवन और ग्रामगीता' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत।
- (24 मार्च, 2018). गांधी अध्ययन केंद्र, न्यू आर्ट्स् एंड साइंस कॉलेज, वर्धा तथा म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरविद्याशाखीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'महात्मा गांधीजी के सत्याग्रह विषयक विचार' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।

2.6 प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म एवं नाटक) विभाग

इस विभाग के अंतर्गत फ़िल्म एवं नाट्यकला के उन पक्षों के अध्ययन को प्रमुखता दी जाती है जिन्हें प्रायः अध्ययन की मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं किया गया है, जैसे फ़िल्म एवं नाट्य समालोचना तथा समीक्षा, कला प्रशासन, मंच व्यवस्था, नाट्य एवं फ़िल्म लेखन प्रविधियाँ आदि। इसके अतिरिक्त मंच प्रस्तुतियाँ एवं फ़िल्म निर्माण भी इस पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में नियमित रूप से संचालित होते हैं। यह विभाग एम.ए., एम. फिल. तथा पीएच.डी. स्तर पर नाट्यकला और फिल्म अध्ययन के विशिष्ट क्षेत्रों में शोध अध्ययन का अवसर प्रदान करता है और यहां अंतरानुशासनिक अध्ययन एवं शोध को भी प्रोत्साहित किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से विभाग द्वारा रोजगारोन्मुखी फिल्म निर्माण में बी.वोक. तथा अभिनय एवं मंच विन्यास में बी.वोक. पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अतिथि विशेषज्ञों के निर्देशन में आयोजित व्याख्यान एवं कार्यशालाएँ विद्यार्थियों को विशद अनुभव एवं अधुनातन ज्ञान प्रदान करती हैं।

पाठ्यक्रम : • बी.वोक. (फिल्म निर्माण) • बी.वोक. (अभिनय एवं मंच विन्यास) • प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म एवं नाटक) में एम.ए., एम.फिल. और पीएच.डी.।

गतिविधियाँ

संगोष्ठी / कार्यशाला / अन्य

- (07 सितंबर, 2017). मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम 'ये इंडिया का टाइम है' का आयोजन किया गया।
- (25 सितंबर, 2017). 'अमेरिकन थिएटर एवं फिल्म' विषय पर आयोजित कार्यशाला में बोस्टन, अमेरिका की सुश्री लक्ष्मी देसाई ने मार्गदर्शन किया।
- (05–11 अक्टूबर, 2017). 'छऊ, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण' विषय पर आयोजित कार्यशाला में सरायकेला, झारखंड के श्री गणेश चंद्र महतो और श्री शिवचरण साहू ने मार्गदर्शन किया।
- (01–5 नवंबर, 2017). 'छाया चित्रकला' विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुंबई के प्रसिद्ध छायाकार श्री रवि शेखर ने संबोधित किया।
- (15–17 जनवरी, 2018). आय.एस.टी.आर. और म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रतिरोध का रंगमंच' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

- (27–29 जनवरी, 2018). 'दृश्य और कथ्य' : संदर्भ सिनेमा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें देशभर से कई फिल्मी हस्तियों सहित प्रख्यात फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर ने भी व्याख्यान दिए।
- (05–11 मार्च, 2018). 'फिल्म छायांकन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुंबई के फिल्म उद्योग के प्रख्यात सिनेमेटोग्राफर श्री अखिलेश दास (एफ.टी.आई.आई., पुणे) ने मार्गदर्शन किया।
- (21–24 मार्च, 2018). 'रूप सज्जा' विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुंबई के श्री राजेश अंबुलकर ने मार्गदर्शन किया।
- (26 मार्च–01 अप्रैल, 2018). 'फिल्म संपादन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, पुणे के एसोशिएट प्रोफेसर श्री नीलांजन दत्ता ने मार्गदर्शन किया।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
सुरेश शर्मा	प्रोफेसर*	06.03.2012	पीएच.डी. हिंदी	साठोत्तरी हिंदी कविता : लोक नाटक	फिल्म, नाटक तथा पत्रकारिता
ओमप्रकाश भारती	सह प्रोफेसर	04.04.2012	पीएच.डी. नाट्य कला		नाटक, फिल्म
सतीश पावड़े	सहायक प्रोफेसर	15.07.2010	पीएच.डी. नाटक (रंगमंच)	मराठी नाटकों पर एब्सर्ड नाटक का प्रभाव	नाटक, फिल्म, जनसंचार एवं प्राचीन कला इतिहास
विधु खरे दास	सहायक प्रोफेसर**	12.03.2012	पीएच.डी. थियेटर	स्वातंत्र्योत्तर हिंदी नाटकों के कथ्य व शिल्प का अध्ययन : प्रमुख आधुनिक पश्चिमी रंग सिद्धातों के संदर्भ में।	नाटक

(*30.04.2017 को सेवानिवृत्त **इलाहाबाद केंद्र में कार्यरत)

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

भारती, ओम प्रकाश

- (29 अक्तूबर, 2017). प्रदर्शन सह व्याख्यान – भारतीय समकालीन पुतुल नाट्य : प्रदर्शन, विषय वस्तु तथा संचालन प्रविधि, थिएटर एम फदेन, स्टुटगार्ट, जर्मनी।
- (05 नवंबर, 2017). प्रदर्शन सह व्याख्यान– भारतीय पारंपरिक पुतुल नाट्य : प्रदर्शन, विषय वस्तु तथा संचालन प्रविधि, थिएटर फिगरून, ल्यूबेक, जर्मनी।
- (14–16 जनवरी, 2018). पूर्वी हिमालय के लोकनाट्य, उत्तरबङ्ग हेरिटेज फाउंडेशन तथा जिला सूचना एवं संस्कृति विभाग, कोचविहार, प. बंगाल द्वारा पुसना उत्सव के अवसर पर आयोजित।
- (24–25 मार्च, 2018). दक्षिण पूर्व एसियाई देशों के कलारूपों में राम कथा, भारतीय अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली तथा म.गां. अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित।
- (27 मार्च, 2018). थिएटर एज द एडूकेशनल टूल्स, हिमालय विश्व संग्रहालय, सिक्किम द्वारा आयोजित, अन्तरराष्ट्रीय कला महोत्सव, विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में।
- (29–31 मार्च, 2018). रोल ऑफ द आर्ट्स एंड आर्टिस्ट्स इन डेहव्लपिंग इंटरनेशनल रिलेशन, बटोही सहरसा द्वारा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित कौशिकी अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव के अवसर पर।

राष्ट्रीय–

- (19 अगस्त, 2017). बिहार में कला और कलाकारों की स्थिति तथा भविष्य की योजनाएं, संस्कृति भारती, बेगुसराय द्वारा आयोजित।
- (17 सितंबर, 2017). बिहार में कला और कलाकारों की स्थिति तथा भविष्य की योजनाएं, संस्कृति भारती, भागलपुर द्वारा आयोजित।
- (19 अक्तूबर, 2017). बिहार में कला और कलाकारों की स्थिति तथा भविष्य की योजनाएं, संस्कृति भारती, आरा द्वारा आयोजित।
- (10 फरवरी, 2018). भारतीय शास्त्रीय तथा लोक संगीत को कुमार गंधर्व का योगदान, कुमार गंधर्व फाउनडेशन, मुंबई द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित।
- (13 फरवरी, 2018). पूर्वोत्तर भारत का जनजातीय मौखिक साहित्य,साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित।

पावड़े सतीश

- (9 अगस्त, 2017). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में '1942 के आंदोलन में राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज का योगदान' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (23 सितंबर, 2017). इप्टा तथा महिला प्राध्यापक परिषद, सं.गा.बा. अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती के संयुक्त तत्वावधान में 'स्त्री : प्रतिमा और यथार्थ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इप्टा : स्त्री और प्रतिमा' विषयक आलेख प्रस्तुत।

- (10 दिसंबर, 2017). डॉ. पेशवे सोशल रिसर्च इंस्टीट्यूट, यवतमाल तथा यशवंत महाविद्यालय, सेलू के संयुक्त तत्वावधान में 'शिक्षा और मानवाधिकार' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'महात्मा फुले का नाटक तृतीय रत्न और मानवाधिकार' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (15–17 जनवरी, 2018). इंडियन सोसाइटी फॉर थिएटर रिसर्च तथा म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रतिरोध की प्रस्तुति और प्रस्तुति का प्रतिरोध : विश्व का परिदृश्य' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'सीमित राष्ट्रवाद का प्रतिरोध करता नाटक : मुंगु कॉमरेड' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (18 जनवरी, 2018). राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के तत्वावधान में 'विविध काल में कलाओं का स्वरूप' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भरत का नाट्यशास्त्र और संस्कृत का रंगमंच' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (27–29 जनवरी, 2018). प्रदर्शनकारी कला विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'दृश्य–कथ्य : संदर्भ सिनेमा', विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भूमंडलीकरण : बदलते दृश्य और कथ्य : विशेष संदर्भ–मराठी सिनेमा' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (22–23 फरवरी, 2018). हिंदी विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा 'हिंदी सिनेमा : समय–संकृति तथा भाषा' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी सिनेमा और भारतीय समाज' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (24 मार्च, 2018). गांधी स्टडी सेंटर, न्यू आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, वर्धा तथा म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'बियोंड बॉउंड्रीज : गांधीयन विजन इन द एज ऑफ ग्लोबलाइजेशन' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधीगिरी : सत्याग्रह का आधुनिक मनोविज्ञान' विषयक आलेख प्रस्तुत।

प्रकाशन

भारती, ओम प्रकाश

- (जुलाई–दिसंबर, 2017). 'भारतीय लोक चित्रकलाएँ', नाट्य भारती, 9–15, नई दिल्ली : सागर कलर स्केन एंड प्रिंटर्स।
- (जनवरी–जून, 2018). 'हिमालय अंचल के बौद्ध नाट्य', नाट्य भारती, 13–20, नई दिल्ली : सागर कलर स्केन एंड प्रिंटर्स।
- (2017). 'फोकलोर ऑफ बिहार' (सं.), नई दिल्ली : मैलोरंग प्रकाशन।
- (2018). 'द जर्नी आफ कोलकाता थियेटर', नई दिल्ली : मानक प्रकाशन।

पावड़े, सतीश

- (जनवरी–जून, 2017). 'भरत के नाट्यशास्त्र में वर्णवाद', सृजन समय, 28–35, वर्धा : सृजन समय प्रकाशन।
- (जुलाई–अगस्त, 2017). 'भाषा, संस्कृति और समाज के परिप्रेक्ष्य में भारत का नाट्यशास्त्र', सृजन समय, 41–46, वर्धा : सृजन समय प्रकाशन।
- (सितंबर, 2017). अंधार पहिलेला माणूस, अमरावती : पायगुण प्रकाशन।
- (सितंबर, 2017). स्त्री : प्रतिमा आणि वास्तव (सं.), अमरावती : पायगुण प्रकाशन।
- (सितंबर, 2017). 'इप्टातील स्त्री आणि प्रतिमा', स्त्रीः प्रतिमा आणि वास्तव, 07–09, अमरावती : पायगुण प्रकाशन।
- (सितंबर–अक्टूबर, 2017). 'रस, दृश्यकला तथा विन्यास : भरत नाट्यशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में', सृजन समय, 43–49, वर्धा : सृजन समय प्रकाशन।
- (अक्टूबर–मार्च, 2018). 'हिंदी का उत्तर आधुनिक रंगमंच', निमित्त, 31–33, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
- (दिसंबर, 2017). 'महात्मा फुले यांचे तृतीय रत्न आणि मानवाधिकार', शिक्षण आणि मानवाधिकार, 40–43, यवतमाल : डॉ. पेशवे सोशल रिसर्च इंस्टीट्यूट।
- (जनवरी–मार्च, 2018). 'हिंदी के नारीवादी नाटकों मे विद्रोह के स्वर', स्त्री काल, 77–79, नई दिल्ली : द मार्जिनलाईज्ड प्रकाशन।
- (अप्रैल–मई–जून, 2017). 'वैदर्भीय नाट्यलेखन : एक समृद्ध परंपरा', वसंत, 40–43, मुंबई : वसंत प्रकाशन।
- (मार्च, 2018). 'गांधीगिरी : सत्याग्रह का आधुनिक मनोविज्ञान', बियोंड बाउंट्रिजः गांधीयन विजन इन द एज ऑफ ग्लोबलाइजेशन', 40–43, वर्धा : न्यू आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज।

3. संस्कृति विद्यापीठ

यह विद्यापीठ संस्कृति एवं समाज विज्ञान के अन्य विमर्शों को समाहित करते हुए बहुसांस्कृतिक अकादमिक विकास के प्रति समर्पित है। विश्वविद्यालय की भूमिका को निश्चित करने तथा यहाँ संचालित कार्यक्रमों के लिए गांधी दृष्टि के साथ यह विद्यापीठ शांतिपूर्ण विकास के मूल्यों का मार्ग प्रशस्त करता है। आज के यथार्थ को स्वीकारते हुए मूलवासियों एवं आदिवासियों की जीवन दृष्टि को, स्त्री, दलित एवं अन्य दमित वर्गों के सामाजिक न्याय प्राप्त करने के संघर्ष को अकादमिक बहसों के जरिए सामने लाना इस विद्यापीठ की समग्र दृष्टि एवं कार्यक्रमों का अभिन्न हिस्सा है। इस विद्यापीठ के अंतर्गत निम्नलिखित विभाग और केंद्र हैं :

3.1 गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग
3.2 स्त्री अध्ययन विभाग
3.3 डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो–कान्हू–मुर्मू दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र
3.4 डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र

3.1 गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग

गांधी एवं शांति अध्ययन भारत में सामाजिक विज्ञान अध्ययन के क्षेत्र में एक प्रभावशाली कदम है। यह विषय गांधीवादी विकास की अवधारणा और शांति से इसकी संबद्धता को व्यापक दायरे में समझने की एक दृष्टि देता है। अंतरानुशासनिक चरित्र का यह पाठ्यक्रम गांधी की अवधारणा, उसकी चुनौतियों, मानव सुरक्षा, नैतिक दृष्टि, सुशासन, विकेन्द्रीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं इसकी राजनीति के साथ–साथ भू–राजनीति एवं सतत् विकास की शिक्षा को अपने में समाहित करता है। यह विषय विद्यार्थी को विकास, सतत् विकास एवं शांति के साथ उसकी संबद्धता को शिक्षण, शोध एवं विस्तार के व्यापक कार्यक्रमों तक पहुँचाता है। गांधी एवं शांति के विभिन्न पहलुओं को व्यापक दृष्टि से व्याख्यायित करने वाला यह पाठ्यक्रम न सिर्फ विद्यार्थियों के कौशल एवं क्षमता निर्माण में वृद्धि करता है बल्कि उन्हें विकास एवं शांति के क्षेत्र में आनेवाली समस्याओं और चुनौतियों को वैश्विक संदर्भ में समझ कर स्थानीय स्तर पर उसके समाधान के लिए प्रेरित भी करेगा और साथ ही देश व समाज के नीति–निर्धारण एवं विकास की नई रणनीति तय करने में मददगार भी होगा। गांधी के मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति गंभीर अध्ययन व शोध के साथ–साथ मानवता के लिए प्रतिबद्धता पैदा करने के उद्देश्य से यह पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अंतरानुशासनिक पद्धति से तैयार यह पाठ्यक्रम संपूर्ण मानविकी एवं समाज वैज्ञानिक अध्ययन का ऐसा सम्मिलित अध्ययन प्रस्तुत करता है, जो अब तक के ज्ञानानुशासनों को देखने व समझने की नई दृष्टि देता है। यह पाठ्यक्रमों से समतुल्यता के साथ एक विशिष्ट पहचान भी रखता है।

पाठ्यक्रम : • गांधी एवं शांति अध्ययन में एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. एवं पी.जी. डिप्लोमा।

गतिविधियाँ

कार्यशाला / संगोष्ठी

- (03–04 जुलाई, 2017). 'पाठ्यक्रम निर्माण एवं संवर्धन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में प्रो. रामजी सिंह, प्रो. पुष्पा मोतियानी, श्री आदित्य पटनायक, डॉ. एम.एल. कासारे आदि ने विचार व्यक्त किए।
- (24 मार्च, 2018). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं गांधी अध्ययन केंद्र, न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस कॉलेज, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'सीमाओं से परे : वैश्वीकरण के दौर में गांधी की परिकल्पना / दृष्टि' विषय पर आयोजित अंतरानुशासनिक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. कार्लोस वरोना (स्पेन), डॉ. मेरीनो इटरबे (अर्जेंटीना) आदि ने विचार व्यक्त किए।

व्याख्यान

- डॉ. अरविंद मालपे, प्रो. आर.एस. मेहरा : 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान', 09 अगस्त, 2017. विषय पर आयोजित समारोह में ने व्याख्यान दिए।
- प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी : शिक्षक के सरोकार, 05 सितंबर, 2017

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
नृपेंद्र प्रसाद मोदी	प्रोफेसर	22.03.2007	पीएच.डी. गांधी विचार	सर्वोदय विचार में लोक नीति का स्वरुप :एक समीक्षात्मक अध्ययन	गांधी एवं शांति अध्ययन, राजनीति
राकेश मिश्र	सहायक प्रोफेसर	16.03.2007	पीएच.डी. अहिंसा एवं शांति अध्ययन	गांधीजी और किसान आंदोलन	शांति अध्ययन, इतिहास मीड़िया
मनोज कुमार राय	सहायक प्रोफेसर	16.03.2007	पीएच.डी. गांधी अध्ययन	आधुनिक युग में योग और शांति की गांधीवादी अवधारणा की प्रासंगिकता	कानून गांधीविचार और दर्शन शास्त्र
डी. एन. प्रसाद	सहायक प्रोफेसर	20.03.2007	पीएच.डी. हिंदी साहित्य पीएच.डी. गांधी विचार	महात्मा गांधी का शैक्षणिक चिंतन धर्मवीर भारती के उपन्यास, निबंध एवं कहानियां	गांधी साहित्य एवं शांति अध्ययन तथा गांधी दर्शन, फिल्म और पत्रकारिता
चित्रा माली	सहायक प्रोफेसर	15.06.2010	पीएच.डी. अहिंसा एवं शांति अध्ययन	अहिंसक प्रतिरोध के बदलते स्वरुप	अहिंसा एवं शांति अध्ययन मानवाधिकार

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

मोदी, नृपेंद्र प्रसाद

- (08 अप्रैल, 2017). सोनूभाऊ बसवंत कला एवं वाणिज्य कॉलेज, शहापुर थाणे (महाराष्ट्र) द्वारा 'साहित्य और समाज में मानवीय संवेदना : संदर्भ' विषय पर आयोजित अंतरानुशासनिक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'तिलक–गांधी की विरासत लोकनायक जयप्रकाश नारायण' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (13–16 अप्रैल, 2017). गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली एवं कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह के 100 वर्ष' पर चन्दैया एवं जसौलीपट्टी (मोतिहारी) पदयात्रा कार्यक्रमों के श्रृंखला में सहभागिता।
- (19 मई, 2017). गांधी अध्ययन शोध केंद्र, जमशेदपुर महिला कॉलेज, (कोल्हान विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित कार्यशाला में सहभागिता।
- (18–19 जुलाई, 2017). जमशेदपुर महिला कॉलेज, जमशेदपुर, कोल्हान विश्वविद्यालय एवं गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'चंपारण सत्याग्रह के सौ वर्ष' विषय पर संदर्भ व्यक्ति के रूप में दायित्व का निर्वहन।
- (09 अगस्त, 2017). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में दायित्व का निर्वहन तथा एक सत्र की अध्यक्षता।
- (31 अक्टूबर–2 नवंबर, 2017). गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली द्वारा भारतीय गांधी अध्ययन समिति के 40 वें वार्षिक अधिवेशन में 'महात्मा गांधी की धर्म दृष्टि' विषय पर बीज वक्तव्य तथा एक सत्र में अध्यक्षीय वक्तव्य।
- (02–04 दिसंबर, 2017). गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति राजघाट, नई दिल्ली एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला द्वारा आयोजित 'बुद्ध एवं गांधी का मार्ग : विश्व शांति सम्मेलन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 'संघर्ष समाधान में 'बुद्ध एवं गांधी का मार्ग' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत।
- (09 दिसंबर, 2017). राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद् एवं बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय, रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 'लिबरेटिंग सोशल साइंस फ्रॉम कोलोनियल माइंडसेट' विषय पर वक्तव्य।
- (23–25 फरवरी, 2018). सैतालिसवाँ अखिल भारतीय सर्वोदय समाज अधिवेशन सेवाग्राम आश्रम, सेवाग्राम वर्धा (महाराष्ट्र) में सहभागिता।
- (24 मार्च, 2018). गांधी अध्ययन केंद्र, न्यू आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस कॉलेज, वर्धा एवं गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'सीमाओं से परे : वैश्वीकरण के दौर में गांधी की परिकल्पना / दृष्टि' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एक सत्र की अध्यक्षता।

मिश्रा, राकेश कुमार

- (18–19 जुलाई, 2017). जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'चंपारण सत्याग्रह के सौ वर्ष' पर विशेष व्याख्यान।
- (23 सितंबर, 2017). श्रीमती बिझानी महिला महाविद्यालय, नागपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सम्मेलन में 'हिंदी नाटक की परंपरा और आधे अधूरे' विषय पर व्याख्यान।
- (31 अक्टूबर–02 नवंबर, 2017). जी.एस.डी.एस., नई दिल्ली में भारतीय गांधी अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में 'धर्म की भारतीय समझ और गांधीजी' विषय पर प्रपत्र वाचन।
- (19–20 जनवरी, 2018). अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल, राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय एवं एस.बी.एम. महाविद्यालय, नागपुर द्वारा 'त्रिलोचन–मुक्तिबोध रचनात्मक जीवन–आत्मसंघर्ष' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'मुक्तिबोध का आत्मसंघर्ष' विषयक प्रपत्र वाचन।
- (12–14 मार्च, 2018). गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली द्वारा आयोजित बा–बापू 150वीं जयंती समारोह की तैयारी समिति में सहभागिता।

राय, मनोज कुमार

- (19–20 फरवरी, 2018). नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय द्वारा 'राजनारायण : जीवन, कर्म और विचार विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'राजनारायण को पढ़ते हुए' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत।
- (24–25 फरवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि.वि., वर्धा द्वारा 'दक्षिण एवं दक्षिण–पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति एवं विरासत' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'कुबेरनाथ राय के साहित्य में दक्षिण पूर्व एशियाई विरासत' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत।
- (27–28 फरवरी, 2018). आई.सी.एच.आर. और ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद द्वारा 'डिकालोनाइजेशन ऑफ इंडियन माइंड और इंडियन हिस्टरी : प्रास्पेक्ट और रिट्रोस्पेक्ट' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गुलाम मानसिकता और गांधी'. विषय पर व्याख्यान।

प्रसाद, डी. एन.

- (01–15 मई, 2017). पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा आयोजित 'शोध प्रविधि' कार्यशाला में 'शोध प्रस्ताव संरचना' और 'अकादमिक अनुसंधान' विषय पर व्याख्यान।
- (28–30 जुलाई, 2017). मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, भोपाल द्वारा आयोजित चौबीसवीं पावस व्याख्यानमाला में 'चम्पा और त्रिलोचन'

विषय पर व्याख्यान।

- (09 अगस्त, 2017). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्यभारत का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारत छोड़ो आंदोलन में विदर्भ की हिंदी' विषयक प्रपत्र प्रस्तुत।
- (31 अक्टूबर–02 नवंबर, 2017). गांधी स्मृति दर्शन समिति, नई दिल्ली में भारतीय गांधी अध्ययन समिति द्वारा 'गांधी एवं भारतीय संस्कृति' विषय पर आयोजित 40वें अधिवेशन में 'भारतीय संस्कृति : परिप्रेक्ष्य बुद्ध और गांधी' विषयक आलेख प्रस्तुत तथा 'भारतीय संस्कृति में अहिंसा' विषयक सत्र में बीज वक्तव्य।
- (17–18 दिसंबर, 2017). गुरु घासीदास शोधपीठ, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा 'गुरु घासीदासजी के 7 उपदेशों एवं 42 अमृतवाणियों की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अहिंसा की संस्कृति और सतनाम दर्शन' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (15–17 जनवरी, 2018). भारतीय नाट्य अनुसंधान समिति (आईएसटीआर) एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 14वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सलाहकार समिति सदस्य के रूप में सहभागिता।
- (5–7 फरवरी, 2018). भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'विनोबा दर्शन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अनासक्ति दर्शन : परिप्रेक्ष्य आचार्य विनोबा' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (15–16 मार्च, 2018). दीनबंधु शिक्षण और सामाजिक संस्था, नागपुर द्वारा 'मछुआरा समाज : दशा और दिशा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'मछुआरा की संवेदना' विषयक प्रपत्र प्रस्तुत।
- (19–25 मार्च, 2018). म.गां. फ्यूजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण संस्थान परिषद, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम में सहभागिता।
- (29–30 मार्च, 2018). मध्य प्रदेश दलित साहित्य अकादमी, उज्जैन द्वारा 'वर्तमान भारतीय परिप्रेक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'धर्म एवं संस्कृति और पंडित दीनदयाल उपाध्याय' विषयक प्रपत्र प्रस्तुत।

माली, चित्रा

- (9 अगस्त, 2017). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य प्रदेश का योगदान' विषयक पत्र प्रस्तुत।
- (04–05 अक्टूबर, 2017). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'कस्तूरबा के नाम : आज़ादी का आंदोलन एवं महिलाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अहिंसक आंदोलनों की स्त्रियाँ' विषयक पत्र प्रस्तुत।
- (01 जनवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में 'अंतरानुशासनिक अध्ययन प्रविधि' पर व्याख्यान।
- (18 जनवरी, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मानवाधिकार पर आधारभूत प्रशिक्षण कार्यशाला' में सहभागिता।
- (19–24 फरवरी, 2018). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज, जमशेदपुर व कोल्हान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'शोध प्रविधि का आधार पाठ्यक्रम' में व्याख्यान।
- (19–24 मार्च, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन के विविध आयाम' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'नयी शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी शिक्षा' विषय पर व्याख्यान।

प्रकाशन

मोदी, नृपेंद्र प्रसाद

- (मई, 2017). 'महात्मा गांधी और नयी तालीम', अंतिम जन, 3, 21–23, नई दिल्ली : गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति।
- (31 अक्टूबर–02 नवंबर, 2017). 40 वां अधिवेशन, भारतीय गांधी अध्ययन समिति, स्मारिका, नई दिल्ली : गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति।
- (मार्च, 2018). 'जनतंत्र, गणतंत्र और गांधी', पदचिह्न, 1, 118–121, वाराणसी।

मिश्रा, राकेश कुमार

- (सितंबर, 2017). 'किसान केंद्रित साहित्य की जरूरत', सारस, 1, 48–51, वर्धा।

राय,मनोज कुमार

- (2017). 'बापू ने कहा था' (सं.), नई दिल्ली : राष्ट्रीय पुस्तक न्यास।
- (2017). 'भारतीयता की तलाश और श्री कुबेरनाथ राय', हिंदीसमयडॉटकॉम, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
- (2017). 'मरजीवा गांधी', हिंदीसमयडॉटकॉम, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।

- (अप्रैल–जून, 2017). 'आरक्षण का व्याकरण', चिंतन सृजन, 14, 96–103, नई दिल्ली।
- (सितंबर–दिसंबर, 2017). 'राजनारायण को पढ़ते हुए', शोध, 14 (3), 360–365.
- (जनवरी–मार्च, 2018). 'नेशनल करीकुलम फ्रेमवर्क फॉर टीचर एजुकेशन (2010) : डेसिफरिंग दि एपिस्टीमोलोजिकल अजंशन', दि इक्वानिमिस्ट, 4, 31–38
- (जनवरी–मार्च, 2018). 'ब्रिजिंग दि गैप', दि इक्वानिमिस्ट, 4, 53–57
- (मार्च, 2018). 'गुलाम मानसिकता और गांधी', पदचिह्न, 73–81, वाराणसी।

प्रसाद, डी. एन.

- (2017). 'आज का लेखन 'सृजन' नहीं : टेक्स्ट है', संवाद और हस्तक्षेप खंड–22 (सं. डॉ. सुनीता खत्री), 100–108, भोपाल : मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति।
- (अप्रैल, 2017). 'विवेकानन्द के विचार का साहित्य पर प्रभाव', राष्ट्रभाषा संदेश, 14–15, 3–6–8, प्रयाग, इलाहाबाद : हिंदी साहित्य सम्मेलन।
- (अप्रैल, 2017). 'लिख तू कोई गीत', सुसंभाव्य, 8, 47, भागलपुर : सुसंभाव्य प्रिटिंग प्रेस।
- (मई, 2017). 'आचार्य शुक्ल की 'करुणा' की आख्या', वीणा, 5, 22–26, इंदौर : श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति।
- (जुलाई, 2017). 'सामाजिक संघर्ष से युद्ध करती कहानियाँ', सुसंभाव्य, 9, 21, भागलपुर : सुसंभाव्य प्रिटिंग प्रेस।
- (जुलाई, 2017). 'कितनी नावों में कितनी बार', प्रयाग–पथ, 5, 127–130, इलाहाबाद : प्रयाग–पथ कार्यालय।
- (अगस्त, 2017). 'लिख तू कोई गीत', अभिनव इमरोज, 8, 43, नई दिल्ली : सभ्या प्रकाशन।
- (अक्टूबर, 2017). 'हृदय का समुद्र निहारना आ जाय ...!', अक्षत, शरद अंक, 1–4, खंडवा : अक्षत कार्यालय।
- (अक्टूबर–नवंबर, 2017). 'सर्वधर्म समभाव : समरस समाज का सफल–सूत्र', दिवान मेरा, 63, 13–17, नागपुर : आस्था प्रकाशन।
- (31 अक्टूबर–02 नवंबर, 2017). 'अहिंसा की संस्कृति : परिप्रेक्ष्य बुद्ध और गांधी', 40वां वार्षिक अधिवेशन, भारतीय गांधी अध्ययन समिति, 35, नई दिल्ली : गांधी एवं भारतीय संस्कृति, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति।
- (अक्टूबर–दिसंबर, 2017). 'वचन जीवन में दृढ़ता लाता', बसव मार्ग, 03, 07, बेंगलुरु : बसव समिति।
- (दिसंबर, 2017). 'इतिहास चिंतन में डॉ. अंबेडकर की नारी–दृष्टि', युवा संवाद, 9, 46–48, नई दिल्ली : युवा संवाद कार्यालय।
- (फरवरी, 2018). 'मेरी ललित निबंध–संरचना प्रकृति और पुरुष के संवादों का महागान है', समावर्तन, 11, 18–23, उज्जैन : समावर्तन कार्यालय।
- (फरवरी, 2018). 'पुस्तक एक पूरा कैनवास खड़ा करती है', तथ्य भारती, 8, 36, कोटा : तथ्य भारती कार्यालय।
- (23–25 फरवरी, 2018). 'गांधी की अहिंसा : जैन धर्म के संदर्भ में', 47वां वार्षिक सर्वोदय समाज सम्मेलन, 60–63, सेवाग्राम।
- (मार्च, 2018). 'अंबेडकर को हलके में समझना नादानी होगी', अक्षर पर्व, 10, 70–72, नई दिल्ली : देशबंधु कार्यालय।
- (मार्च, 2018). 'गांधी का हिंदी चिंतन', वीणा, 3, 19–27, इंदौर : श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति।
- (24 मार्च, 2018). 'गांधी की भाषा–नीति', 177–178, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि. एवं न्यू आर्टस, कॉमर्स एवं सायन्स कॉलेज।
- (2018). 'आलोचना का लोचन आलोकित होता है, डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की आलोचनाधर्मिता से', अभिनव इमरोज : व्यक्ति विशेष दस्तावेज–2 (सं. देवेंद्र कुमार बहल, डॉ. दिनेश चमोला 'शैलेश'), 340–343, नई दिल्ली : सभ्या प्रकाशन।
- (2018). 'शिक्षा का माध्यम एवं भाषा नीति पर गांधी का चिंतन', गांधी–दृष्टि : युवा रचनात्मकता के आयाम, (सं.: प्रो. मनोज कुमार, डॉ. अमित कु. विश्वास), 214–241, नई दिल्ली : भारतीय ज्ञानपीठ।
- (2018). 'मछुआरा की संवेदना', मछुआरा समाज : दशा और दिशा (सं. : बलराम बिंद, रणजीत कुमार निषाद), 134–139, नागपुर : दीनबंधु शिक्षण सेवा संस्थान।
- (2018). 'गांधी संचयन' (संचयन–संपादन : प्रो. गिरीश्वर मिश्र, डॉ. डी. एन. प्रसाद), नई दिल्ली : सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन।

माली, चित्रा

- (दिसंबर, 2017). 'पब्लिक स्फियर और मीडिया', न्यूमेन, 12, महाराष्ट्र : न्यूमेन पब्लिकेशन।
- (फरवरी, 2018). 'विकास की राजनीति और पर्यावरणीय आंदोलन', क्रोनिकल ऑफ़ ह्यूमेनिटीज एंड कल्चरल स्टडीज, 4 (2), कल्याण : सेंटर फॉर ह्यूमेनिटीज एंड कल्चरल स्टडीज।

उपलब्धियाँ

- डॉ. राकेश मिश्र रवींद्र कालिया स्मृति कथा पुरस्कार 2017 से सम्मानित।

3.2 स्त्री अध्ययन विभाग

स्त्री–अध्ययन वस्तुतः ज्ञान की सत्ता–संरचना पर 'ज्ञान–बहिष्कृतों' द्वारा किया गया एक सैद्धांतिक–दार्शनिक हस्तक्षेप है, जो प्रत्येक व्यक्ति की बराबरी एवं एक समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करता है। यह समाज के प्रत्येक तबके के अनुभवों को केंद्र में रखकर ज्ञान के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो कि एकपक्षीय ज्ञान की रूढ़ सीमाओं को तोड़कर ज्ञान को उसके बहुआयामी व समग्र रूप में प्रस्तुत करता है। यह सिर्फ एक विषय नहीं है, वरन् यह एक परिप्रेक्ष्य है जो हमें दुनिया को देखने का एक नया नज़रिया देता है और इसीलिए ज्ञानानुशासन की सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए यह एक अंतरानुशासनिक, बहु–अनुशासनिक एवं परा–अनुशासनिक स्वरूप अख़्तियार करता है। स्त्री अध्ययन की शुरुआत इस तथ्य के साथ होती है कि स्त्री या पुरुष होना मात्र जैविकीय ही नहीं, सामाजिक निर्मिति भी है और इस सामाजिक निर्मिति के आधार पर ही दुनिया के सारे ज्ञान–विज्ञान रचे गए हैं।

'स्त्री अध्ययन' सिर्फ स्त्रियों का या स्त्रियों के लिए ही नहीं है बल्कि यह विभिन्नताओं का संयोजन है। यह 'संपूर्ण मानवता' का अध्ययन है जिसके जरिए हम हाशिए पर खड़े उन सभी समूहों का अध्ययन करते हैं, जिन्हें मुख्यधारा का ज्ञान नजरअंदाज करता है। एक विषय के रूप में यह महज कुछ जानकारियों या सूचनाओं को जान लेने या सीख लेने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह जेंडरगत विभेदों के बरक्स उस समतामूलक स्त्रीवादी चेतना को अपने जीवन–व्यवहारों में आत्मसात् करने से भी संबंधित है जो बदलाव की शैक्षणिक राजनीति का जरिया हैं। अतएव सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन इस विषय का केंद्रीय अभिप्रेरक बिंदु है, जिसे भारतीय स्त्री–अध्ययन संगठन के संस्थापक सदस्यों द्वारा एक 'शैक्षणिक रणनीति' के रूप में स्वीकार किया गया है। विश्वविद्यालय में वर्ष 2003 में स्थापित यह विभाग अपने वास्तविक जनतांत्रिक स्वरूप में स्त्री–अध्ययन की मूल अभिप्रेरणाओं से संचालित है। हम इसे स्त्री–विमर्श का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हिंदी माध्यम में स्त्री अध्ययन को पूर्णकालिक विषय के रूप में शुरू किए जाने के निम्नलिखित उद्देश्य हैं– 1. हिंदी माध्यम में व्यवस्था की सत्तापरक संरचना की पड़ताल करते हुए जेंडर संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करना, 2. हिंदी भाषा के वृहत्तर परिप्रेक्ष्य में स्त्री विषयक प्रश्नों एवं अधिकारों से विद्यार्थियों को अवगत कराना, 3. सामाजिक–बौद्धिक हस्तक्षेप के एक संसाधन केंद्र (रिसोर्स सेंटर) के बतौर खुद को समर्थ बनाना, 4. जेंडर विमर्श को हिंदी प्रदेश के व्यापक समुदाय के बीच प्रसारित करना, 5. परंपरागत विश्वविद्यालयी शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन का जरिया बनते हुए अकादमिक एवं सामाजिक यथार्थ के बीच के अंतर को समाप्त करना और 6. स्त्री अध्ययन के क्षेत्र में उत्कृष्ट अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित करना।

पाठ्यक्रम : • स्त्री अध्ययन में एम. ए., एम. फिल., पीएच.डी. • देशज संस्कृति, भाषा और जेंडर और स्त्री अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
शंभु गुप्त	प्रोफ़ेसर	13.07.2010	पीएच.डी. हिंदी	हिंदी संत काव्य में सूक्ति विधान	साहित्यालोचना, साहित्य का नारीवादी अध्ययन
सुप्रिया पाठक	सहायक प्रोफ़ेसर	20.03.2007	पीएच.डी. स्त्री अध्ययन	पारसी–हिंदी रंगमंच एवं महिलाएं	स्त्री एवं मीडिया, रंगमंच एवं स्त्री, नारीवादी सैद्धांतिकी, भाषा एवं साहित्य, नारीवादी शोध प्रविधि
अवतिंका शुक्ला	सहायक प्रोफ़ेसर	27.04.2007	पीएच.डी. स्त्री अध्ययन	कथक की परंपरा, घराने एवं स्त्री प्रश्न	स्त्री एवं श्रम, प्रदर्शन कलाओं में स्त्रियां, जाति, वर्ग एवं जेंडर के प्रश्न, नारीवादी शोध प्रविधि
शरद जायसवाल	सहायक प्रोफ़ेसर	09.07.2009	एम.ए.		वर्ग, जाति एवं जेंडर, सांप्रदायिकता, जाति व जेंडर का सवाल

शोध परियोजनाएँ

- डॉ. सुप्रिया पाठक, 'भोजपुरी क्षेत्र में स्त्रियों के प्रति हिंसा के विविध आयाम : वर्चस्व, सहमति एवं प्रतिरोध की संस्कृति' (व्यक्तिगत)। 'शिक्षा, जेंडर एवं राष्ट्रीय नीतियां : एक नारीवादी अध्ययन', म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा वित्तपोषित।
- डॉ. अवन्तिका शुक्ला, 'परिवार की बदलती अवधारणा और नौकरीशुदा एकल गृहस्थ (विवाहित) महिलाएं : एक जेंडरगत अध्ययन', म.गां.अं. हिं.वि., वर्धा द्वारा वित्तपोषित।

गतिविधियाँ

संगोष्ठी / कार्यशाला

- (9 अगस्त, 2017). महाश्वेता देवी स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'महाश्वेता देवी के साहित्य में स्वाधीनता का स्वर' विषय पर कार्यक्रम।
- (4–5 अक्टूबर, 2017). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'कस्तूरबा के नाम : आज़ादी का आंदोलन एवं महिलाएँ' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।
- (18 जनवरी, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

• (08 मार्च, 2018). अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'महिलाओं की श्रम में भागीदारी' विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
• (21 मार्च, 2018). 'भारत में जेंडर निर्माण की प्रक्रिया' विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विशेष व्याख्यान

• डॉ. प्रणयकृष्ण, इलाहाबाद विश्वविद्यालय : 'मुक्तिबोध का स्त्री विमर्श', 13 सितंबर, 2017
• डॉ. निस्तर कुजूर, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर : 'जनजाति विकास : विशेष पिछड़ी जनजाति के संदर्भ में', 07 दिसंबर, 2017
• सुश्री सुचेता डे : 'राजनीति में स्त्रियाँ', 21 दिसंबर, 2017
• प्रो. चंद्रकला त्रिपाठी (हिंदी विभाग, महिला महाविद्यालय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी) : 'साहित्य में स्त्री–मुद्दे',19 जनवरी, 2018
• श्री राकेश कुमार सिंह : 'जेंडर– निर्माण की प्रक्रिया', 21 मार्च, 2018

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

गुप्ता, शंभु

• (11–12 अप्रैल, 2017). कुशीनगर (जोगिया गाँव), उ.प्र. में 'लोकरंग' महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता तथा 'हाशिए का समाज और लोक संस्कृति' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्तव्य।
• (10 मई, 2017). म.गां.अं.हि.वि., वर्धा, स्टडी सर्किल द्वारा गांधी हिल पर 'दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध चाहिए' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता एवं व्याख्यान।
• (11 अगस्त, 2017). जेंडर संवेदनशीलता समिति, म.गां.अं.हि.वि., वर्धा द्वारा 'विश्वविद्यालयी परिवेश और जेंडर संवेदनशीलता' विषय पर आयोजित शर्मिला रेगे व्याख्यानमाला की अध्यक्षता तथा व्याख्यान।
• (13 सितंबर, 2017). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में 'मुक्तिबोध का स्त्री–विमर्श' पर आयोजित संगोष्ठी में अध्यक्षीय वक्तव्य।
• (5 अक्टूबर, 2017). हिंदी विभाग, अमर प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में साहित्य विषय पर व्याख्यान।
• (25 नवंबर, 2017). जेंडर संवेदनशीलता समिति, म.गां.अं.हि.वि., वर्धा द्वारा 'जेंडर की राजनीति' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अध्यक्षीय वक्तव्य।
• (7–9 दिसंबर, 2017). साहित्य अकादमी, नई दिल्ली और म.गां.अं.हि.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संवेदना और सृजनात्मकता : भारतीय साहित्य की उभरती प्रवृत्तियाँ' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में 'हिंदी कहानी की वर्तमान स्थिति' पर व्याख्यान।
• (11–13 दिसंबर, 2017). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में 'महाभारत सवांद' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का संयोजन तथा वक्तव्य।
• (3 जनवरी, 2018). म.गां.अं.हि.वि., वर्धा के सावित्रीबाई फुले छात्रावास में सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में विशिष्ट वक्ता के रूप में 'स्त्री और शिक्षा' विषय पर वक्तव्य।
• (08 जनवरी, 2018). महिला अध्ययन विभाग, बरकतुल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा 'महिला अध्ययन पाठ्यक्रम' पर आयोजित राष्ट्रीय परिसवांद में विषय विशेषज्ञ के रूप में सहभागिता।
• (21 मार्च, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हि.वि., वर्धा द्वारा आयोजित 'जेंडर–निर्माण की प्रक्रिया' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अध्यक्षीय वक्तव्य।
• (23 मार्च, 2018). म.गां.अं.हि.वि., वर्धा शिक्षक संघ एवं विद्यार्थियों द्वारा 'भगत सिंह और छात्र राजनीति' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अध्यक्षीय वक्तव्य।

पाठक, सुप्रिया

• (अगस्त, 2017). जेंडर संवेदनशीलता समिति, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित जेंडर संवाद कार्यक्रम में संयोजक।
• (9 अगस्त, 2017). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित महाश्वेता देवी स्मृति व्याख्यानमाला कार्यक्रम में समन्वयक।
• (13 सितंबर, 2017). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'मुक्तिबोध एवं स्त्री प्रश्न' विषय पर आयोजित डॉ. प्रणयकृष्ण के व्याख्यान समारोह में समन्वयक।
• (4–5 अक्टूबर, 2017). 'कस्तूरबा के नाम : आजादी का आंदोलन एवं महिलाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में समन्वयक।
• (जनवरी, 2018). जेंडर संवेदनशीलता समिति, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित जेंडर संवाद कार्यक्रम में संयोजक।
• (18 जनवरी, 2018). राष्ट्रीय मानवाधिकार प्रशिक्षण कार्यक्रम में समन्वयक।
• (18 फरवरी, 2018). मातृ सेवा संघ, नागपुर एवं सॉपेर कॉलेज, इजराइल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता।

- (8–9 मार्च, 2018). नार्थ केप यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 'अदृश्य होती जिंदगियां : भारत में स्त्रियों पर तेजाबी हमले' विषय पर प्रपत्र वाचन।
- (12–15 मार्च, 2018). बा–बापू की 150 वीं जयंती निमित्त राष्ट्रीय समन्वय समिति बैठक सह कार्यशाला में सहभागिता।

शुक्ला, अवंतिका

- (21 अगस्त, 2017). भारतीय स्त्री अध्ययन संघ, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सम्मलेन में सहभागिता।
- (6–7 सितंबर, 2017). एस.एन.डी.टी. विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला में सहभागिता।
- (4–5 अक्टूबर, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं आई.सी.सी.आर., नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'आजादी के आंदोलन में स्त्रियाँ' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में सह–संयोजन तथा 'विभाजन की त्रासदी और महिलाएँ' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत।
- (11 नवंबर, 2018). अमरावती विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा आयोजित कार्यशाला में व्याख्यान।
- (21 नवंबर, 2017). सावित्रीबाई फुले स्त्री अध्ययन केंद्र, पुणे विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा आयोजित महाराष्ट्र स्त्री अध्ययन केंद्र के सम्मलेन में वक्तव्य।
- (13 दिसंबर, 2017). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'महाभारत–विमर्श' पर आयोजित संवाद में 'महाभारत की स्त्री कथा' विषयक सत्र में वक्तव्य।
- (6 जनवरी, 2018). डिबेटिंग सोसायटी, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'वर्तमान शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों के हित में है', विषय पर आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता का संयोजन।
- (6 जनवरी, 2018). डिबेटिंग सोसायटी, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संयोजन।
- (16 जनवरी, 2018). फिल्म एवं नाट्य कला विभाग, म.गां.अं.हिं.वि.वि., वर्धा एवं आई.एस.टी.आर. द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'कथक में स्त्री प्रतिरोधी स्वर' पर प्रपत्र वाचन एवं एक सत्र की अध्यक्षता।
- (19 जनवरी, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'मानवाधिकार' विषय पर आयोजित कार्यशाला का संयोजन।
- (15 फरवरी, 2018). सावित्रीबाई फुले स्त्री अध्ययन केंद्र, पुणे विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा सेंट मीरा कॉलेज, पुणे में आयोजित संवाद सत्र में 'कत्थक की परंपरा घराने और स्त्री प्रश्न' पर विशेष व्याख्यान
- (8 मार्च, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का संयोजन।

जायसवाल, शरद

- (28 सितंबर, 2017). डिबेटिंग सोसाइटी, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'भारत की ज्ञान परंपरा' विषय पर आयोजित संभाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में दायित्व का निर्वहन किया।
- (4–5 अक्टूबर, 2017). गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली व स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हि.वि, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'कस्तूरबा के नाम : आज़ादी का आंदोलन एवं महिलाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में संयोजक और समानांतर सत्र में 'अहिंसक आंदोलन की स्त्रियाँ' विषयक आलेख प्रस्तुत।
- (17 जनवरी, 2018). स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'मानवाधिकार पर आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम' के सह–संयोजक और 'महिला एवं बच्चों के मानवाधिकारों' पर व्याख्यान।

प्रकाशन

गुप्त, शंभु

- (2017). 'डिबिया में धूप : (उदय प्रकाश एक अध्ययन)' नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन।
- (सितंबर, 2017). 'राष्ट्रीय एकता : स्त्री की भूमिका', वागर्थ, 62–67, कोलकाता : भारतीय भाषा परिषद।
- (अक्टूबर, 2017). 'एक सामूहिक कर्म जैसी लाक्षणकर्ताओं से लैस रचना–प्रक्रिया', पहल, 109, जबलपुर।
- (अक्टूबर–दिसंबर, 2017). 'महिला सरपंच : संप्रभुता का सवाल', स्त्री काल, 56–61, नई दिल्ली।
- (31 दिसंबर, 2017). 'सिकुड़ता लेखक–पाठक संबंध', जनसत्ता, नई दिल्ली।
- (दिसंबर, 2017). 'आज की कहानी की खूबी विविधता है', वागर्थ, 42–46, कोलकाता : भारतीय भाषा परिषद।
- (दिसंबर, 2017). 'लोक संस्कृति का पुनर्गठन', मड़ई,

पाठक, सुप्रिया

- (2017). 'रंगमंच एवं स्त्री', नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
- (2018). 'धर्म और जेंडर' (सह संपादन), नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।

शुक्ला, अवन्तिका

- (2017). 'स्वायत्त महिला आंदोलन' पर इकाई लेखन, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
- (9 मार्च, 2018). 'मैं कत्थक नहीं, तहजीब को नाचती हूँ' (कत्थक नृत्यांगना रानी खानम से साक्षात्कार), हिंदीसमयडॉटकॉम, वर्धा : म.गां.अं. हिं.वि.।

जायसवाल, शरद

- (1 अगस्त, 2017). 'ज़िंदाबाद–मुर्दाबाद के बीच फँसी देशभक्ति', हस्तक्षेप.कॉम http://www-hastakshep-com/hindiopinion/burhanpur-subhash-koli-14844
- (सितंबर, 2017). 'जिंदाबाद–मुर्दाबाद के बीच फँसी देशभक्ति और मीडिया', जन मीडिया, 66, 4–9, नई दिल्ली।
- (दिसंबर, 2017). 'भोजपुर की सांप्रदायिक हिंसा और वेब मीडिया', जन मीडिया, 69, 20–24, नई दिल्ली।
- (26 फरवरी, 2018). 'कासगंज : आज़ादी के बाद लगा यह 'धब्बा' मुसलमानों के जेहन में टटोलिये...!', www.mediavigil.com, http://www.mediavigil.com/investigation/kasganj-a-month-after-riots-and-violence/
- (मार्च, 2018). 'पेशेवर महिलाएँ : बदलती पीढ़ी की अभिव्यक्ति', युवा संवाद, 180, 45–46, नई दिल्ली।

उपलब्धियाँ

- 'धर्म एवं जेंडर : धर्म संस्था के जरिए जेंडरगत मानस का निर्माण' (सं.: इलीना सेन, जेबा इमाम), नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
- दूरदर्शन द्वारा विभागीय गतिविधियों पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण।

3.3 डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो–कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो–कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र के उद्देश्य निम्न हैं : 1.दलित एवं आदिवासी अध्ययन की सैद्धांतिकी का विकास, 2. दलित एवं आदिवासी अध्ययन के स्वरूप, क्षेत्र एवं आयामों को परिभाषित एवं विकसित करना, 3. दलित एवं आदिवासी अध्ययन की प्रासंगिकता, 4. दलित एवं आदिवासी विकास के मुद्दों की समझ पैदा करना, 5. दलित एवं आदिवासियों के अधिकार एवं संरक्षण के लिए नीतियों को बनाना, 6. दलित एवं आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए अंबेडकर की विचारधारा की समझ विकसित करना और उनके ऊपर होने वाले सभी प्रकार के अत्याचारों एवं हिंसा के विरोध में स्वर को मुखर करना, 7. भारतीय दलित एवं अमेरिकन अश्वेत समुदायों के साथ अन्य देशों के वंचित समूहों का तुलनात्मक अध्ययन करना और भारतीय आदिवासी समाज तथा अन्य देशों के आदिवासी समाज के साझे मुद्दों के प्रति समझ पैदा करना साथ ही उनके सशक्तिकरण के लिए विभिन्न देशों की सरकारों और उन देशों में निवास कर रहे दूसरे समुदायों के बीच संवेदनशीलता पैदा करना।

पाठ्यक्रम : • दलित एवं जनजाति अध्ययन में एम.ए., एम.फिल. और पीएच.डी. • दलित विचार में पी.जी. डिप्लोमा।

गतिविधियाँ

- (11 अप्रैल, 2017). ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन।
- (06 दिसंबर, 2017). 'डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस' पर कार्यक्रम।

विशेष व्याख्यान

- डॉ. जी. व्ही. रत्नाकर (हैदराबाद) : 'हिंदी साहित्य में दलित साहित्य', 07 अप्रैल, 2017
- प्रो. विष्णु सरवाडे (मुंबई) : 'आंबेडकर एवं दलित साहित्य', 01 अगस्त, 2017
- प्रो. प्रदीप आगलावे (नागपुर) : 'जाति निर्मूलन पर अंबेडकर के विचार एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य', 30 अगस्त, 2017

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
एल.कारूण्यकरा	निदेशक / प्रोफेसर	23.04.2008	पीएच.डी. इतिहास	अंबेडकर और दलाई लामा के बौद्ध धर्म के योगदान का आधुनिकीकरण	दलित अध्ययन
राकेश सिंह फकलियाल	सहायक प्रोफेसर	08.05.2017	पीएच.डी. इतिहास	गांधी एवं अंबेडकर के सामाजिक विचार : एक तुलनात्मक अध्ययन	इतिहास, आदिवासी अध्ययन
किरण कुंभरे	सहायक प्रोफेसर*	29.08.2016	पीएच.डी.	गोंड आदिवासी समुदाय का सांस्कृतिक जीवन और सामाजिक परिवर्तन (विशेष संदर्भ: आर्वी तहसील वर्धा के गोंड आदिवासी समुदय	आदिवासी अध्ययन

(* अस्थाई)

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

फकलियाल, राकेश सिंह

- (09 अगस्त, 2017). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारत छोड़ो आंदोलन एवं राष्ट्रीय एकता' पर व्याख्यान।
- (17 दिसंबर, 2017). शिक्षा संस्कृति उत्थान एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता।

कुंभरे, किरण

- (09 अगस्त, 2017). गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागीता।
- (17 दिसंबर, 2017). शिक्षा संस्कृति उत्थान एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता।

प्रकाशन

फकलियाल, राकेश सिंह

- (2017). 'उत्तराखंड हिमालय क्षेत्र में पर्यावरणीय समस्या का स्वरूप', इनवायरोमेंट प्रोबलेम्स इन दि हिमालया रिजन काउजेस, इम्पैक्ट एंड सॉल्यूशन, 138–146, हल्द्वानी : अंकित प्रकाशन।

3.4 डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र

- (22 नवंबर, 2017). राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. वीएसपी (भारत सरकार) के कोलकाता कार्यालय में 'हिंदी के विकास में बांग्लाभाषियों का योगदान' विषय पर आमंत्रित व्याख्यान।
- (07 दिसंबर, 2017). साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली और म.गां.अं.हिं.वि. द्वारा वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'बांग्ला साहित्य की सांस्कृतिक संवेदना पर आलेख पाठ।
- (11 फरवरी, 2018). इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा आयोजित संस्कृति संवाद श्रृंखला 07 के संयोजक।
- (12 फरवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि. के कोलकाता केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पत्रकारिता और साहित्य के अंतर्संबंध' पर प्रास्ताविक वक्तव्य।
- (20 फरवरी, 2018). बीएचयू, वाराणसी में बीएचयू व अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'नवजागरण और शिवपूजन सहाय की पत्रकारिता' विषय पर आलेख पाठ।
- (27 मार्च, 2018). बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर वि.वि., लखनऊ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'बांग्ला साहित्य में भारत बोध' विषय पर आलेख पाठ।

कुमार, सुनील

- (12 अप्रैल, 2017). डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति, रायपुर द्वारा आयोजित 'बौद्ध महिला सम्मेलन' में 'बाबासाहेब के नाम को या उनके विचारों को आगे बढ़ाना चाहिए' विषय पर व्याख्यान।
- (13 अप्रैल, 2017). डॉ. अंबेडकर शिक्षा मित्र सोसायटी एवं यूथ फॉर अंबेडकरिज्म, भिलाई, दुर्ग द्वारा आयोजित 'युवाओं के बौद्धिक सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में 'आज का समय, युवा वर्ग और बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर की वैचारिकी' विषय पर व्याख्यान।
- (14 अप्रैल, 2017). भारतीय बौद्ध महासभा, भिलाई, दुर्ग द्वारा आयोजित 'डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती समारोह' में मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान।
- (16 अप्रैल, 2017). डॉ. बी.आर. अंबेडकर मिशन सोसायटी, गढ़शंकर, पंजाब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर 'दि नीड ऑफ दि फिलॉस्फी ऑफ डॉ. बी.आर. अंबेडकर' विषय पर व्याख्यान।
- (17 अप्रैल, 2017). डॉ. बी.आर. अंबेडकर मिशनरी वेलफेयर एसोसिएशन, मोहाली, पंजाब द्वारा आयोजित 'बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह' में व्याख्यान।
- (26 सितंबर, 2017). बिरसा, फुले, अंबेडकर कर्मचारी एसोसिएशन, चंडीगढ़, पंजाब द्वारा आयोजित 'प्रबोधन कार्यक्रम' में व्याख्यान।
- (26 नवंबर, 2017). डॉ. अंबेडकर युवा मंच, बिलासपुर द्वारा आयोजित 'संविधान दिवस समारोह' में 'भारतीय संविधान के विविध पहलुओं' पर व्याख्यान।
- (28 जनवरी, 2018). बहुजन समाज सेवा संगठन, अंबेडकर नगर, उ.प्र. द्वारा 'वर्तमान परिदृश्य में वंचित समाज : संघर्ष, चुनौतियाँ एवं समाधान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'वंचित समाज : संघर्ष एवं चुनौतियाँ' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत।
- (12 फरवरी, 2018). क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'साहित्य और पत्रकारिता का अंतर्संबंध' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का संयोजन एवं संचालन।

प्रकाशन

चौबे, कृपाशंकर

- (2017). 'विष्णुकांत शास्त्री का काव्यानुवाद', जीवन पथ पर चलते–चलते विष्णुकांत शास्त्री (सं.), 107–110
- (जुलाई, 2017). 'पत्रकारिता का दृष्टिपरक मुहावरा रचा राहुल देव ने', आंचलिक पत्रकार, 16–20, भोपाल।

• (जुलाई–दिसंबर, 2017). 'जंगलपुत्रों की मां', बहुवचन, 54–55, 135–142, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
• (अगस्त, 2017). 'दलित विमर्श की पृष्ठभूमि और मीडिया', रिसर्च क्रोनिकल, 60–73
• (सितंबर, 2017). 'गांधी की पत्रकारिता का दलित संदर्भ', जन मीडिया, 15–19, दिल्ली।
• (जुलाई–अक्टूबर, 2017). 'कहानी को बेहतर फलक देने के लिए कसक का होना', पुस्तक–वार्ता, 50–52, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
• (अक्टूबर, 2017). 'विश्वमित्र के सौ साल', जन मीडिया, 22–23, दिल्ली।
• (अक्टूबर, 2017). 'हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता के 150 वर्ष', अक्षर पर्व, 43–50, दिल्ली।
• (दिसंबर, 2017). 'शोध में संदर्भ का महत्त्व', जन मीडिया, 24–26, दिल्ली।
• (दिसंबर, 2017). डॉ. अंबेडकर, पत्रकारिता और बहुजन अवधारणा', युवा संवाद, 66–68, दिल्ली।
• (जनवरी, 2018). 'बांग्ला पत्रकारिता के दो सौ साल', नया ज्ञानोदय, 54–57, नई दिल्लीः भारतीय ज्ञानपीठ।
• (2018). 'विरल सारस्वत साधना' (सं.), नई दिल्ली : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र।

कुमार, सुनील

• (2017). 'भारतीय गाँव : गांधी बनाम बाबासाहेब अंबेडकर', बहुजन वैचारिकी और डॉ. अंबेडकर (सं.), कानपुर : विनय प्रकाशन।
• (अप्रैल–जून, 2017). 'वंचितों की कब्रगाह बनते भारतीय विश्वविद्यालय', बया, 36, 53–54, ग़ाज़ियाबाद : अंतिका प्रकाशन ।
• (सितंबर, 2017). 'कहाँ खड़ा है भारतीय लोकतंत्र', समाचार विस्फोट, 02, 01, नागपुर।
• (06 जनवरी, 2018). 'छात्रों–नौजवानों से उभरेगा नया नेतृत्व', राष्ट्रीय सहारा, 03, नोएडा।
• (जनवरी, 2018). 'किसका नया साल! कैसा नया साल!', अम्बेडकर इन इंडिया, 155, 04–05, कुशीनगर (उ.प्र.)।
• (मार्च, 2018). 'वे लोग', दलित दस्तक, 10, 35, नई दिल्ली।

दूर शिक्षा निदेशालय

म.गां.अं.हिं.वि. अधिनियम की धारा 5 उपबंध (ट) के अंतर्गत विश्वविद्यालय को प्रदत्त शक्तियों में बताया गया है कि 'दूर शिक्षा माध्यम से उन व्यक्तियों को, जिनके बारे में वह अवधारित करे, सुविधाएँ प्रदान करना।' इसी पृष्ठभूमि के आलोक में 15 जून, 2007 को दूर शिक्षा निदेशालय का उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एवं विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय में स्थापित यह निदेशालय हिंदी भाषा को आधार बनाकर प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुवाद आदि अनुशासनों में शिक्षण, मौलिक सोच एवं लेखन को प्रोत्साहित करने हेतु कटिबद्ध है। यह निदेशालय स्त्री अध्ययन, अहिंसा एवं शांति अध्ययन जैसे नवीनतम अनुशासनों को व्यापक समाज तक पहुँचाने के लिए प्रयासरत है, ताकि विश्व शांति एवं समता जैसे मूल्यों– को व्यावहारिक तौर पर सिद्ध किया जा सके।

हिंदी में मौलिक–वैकल्पिक सोच एवं शोध के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय का दूर शिक्षा निदेशालय यह प्रयास कर रहा है कि एक ओर दूर शिक्षा कार्यक्रम शोध/अनुसंधान द्वारा हिंदी एवं ज्ञान के अनुशासनों में मौलिक सृजन करें और दूसरी ओर हिंदी भाषा के माध्यम से रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रमों द्वारा समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। देश में उच्च शिक्षा के लगातार महँगे एवं आमजन की पहुँच से दूर होने के इस दौर में दूर शिक्षा की भूमिका निर्विवाद एवं महत्वपूर्ण है। अतः यह निदेशालय उन सभी व्यक्तियों के लिए शिक्षा प्राप्ति का एक बेहतर अवसर प्रदान करता है, जो किसी कारण से शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते हैं। इस सत्र में कुल 1613 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

पाठ्यक्रम :

• स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम : व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एमबीए), समाजकार्य में स्नातकोत्तर (एमएसडब्ल्यू), पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (एमजे), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर (एमलिब्.आईएससी), हिंदी में स्नातकोत्तर (एमएएचडी)।
• स्नातक पाठ्यक्रम : शिक्षा स्नातक (बीएड), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (बीलिब्.आईएससी), पत्रकारिता में स्नातक (बीजे)। • स्नातकोत्तर में डिप्लोमा पाठ्यक्रम : इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईएम एंड एफपी), पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीजेएमसी)।

प्राध्यापक विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
अरबिंद कुमार झा	प्रोफेसर*	17.09.2014	पीएच.डी. शिक्षा शास्त्र	ऐपिस्टीमॉलजीकल इम्पोर्ट ऑफ न्याय फिलॉसफी	ज्ञानमीमांसा और शिक्षणशास्त्र, गणित शिक्षण, गणित और विज्ञान का दर्शनशास्त्र
रवींद्र टी. बोरकर	क्षेत्रीय निदेशक / सह प्रोफेसर	30.01.2013	पीएच.डी. प्रबंधन	उद्योग व्यवसाय एवं शैक्षणिक संस्थानों का समन्वयः मानव संसाधन एवं विकास	प्रबंधन, व्यावसायिक शिक्षा, दूर शिक्षा
शंभू जोशी	सहायक प्रोफेसर	02.04.2007	पीएच.डी. अहिंसा एवं शांति अध्ययन	गांधी दृष्टि एवं श्रम समस्या	गांधी दृष्टि, अहिंसा और शांति अध्ययन
अमित राय	सहायक प्रोफेसर	02.04.2007	पीएच.डी. अहिंसा एवं शांति अध्ययन	राज्य और गैर सरकारी संगठनों के बीच अंतसंबंधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन	अहिंसा एवं शांति अध्ययन, शांति संघर्ष समाधान, मानव अधिकार, विकास अध्ययन एवं जनसंचार
अमरेंद्र कुमार शर्मा	सहायक प्रोफेसर	02.04.2007	पीएच.डी. हिंदी	भारतीय तुलनात्मक साहित्येतिहास : संदर्भ नवजागरण	तुलनात्मक साहित्य (साहित्य और सिनेमा)
संदीप मधुकर सपकाले	सहायक प्रोफेसर	02.04.2007	एम.फिल.	हिंदी एवं मराठी दलित आत्मकथाओं की सामाजिक पृष्ठभूमि	आत्मकथा, जीवनी, दलित साहित्य, हिंदी मराठी सामाजिक–सांस्कृतिक अध्ययन
शैलेश मरजी कदम	सहायक प्रोफेसर	22.05.2007	पीएच.डी. अनुवाद	दलित साहित्य में अनुवाद परंपराः मराठी से हिंदी में अनूदित दलित आत्मकथाओं के संदर्भ में।	अनुवाद विज्ञान, शोध प्रविधि, अंतरानुशासनिक अध्ययन, मराठी दलित साहित्य, हिंदी दलित आत्मकथा।

* On Lien (नोटः प्रो. अरबिंद कु. झा के उपरांत प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा निदेशक)

शोध परियोजनाएँ

- **डॉ. शंभू जोशी** : 'सामाजिक पूँजी और किसान आत्महत्या', भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वृहत शोध परियोजना प्रदत्त, राशि रु. 10,00,000 स्वीकृत।
- **डॉ. अमित राय** : 'भारत में सार्वजनिक प्रतिरोधों का बदलता स्वरूप', भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वृहत शोध परियोजना प्रदत्त, राशि रु. 10,00,000 स्वीकृत।

गतिविधियाँ

- (02 नवंबर, 2017). अध्ययन केंद्र के समन्वयकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम।

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतीकरण

बोरकर, रविंद्र

- (03 जून, 2017). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'शिक्षा से जुड़े समसामयिक विषय' पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'कार्यालयीन व्यवस्थापन' विषयक पत्र प्रस्तुत।
- (28 अगस्त–03 सितंबर, 2017). इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में 'मुक्त एवं दूर शिक्षण में स्व–शिक्षण सामग्री के निर्माण / संशोधन में गुणवत्ता संबंधी मुद्दों' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता।
- (01 नवंबर, 2017). महेंद्र कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, नमक्कल, तमिलनाडु और अनुवाद आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'उद्योजक सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'उद्यमियों की दृष्टि एवं हितधारकों के मूल्य की सुरक्षा' विषयक पत्र प्रस्तुत।
- (18 दिसंबर, 2017). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'चरित्र–निर्माण एवं व्यक्तित्व–विकास' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता।
- (04–05 जनवरी, 2018). बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा 'बदलते परिप्रेक्ष्य में गुणवत्ता बढ़ाने में भारत में उच्च शिक्षा का योगदान' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी मे 'उद्योग–संस्थानों में समन्वय : नौकरी की योग्यता बढ़ाने हेतु संयुक्त प्रतिदर्श' विषयक पत्र प्रस्तुत।
- (22 जनवरी–19 फरवरी, 2018). मानव संसाधन विकास केंद्र, संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती द्वारा आयोजित ''41वें अभिविन्यास कार्यक्रम में 'उद्योग–संस्थानों में समन्वय' एवं 'शिक्षक कौशल' विषयक व्याख्यान।

जोशी, शंभू

- (27–29 अक्टूबर, 2017). गांधी इंटरनेशनल (फ्रांस) एवं गांधी विचार परिषद्, वर्धा द्वारा ''सेवाग्राम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेरेंस ऑन नॉन वायलेंस इकानॉमी एंड पीसफुल वर्ल्ड' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'शांतिपूर्ण सह अस्तित्व की तलाश : आंद्रेई सखारोव के संदर्भ में' विषयक पत्र वाचन।
- (5–7 फरवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'विनोबा दर्शन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'आचार्य विनोबा भावे की श्रम–दृष्टि' विषयक पत्र वाचन।
- (18 फरवरी, 2018). म.गां.अ.हिं.वि., वर्धा, मातृ सेवा संघ समाज कार्य संस्थान, नागपुर एवं समाज कार्य विद्यापीठ, सोपरी कॉलेज, इजराइल के संयुक्त तत्वावधान में 'कम्युनिटी ऑर्गेनाइजेशन : पर्सपेक्टिव्स फ्रॉम इंडिया एंड इजराइल' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'ए.डी.गोर्डन एवं महात्मा गांधी : शरीर श्रम सामुदायिक विकास के आधार के रूप में' विषयक पत्र वाचन।
- (24 मार्च, 2018). विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा 'बियॉण्ड बाउंड्रीज : गांधियन विजन इन द एज ऑफ ग्लोबलाइजेशन' विषय पर आयोजित अंतरानुशासनिक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अहिंसक समाज का माध्यम : रचनात्मक कार्यक्रम' विषयक पत्र वाचन।

राय, अमित

- (31–05 जून, 2017). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'शिक्षा से जुड़े समसामयिक प्रश्न' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'मानवाधिकार एवं शिक्षा' तथा 'फिल्म संवाद और शिक्षा' पर व्याख्यान।
- (04–05 अक्टूबर, 2017). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा एवं गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'कस्तूरबा के नाम : आजादी का आन्दोलन एवं महिलाएँ' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अहिंसक आंदोलनों में स्त्रियाँ' विषय पर व्याख्यान।
- (26 नवंबर–03 दिसंबर, 2017). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद में अंतरानुशासनिक विषय के रूप में ऐच्छिक प्रश्न पत्र के अध्यापन हेतु 'मानवाधिकार का दर्शन' विषय पर व्याख्यान।
- (11–13 दिसंबर, 2017). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, के विमर्श द्वारा 'महाभारत संवाद' विषय पर आयोजित संवाद में 'महाभारत में जाति' विषयक व्याख्यान।
- (01 जनवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में 'अंतरानुशासनिक अध्ययन प्रविधि' पर विशेष आमंत्रित व्याख्यान।
- (18 जनवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, के स्त्री अध्ययन विभाग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मानवाधिकार पर आधारभूत प्रशिक्षण कार्यशाला' में सहभागिता।
- (19–24 फरवरी, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग एवं जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज, जमशेदपुर कोल्हान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'शोध प्रविधि का आधार पाठ्यक्रम' पर विशेष आमंत्रित व्याख्यान।
- (19–24 मार्च, 2018). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन के विविध आयाम' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'मानवाधिकार एवं शिक्षा' विषय पर व्याख्यान।

सपकाले, संदीप मधुकर

- (11–13 जुलाई, 2017). म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'कस्तूरबा के नाम : आजादी का आंदोलन और महिलाएँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधी की प्रथम मराठी जीवनी और अवंतिकाबाई गोखले' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत।
- (19–20 जनवरी, 2018). अखिल भारतीय मराठी साहित्य मंडल एवं श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'त्रिलोचन की प्रयोगशीलता' विषयक की अध्यक्षता।
- (23 जनवरी, 2018). ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत 'नाटक एवं थिएटर पर मराठी संस्कृति का प्रभाव' विषय पर बीज व्याख्यान ।
- (19–24 फरवरी, 2018). जमशेदपुर महिला महाविद्यालय, जमशेदपुर, गांधी अध्ययन विभाग, कोल्हान विश्वविद्यालय तथा गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में 'अनुसंधान प्रविधि' विषय पर व्याख्यान।

कदम, शैलेश मरजी

- (03–04 जून, 2017). दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'शिक्षा से जुड़े समसामायिक विषय' पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'अनुवाद विधि एवं प्रक्रिया' तथा 'भाषा की अवधारणा' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत।
- (09 अगस्त, 2017). दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान' विषय पर आयोजित

राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता।

- (11 अक्टूबर, 2017). दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा आयोजित पर्यटन पर्व में निबंध प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में दायित्व का निर्वहन।
- (12 नवंबर, 2018). लातूर जिला हिंदी साहित्य परिषद, लातूर द्वारा 'हाशिए का समाज और हिंदी मराठी–साहित्य' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता।
- (15–17 जनवरी, 2018). इंडियन सोसायटी ऑफ थियेटर रिसर्च द्वारा आयोजित 14 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'विरोध प्रदर्शन में नवाचार : महाराष्ट्र के संदर्भ में' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत तथा 'परिवर्तन के लिए विरोध प्रदर्शन' सत्र में अध्यक्षीय वक्तव्य।
- (21 फरवरी, 2018). उत्तर महाराष्ट्र विद्यापीठ, जलगांव, भाषा अभ्यास प्रशाला एवं अनुसंधान केंद्र की ओर से आयोजित 'भाषा एवं साहित्य के अनुसंधानरत अध्यापकों के लिए कार्यशाला' में 'हायपोथेसिस' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत।
- (22 फरवरी, 2018). हिंदी विभाग, उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगांव द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में 'हिंदी मानक वर्तनी एवं मुद्रित शोधन' विषयक व्याख्यान प्रस्तुत।

प्रकाशन

बोरकर, रविंद्र

- (23 जून, 2017). 'ए रिव्यू ऑन पोटेशियम इन दि सॉइल एंड मेथड्स ऑफ डिटेक्शन', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इलेक्ट्रिकल एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, 2, 50–55, मैनटेक पब्लिकेशन।
- (नवंबर, 2017). 'उद्यमियों की दृष्टि एवं हितधारकों के मूल्य की सुरक्षा', एशियन जर्नल ऑफ मॅनेजमेंट साइंस एण्ड इकॉनॉमिक्स, 40, 54, नमक्कल : महेंद्र आर्ट एंड साइंस कॉलेज।

जोशी, शंभू

- (2017). 'किसान आत्महत्या और सामाजिक परिप्रेक्ष्य', मानव अधिकार : नई दिशाएँ', 14, 69–82, नई दिल्ली : राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग।
- (2017). 'सामाजिक समरसता : गांधीय परिप्रेक्ष्य', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट, 5, 401–404 (ऑनलाइन)।
- (2017). 'विनोबा के विचार : अध्यात्म और विज्ञान', पुस्तक–वार्ता, 70, 28–31, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
- (2018). अहिंसक श्रम दर्शन, बीकानेर : वाग्देवी प्रकाशन।

राय, अमित

- (दिसंबर, 2017). 'मिथकों के इतिहास लेखन में अस्मिता विमर्श', न्यूमेन इंटरनेशल जर्नल ऑफ मल्टीडिशिप्लिनरी स्टडीज, 12, 3, न्यूमेन पब्लिकेशन।
- (जनवरी, 2018). 'अंतरविषयी, बहुविषयी और पराविषयी अध्ययन का विश्लेषण', जनकृति, 33, 3, वर्धा।

शर्मा, अमरेंद्र कुमार

- (नवंबर, 2017). 'अनुपस्थित प्रश्नवाचक और मणिकौल का आषाढ़ का एक दिन', लोकमत समाचार (दीपावली विशेषांक), 237–248, नागपुर : लोकमत प्रा. लि.।
- (2018). 'उपन्यास का सिनेमा और अक्टूबर क्रांति : सौ रंग की जब खूबी, पाते हैं उसी गुल में', अनहद, 8, इलाहाबाद।
- (जनवरी–मार्च, 2018). 'कुंवरनारायण की कविता : पारिस्थितिकी का अंतःसाक्ष्य', बहुवचन, 56, 136–144, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।

सपकाले, संदीप मधुकर

- (नवंबर, 2017). 'महात्मा गांधी का जीवन चरित्र विशेष परिचय, 1918 (जीवनी लेखिका सौ.अवंतिकाबाई गोखले)', स्त्रीकाल, नई दिल्ली।
- (नवंबर, 2017). 'डॉ. अंबेडकर की पहली जीवनी का इतिहास और उसके अंश', स्त्रीकाल, नई दिल्ली।
- (दिसंबर, 2017). 'डॉ. अंबेडकर की जीवनी के संदर्भ', युवा संवाद, 177, 16–18, नई दिल्ली।
- (फरवरी, 2018). 'दलित स्त्री–लेखन का पहला दस्तावेज' मांग महारों का दुख (1855)– मुक्ता सालवे', स्त्रीकाल, नई दिल्ली।

लेबोरेटरी इन इनफॉर्मेटिक्स फॉर द लिबरल आर्ट्स 'लीला'

लेबोरेटरी इन इनफॉरमेटिक्स फॉर द लिबरल आर्ट्स (लीला) प्रयोगशाला सभी आई.टी. शिक्षण संबंधित लर्निंग, रिसर्च और विश्वविद्यालय के आई.टी. विस्तार से संबंधित गतिविधियों का संचालन करती है। यह विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी की सुविधाएं प्रदान करती है। लीला प्रयोगशाला द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लिए कार्यालय स्वचालन उपकरण के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट का रखरखाव एवं उसे अद्यतन रखना भी लीला की जिम्मेदारी है।

विश्वविद्यालय की सभी सूचना प्रौद्यागिकी से संबंधित गतिविधियों के लिए लीला की परिकल्पना एक केंद्रीय सुविधा/संस्थान के रूप में की गई है। पाठयक्रमों में सूचना प्रौद्योगिकी के घटकों को पूर्ण करना लीला के दायित्वों में से एक है। इसके तहत एक अनिवार्य कंप्यूटर पाठ्यक्रम 'मॉडर्न कंप्यूटर एप्लीकेशन्स' एम.ए. पाठ्यक्रमों के लिए चलाया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम एम.ए. के सभी पाठ्यक्रमों में एक अनिवार्य विषय के रूप में है। लीला द्वारा एम.फिल. एवं पीएच.डी. के शोधार्थियों के कोर्स–वर्क के लिए यू.जी.सी. द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्माण एवं संचालन किया जा रहा है।

पाठ्यक्रम : • एम.ए., बी.वोक., बी–एड., बी.एड.–एम.एड. (एकीकृत), एम.एड., एम.बी.ए., एम.एस.डब्ल्यू. पाठ्यक्रम : मॉडर्न कंप्यूटर एप्लिकेशन (अनिवार्य पाठ्यक्रम)। • एम.फिल. एवं पीएच.डी. पाठ्यक्रम : कंप्यूटर संचालन एवं अनुप्रयोग।

कर्मी विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	विशेषज्ञता
गिरीश चंद्र पांडेय	लेक्सिकॉन एसोसिएट	10.04.2001	एम.एस.सी.	कंप्यूटर विज्ञान
हेमलता गोडबोले	सॉफ्टवेयर एसोसिएट	01.10.2002	एम.सी.ए.	कंप्यूटर विज्ञान

उपलब्धियाँ

• विश्वविद्यालय के सभी विभागों एवं कार्यालयों में इंटरनेट की सुविधा तथा तकनीकी सहयोग।
• पुस्तकालय, वित्त विभाग, अकादमिक एवं दूर शिक्षा निदेशालय के सभी ऑनलाइन गतिविधियों के डाटा का संरक्षण।

प्रकाशन :
ई–पत्रिका 'निमित्त' (त्रैमासिक)

प्रकाशन विभाग

विश्वविद्यालय के प्राथमिक सरोकारों में से एक यह है कि पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या और पाठ्यसामग्री को एक नई शताब्दी की नई चुनौतियों और प्रश्नाकुलता के अनुरूप ताजातरीन करते हुए इस क्षेत्र में नए विकल्पों को खोजा, विकसित और विन्यस्त किया जाए। तभी यह विश्वविद्यालय अध्ययन–अध्यापन और अनुसंधान के क्षेत्रों में नई प्रविधि विकसित कर सकता है। इसके लिए विश्वविद्यालय देश और विदेश के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से विचार–विनिमय कर इस दिशा में प्रयत्न कर रहा है, क्योंकि हमारा लक्ष्य हिंदी साहित्य, भाषा और संस्कृति को उनकी समग्रता, जटिलता और बहुलता में आलोकित करते हुए नए प्रश्नों, चिंताओं और उत्सुकताओं से रूबरू होकर उनकी अपार क्षमता और संभावित दिशाओं को इंगित करना भी है। विश्वविद्यालय में एक प्रकाशन विभाग भी है, इस विभाग के अंतर्गत निम्न तीन पत्रिकाएँ प्रकाशित की जाती हैं– 1. पुस्तक–वार्ता, 2. बहुवचन और 3. एनल्स ऑफ हिंदी स्टडीज।

कर्मी

1. राजेश कुमार यादव, एम.ए.
2. अशोक मिश्र, एम.ए.
3. राकेश श्रीमाल, एम.ए.
4. अमित कुमार विश्वास, पीएच.डी.
5. राजेश आगरकर, एम.ए.

वर्ष 2017–18 में प्रकाशित पत्रिकाएँ

(अ) पुस्तक–वार्ता (द्विमासिक)

संपादक – विमल झा
अंक 67 (नवंबर–दिसंबर, 2016)
अंक 68–69 (जनवरी–अप्रैल, 2017)
अंक 70 (मई–जून, 2017)
अंक 71–72 (जुलाई–अक्टूबर, 2017)

(ब) बहुवचन (त्रैमासिक)

संपादक – अशोक मिश्र
सहायक संपादक : डॉ. अमित कु. विश्वास
अंक 53 (अप्रैल–जून, 2017)
अंक 54–55 (जुलाई–दिसंबर, 2017)
अंक 56 (जनवरी–मार्च, 2018)

गतिविधियाँ

- राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली द्वारा 06 से 14 जनवरी, 2018 तक आयोजित विश्व 'पुस्तक मेला' में भागीदारी।
- वर्ष 2018 के डायरी, वॉल कैलेंडर एवं विवरणिका का प्रकाशन।
- 'हिंदी विश्व' द्विमासिक पत्रिका अंक–6 (30 जून, 2017) तथा अंक–7 (8 जनवरी, 2018) का प्रकाशन।

अद्यतन प्रकाशित कृतियाँ

- 'एक सुबह की शाम' (सं. अजीत दलाल), महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
- 'प्रवासी भारतीयों में हिंदी की कहानी' (सं. डॉ. सुरेंद्र गंभीर), महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली।
- 'विनोबा संचयिता' (सं. नंदकिशोर आचार्य), महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा।
- 'नंददुलारे वाजपेयी संचयिता' (सं. प्रो. शिवकुमार मिश्र), महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा।

प्रकाशनाधीन

- 'भोजपुरी–हिंदी–अंग्रेजी शब्दकोश' (प्रधान संपादक : अरुणेश नीरन, संपादक : अर्जुन तिवारी, सह–संपादक : सूर्यदेव पाठक 'पराग', प्रकाश उदय, धनजी प्रसाद)
- 'लघु विनिबंध' (मोनोग्राफ) श्रृंखला
  क. चंद्रकांता संतति : सं. वागीश शुक्ल
  ख. व्याकरण में स्त्री : सं. वागीश शुक्ल
  ग. फारसी और भारतीय छंदविधान : सं. बलराम शुक्ल
- 'वर्धा हिंदी शब्दकोश' का परिमार्जित संस्करण

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार हेतु सजग, सतत् एवं उत्प्रेरक पद्धति का विकास करने, गुणवत्ता संस्कृति के आत्मसातीकरण को बढ़ावा देने एवं नवाचारों के संस्थानीकरण द्वारा विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में गुणवत्ता वृद्धि के उपायों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ 2 अप्रैल, 2014 से संचालित है।

आई.क्यू.ए.सी. का स्वरुप

1.	कुलपति	–	अध्यक्ष
2.	प्रतिकुलपति	–	सदस्य
3.	प्रो. मनोज कुमार, महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र	–	सदस्य
4.	प्रो. एल. कारूण्यकारा, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र	–	सदस्य
5.	प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग	–	सदस्य
6.	प्रो. अनिल कुमार राय, जनसंचार विभाग	–	सदस्य
7.	प्रो. अरबिंद कुमार झा, शिक्षा विभाग	–	सदस्य
8.	डॉ. मैत्रेयी घोष, पुस्तकालयाध्यक्ष	–	सदस्य
9.	डॉ. अन्नपूर्णा सी, अनुवाद अध्ययन विभाग	–	सदस्य
10.	डॉ. अनिल कुमार पांडेय, भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग	–	सदस्य
11.	डॉ. रामानुज अस्थाना, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग	–	सदस्य
12.	डॉ. राजीव रंजन राय, प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग	–	सदस्य
13.	कुलसचिव	–	सदस्य
14.	श्री क़ादर नावाज़ ख़ान, संयुक्त कुलसचिव	–	सदस्य
15.	प्रो. आनंद प्रकाश, मनोविज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय	–	सदस्य
16.	डॉ. प्रफुल्ल काले, निदेशक, एमगिरी, वर्धा	–	सदस्य
17.	डॉ. अशोक पावडे, प्राचार्य, लॉ कॉलेज, यशवंत महाविद्यालय, वर्धा	–	सदस्य
18.	श्री भरत महोदय, (पूर्व विद्यार्थी) गांधी विचार परिषद	–	सदस्य
19.	श्री शावेज़ ख़ान, अनुवाद अध्ययन विभाग, विद्यार्थी	–	सदस्य
20.	डॉ. शोभा पालीवाल, अकादमिक संयोजक	–	समन्वयक

गतिविधियाँ

- (15 सितंबर, 2017). नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- (01 नवंबर, 2017). विश्वविद्यालय की एनुअल क्वालिटी एस्युरेंस रिपोर्ट (एक्यूएआर 2016–17) राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, नैक, बैंगलोर को प्रेषित की गई।
- (20 दिसंबर, 2017). आई.क्यू.ए.सी. की 9वीं बैठक का आयोजन।

स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय

दृष्टि – हमारी धरोहर : हमारा आज, हमारा कल।

उद्देश्य–

1. विश्वभर में फैली हिंदी की साहित्यिक धरोहर को संगृहीत कर अध्ययन एवं शोध हेतु सुलभ बनाना।
2. हिंदी की साहित्यिक धरोहर के माध्यम से ज्ञान–परंपरा का विकास करना तथा उसे समृद्ध बनाना।
3. विलुप्ति के कगार पर पहुँचे साहित्य के संरक्षण की व्यवस्था करना और उसके प्रकाशन की योजना पर कार्य करना।
4. लेखकों की स्मृति से जुड़ी साहित्येतर वस्तुओं को सहेजकर रखना।
5. हिंदी साहित्यिक धरोहर को विश्व संस्कृति के निर्माण का अनिवार्य अंग बनाना।

लेखकों के पत्र –

संग्रहालय को हिंदी के अन्य लेखकों के पत्र पुनः प्राप्त हुए, जिनमें अज्ञेय, कृष्ण बिहारी मिश्र, केदारनाथ अग्रवाल, नंदकिशोर त्रिखा, धर्मवीर भारती, शिवप्रसाद सिंह, गोविंद चंद्र पांडेय, ध्रुव शुक्ल, भगवतीशरण सिंह, कपिला वात्स्यायन, श्री नारायण चतुर्वेदी, मनोहरश्याम जोशी, मार्कण्डेय, रामदरश मिश्र, शंकरदयाल सिंह, गगन गिल, से.रा. यात्री, गिरिराज किशोर, निर्मल वर्मा, अशोक वाजपेयी, रमेशचंद्र शाह, रामकुमार वर्मा, राममनोहर लोहिया, रामेश्वर शुक्ल 'अंचल', सुन्दरलाल बहुगुणा, सूर्यबाला, केदारनाथ सिंह, मूलचंद्र शर्मा, गिरिराज किशोर, मॉरिशस की सुचिता रामदीन व अन्य विदेशी साहित्य प्रेमी प्रमुख हैं। इन पत्रों में तत्कालीन साहित्य में हो रही गतिविधियों व सामाजिक,

राजनैतिक, साहित्यिक और वैयक्तिक उथल–पुथल की झाँकी मिलती है।

अकादमिक गतिविधियाँ –

- विद्यानिवास मिश्र को संबोधित साहित्यकारों, मित्रों, राजनेताओं व अन्य से प्राप्त पत्रों को प्रकाशन हेतु पांडुलिपि तैयार की जा रही है।
- चिट्ठियों की दुनियाँ के दूसरे खंड के प्रकाशन हेतु संचयन–संपादन कार्य चल रहा है।

संरक्षण हेतु किये जा रहे प्रयास –

- संग्रहालय की सामग्री को विद्यार्थियों व हिंदी प्रेमियों हेतु सामग्री को इंटरनेट पर उपलब्ध कराने के लिए डिजिटलाइज्ड करने का प्रयास किया जा रहा है।
- संग्रहालय स्तर पर सामग्री को सुरक्षित रखने हेतु स्कैनिंग का कार्य चल रहा है।

मंगलवार पोस्ट –

संग्रहालय द्वारा 'मंगलवार पोस्ट' के नाम से एक साप्ताहिक ई–बुलेटिन का प्रकाशन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संग्रहालय में उपलब्ध संदर्भ सामग्री की जानकारी प्रदान करना है। इनमें पांडुलिपियों से चुनी हुई सामग्री, पत्रिकाओं में छपी टिप्पणियाँ, छायाचित्र, पत्रों आदि का चयन किया जाता है।

भावी योजनाएँ –

- संग्रहालय–विज्ञान पर पाठ्यक्रम का संचालन
- संग्रहालय में उपलब्ध सामग्री पर शोध
- संगृहीत सामग्री को इंटरनेट पर सुलभ बनाना
- महत्वपूर्ण पांडुलिपियों का प्रकाशन
- सामग्री का चल प्रदर्शन
- संकलन का संवर्धन
- अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन
- राष्ट्रीय कार्यशाला एवं संगोष्ठी
- राष्ट्रीय तथा विदेशी विशेषज्ञों को संग्रहालय के संवर्धन हेतु निमंत्रित करना
- दुर्लभ ग्रंथों का पुनर्प्रकाशन

कार्यरत कर्मी –

1. डॉ. श्रीरमण मिश्र, व्याकरण अनुषंगी
2. राम बरन, निम्न श्रेणी लिपिक (आउटसोर्सिंग)

राजभाषा विभाग

राजभाषा संबंधी संवैधानिक और कानूनी उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने और संघ के सरकारी काम–काज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में राजभाषा विभाग की स्थापना की गई। विभाग विश्वविद्यालय के काम–काज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में भारत सरकार की राजभाषा नीति को पूरी तरह से लागू किया गया है। विश्वविद्यालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का पूर्ण रूप से पालन किया जाता है। जिसके तहत सामान्य आदेश, ज्ञापन, संकल्प, अधिसूचनाएँ, नियम, करार, संविदा, टेंडर नोटिस, संसदीय प्रश्न आदि द्विभाषी रूप में जारी किए जाते हैं। राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(4) और धारा 8 में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजभाषा विभाग द्वारा बनाए गए सभी नियमों का पालन करने के पूर्ण प्रयास किए जाते हैं।

गतिविधियाँ :

- (10–24 सितंबर, 2017). विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। हिंदी दिवस के परिप्रेक्ष्य में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया – 1. कविता पाठ/गीत गायन, 2. हिंदी टंकण, 3. वाद–विवाद, 4. हिंदी निबंध, 5. हिंदी सुलेख, 6. हिंदी निबंध (विश्वविद्यालय के विद्यार्थी)। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा 25 सितंबर, 2016 को सहभागी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय

महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय का लक्ष्य है– विश्वविद्यालय परिसर में शोध, शिक्षा एवं जीवन पर्यंत शिक्षा का उच्चतम स्तर बनाना। यह पुस्तकालय पुस्तक संस्कृति का स्वस्थ वातावरण देने के लिए सदैव तप्तर है, ताकि शिक्षा मनोरंजक तरीके से शिक्षार्थी को मिल सके। पुस्तकालय का प्रयास है कि सदैव अपनी बृहद एवं बहुविध उच्चस्तरीय ज्ञान–सामग्री द्वारा प्रयोक्ताओं को उनके जीवन में आगे बढ़ने, प्रगतिशील होने एवं ज्ञान–जिज्ञासु बनने में सहायक हो सके।

गतिविधियाँ

- (09–14 अप्रैल, 2017). महापंडित राहुल सांकृत्यायन जयंती के अवसर पर उनके द्वारा रचित तथा उनपर लिखी पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की गई।
- (22–24 अगस्त, 2017). नवीन विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन।
- (31 अक्टूबर, 2017). लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर उनके द्वारा रचित तथा उनपर लिखी हुई पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई।

पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तक एवं पत्रिकाओं का विवरण

टेक्स्ट बुक की कुल संख्या : 1,19,341
संदर्भ बुक की कुल संख्या : 3856

.....

कुल पुस्तकों की संख्या : 123197
मैग्जीन तथा जर्नल : 105
कुल शोध प्रबंध : 191
कुल लघु शोध प्रबंध : 1819

पुस्तकालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएँ :

ओपेन एक्सेस सिस्टम सेवा : पुस्तकालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक उपयोक्ताओं को उनकी वांछित पुस्तक तक पहुँच हेतु 'ओपेन एक्सेस सिस्टम सेवा' की सुविधा दी गई है।
ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग सेवा : पुस्तकालय उपयोक्ताओं को वांछित सूचना एवं पुस्तकों की ऑनलाइन खोज हेतु ओपैक सेवा प्रदान की जाती है।
कंप्यूटर लैब सेवा : शोध में संलग्न विश्वविद्यालय के शोधार्थियों को कंप्यूटर लैब सेवा प्रदान की जाती है।

केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध संग्रह :

1. प्रो. राम कुमार वर्मा की पुस्तकों का संग्रह
2. प्रो. विजेंद्र नारायण सिंह की पुस्तकों का संग्रह
3. प्रो. रमेश कुंतल मेघ की पुस्तकों का संग्रह
4. सत्यवती मलिक संग्रह
5. गजानन माधव मुक्तिबोध की पुस्तकों का संग्रह
6. कर्मेंदु शिशिर संग्रह
7. महापंडित राहुल सांकृत्यायन की पुस्तकों का संग्रह
8. महात्मा गांधी की पुस्तकों का संग्रह

खेल समिति

विश्वविद्यालय की वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता 26 जनवरी 2018 से प्रारंभ हुई जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं शोधार्थियों अध्यापकों एवं कर्मचारियों से उत्साह से हिस्सेदारी की। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं समापन कुलपति महोदय द्वारा किया गया तथा विश्वविद्यालय के सभी सांविधिक अधिकारी, संकायाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतियोगिता प्रारंभ होने पर मार्च पास्ट की सलामी ली जिसे विभिन्न संकायों के खिलाड़ियों ने प्रस्तुत किया। खेल समिति के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए अलग–अलग कमेटियॉ बनाई गई। खेल समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्नवत हैं–

खेल का नाम	स्थान	खिलाड़ी का नाम	विभाग
400 मीटर दौड़ (छात्र)	प्रथम	पुष्पेंद्र कुमार	साहित्य विद्यापीठ
	द्वितीय	अतुल कांबले	
	तृतीय	महिपाल त्रिपाठी	साहित्य विद्यापीठ
400 मीटर दौड़ (छात्रा)	प्रथम	अक्षता माटे	
	द्वितीय	साक्षी यादव	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	संध्या	शिक्षा विद्यापीठ
200 मीटर दौड़ (छात्र)	प्रथम	बब्लु हांसदा	बौद्ध अध्ययन
	द्वितीय	अक्षय कुमार	भाषा विद्यापीठ
	तृतीय	अतुल कांबले	
200 मीटर दौड़ (छात्रा)	प्रथम	अक्षता माटे	
	द्वितीय	साक्षी यादव	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	नेहा बलवीर	प्रबंधन विभाग
100 मीटर दौड़ (छात्र)	प्रथम	बब्लु हांसदा	संस्कृति विद्यापीठ
	द्वितीय	अक्षय कुमार	भाषा विद्यापीठ
	तृतीय	दया शंकर मिश्र	शिक्षा विद्यापीठ
100 मीटर दौड़ (छात्रा)	प्रथम	मोनिका मर्सकोले	साहित्य विद्यापीठ
	द्वितीय	साक्षी यादव	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	नेहा बलवीर	प्रबंधन विद्यापीठ
चक्का फेंक (छात्र)	प्रथम	मनीष मिश्र	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	शशिभूषण त्रिपाठी	
	तृतीय	आशीष कुमार	गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग
चक्का फेंक (छात्रा)	प्रथम	मनीषा विस्ट	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	श्यामा कुमारी	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	रिना राय	शिक्षा विद्यापीठ
गोला फेंक (छात्र)	प्रथम	सुरेन्द्र विके	साहित्य विद्यापीठ
	द्वितीय	मनीष मिश्र	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	चेतन शंकर सावरकर	साहित्य विद्यापीठ
गोला फेंक (छात्रा)	प्रथम	लक्ष्मी घले	प्रबंधन विभाग
	द्वितीय	श्याम कुमारी	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	रिना सिंह	शिक्षा विद्यापीठ
भाला फेंक (छात्र)	प्रथम	मनीष मिश्र	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	प्रिन्स कुमार	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	आलोक कुमार शुक्ला	साहित्य विद्यापीठ
भाला फेंक (छात्रा)	प्रथम	श्यामा कुमारी	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	रिना सिंह	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	वंदना	शिक्षा विद्यापीठ
लंबी कूद (छात्र)	प्रथम	पुष्पे न्द्रो कुमार	साहित्य विद्यापीठ
	द्वितीय	अनुप सिंह यादव	भाषा विद्यापीठ
	तृतीय	आलोक कुमार मिश्र	भाषा विद्यापीठ
लंबी कूद (छात्रा)	प्रथम	नेहा बलवीदर	प्रबंधन विभाग
	द्वितीय	अंकिता नागोराव चौधरी	फिल्म अध्ययन
	तृतीय	नीनू सोनकर	शिक्षा विद्यापीठ

ऊँची कूद (छात्र)	प्रथम	सुरेंद्र उईके	साहित्य विद्यापीठ
	द्वितीय	अतुल खेस	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	नागेन्द्र कुमार	
ऊँची कुद (छात्रा)	प्रथम	नेहा बलवीर	प्रबंधन विभाग
	द्वितीय	आर आशा	साहित्य विद्यापीठ
	तृतीय	शालिनी झा	शिक्षा विद्यापीठ
योग (छात्र)	प्रथम	संजय रमेश देशमुख	गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग
	द्वितीय	अमित कुमार	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	सुख राम	शिक्षा विद्यापीठ
	चतुर्थ	आनंद साहु	शिक्षा विद्यापीठ
योग (छात्रा)	प्रथम	कांचन डॉफ	मनोविज्ञान विभाग
	द्वितीय	आर.आशा	हिन्दी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग
	तृतीय	शिल्पाय येनगटवार	मनोविज्ञान विभाग
टेबल टेनिस (छात्रा)	प्रथम	नेहा बलवीर	प्रबंधन विभाग
	द्वितीय	नोमिका	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	रत्नाा	शिक्षा विद्यापीठ
टेबल टेनिस (छात्र)	प्रथम	दीपक कुमार सिंह	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	मनीषकांत मयंक	प्रबंधन विभाग
	तृतीय	प्रिंस कुमार	शिक्षा विद्यापीठ
बैडमिंटन (छात्रा)	प्रथम	लक्ष्मीक घले	डिप्लोमा
	द्वितीय	श्यातमा तिवारी	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	नेहा बलवीर	प्रबंधन विद्यापीठ
बैडमिंटन (छात्र)	प्रथम	दीपक	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	इम्तियाज अंसारी	उर्दू डिप्लोसमा
	तृतीय	सूरज सिंह	प्रबंधन विद्यापीठ
शतरंज (छात्रा)	प्रथम	सुश्री रीना राय	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	सुश्री वर्तिका सिंह	शिक्षा विद्यापीठ
	तृतीय	सुश्री नेहा बलवीर	शिक्षा विद्यापीठ
शतरंज (छात्र)	प्रथम	श्री श्याम प्रकाश	संस्कृति विद्यापीठ
	द्वितीय	श्री अरुण पांडेय	भाषा विद्यापीठ
	तृतीय	श्री शिव गोपाल	संस्कृति विद्यापीठ
दिव्यांग खिलाड़ी	स्थान	खिलाडी का नाम	विभाग
बैडमिंटन	प्रथम	जितेन्द्र कुमार पाठक	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	राम वचन यादव	शिक्षा विद्यापीठ
टेबल टेनिस	प्रथम	मुंशी	शिक्षा विद्यापीठ
	द्वितीय	निखिल चिकाटे	साहित्यक विद्यापीठ
क्रिकेट (छात्रा)	विजेता	शिक्षा विद्यापीठ	चंचल
	उपविजेता	प्रबंधन विद्यापीठ	नेहा बलवीर
क्रिकेट (छात्र)	विजेता	शिक्षा विद्यापीठ	मनीष मिश्र
	उपविजेता	दुष्यंत एकादश टीम	बृजेश कुमार
	मैन ऑफ सीरीज़	राकेश सिंह	समाज कार्य
	मैन ऑफ द मैच	आशीष	शिक्षा विद्यापीठ
	बेस्टा अंपायर	आशीष कुमार	गांधी एवं शांति अध्ययन

वॉलीबॉल (छात्रा)	विजेता	प्रबंधन विभाग	लक्ष्मीन घले
	उपविजेता	शिक्षा विभाग	बबिता
वॉलीबॉल (छात्र)	विजेता	टाईटैनिक टाइटन्स	केते उत्तम
	उपविजेता	शिक्षाशास्त्र (E-Elite)	प्रिंस कुमार
फुटबॉल (छात्रा)	विजेता	शिक्षा विद्यापीठ	चंचल
	उपविजेता	प्रबंधन विद्यापीठ	नेहा बलवीर
फुटबॉल (छात्र)	विजेता	शिक्षा एकादश	मनीष मिश्र
	उपविजेता	भाषा एकादश	जयप्रकाश गुप्ता
शतरंज (एमेच्योर)	प्रथम	डॉ. अमित राय	सहायक प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय
	द्वितीय	श्री विवेकानंद राय	डायस्पोरा एवं प्रवासन विभाग
	तृतीय	श्री गीतेश बंसोड	केंद्रीय पुस्तकालय
क्रिकेट एमेच्योर	विजेता	सुरक्षा एकादश	नीलेश श्रीवास्तमव
	उपविजेता	सेरेलॉक एकादश	मनोज सिरनाथे
वॉलीबॉल एमेच्योर	विजेता	गांधी क्लब	प्रभाकर राय
	उपविजेता	दी ग्रेट शेरेलॉक	प्रविण झाडे
प्रदर्शनी फुटबॉल एमेच्योर	विजेता	शिक्षक एकादश	प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी
	उपविजेता	शिक्षकेत्तर एकादश	डॉ. रमन मिश्र

कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए।

शोध सहायता प्रकोष्ठ

शोध सहायता प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्वविद्यालय में संचालित शोध गतिविधियों का नियमन–निर्देशन किया जाता है। अधिष्ठाता, शोध द्वारा निर्देशित–संचालित इस प्रकोष्ठ में कार्यरत अनुसंधान अधिकारी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शोध संबंधी कार्यक्रमों एवं परियोजना कार्यों में अधिष्ठाता, शोध को अपेक्षित सहयोग करते हैं। यह प्रकोष्ठ विश्वविद्यालय के अकादमिक सदस्यों को शोध संबंधी परियोजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही शोध संबंधी कार्यों में उन्हें सैद्धांतिक सहयोग भी प्रदान करता है। यह प्रकोष्ठ शोधार्थियों को शोध प्रविधि एवं शोध सामग्री संबंधी मार्गदर्शन देने के साथ–साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों को शोध परियोजनाओं के प्रारूप उपलब्ध कराने, शोध स्वीकृति स्त्रोतों तथा इस हेतु धन उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं की जानकारी भी सुलभ कराता है। शोध परियोजनाओं के प्रारूप निर्माण में अपेक्षित सहयोग करने के साथ ही आवश्यक पत्र व्यवहार करना भी इस प्रकोष्ठ का महत्वपूर्ण कार्य है। प्रकोष्ठ में कार्यरत अनुसंधान अधिकारी दूर शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के संयोजन के साथ–साथ उन पाठ्यक्रमों के लिए सेमेस्टर पद्धति पर आधारित एवं स्वेच्छाधारित क्रेडिट प्रणाली के अनुरूप नवीन पाठ्यक्रमों का निर्माण तथा उत्कृष्ट पाठ्य सामग्री के लेखन, संकलन तथा संपादन का कार्य भी संपन्न करते हैं। इसके साथ ही अनुसंधान अधिकारियों द्वारा विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र के अंतर्गत संचालित अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए हिंदी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में अध्यापन कार्य संबंधी दायित्वों का भी निर्वहन किया जाता है।

एम.ए. हिंदी (दू.शि.नि.) – पाठ्यक्रम संयोजक : डॉ. पुरन्दरदास
एम.ए. इतिहास (दू.शि.नि.) – पाठ्यक्रम संयोजक : डॉ. परिमल प्रियदर्शी

अनुसंधान अधिकारी का विवरण

नाम	पदनाम	कार्यारंभ की तिथि	योग्यता	पीएच.डी. का शोध विषय	विशेषज्ञता का क्षेत्र
परिमल प्रियदर्शी	अनुसंधान अधिकारी	12.03.2012	पीएच.डी. इतिहास	1857 की क्रांति का 19वीं सदी के परवर्ती हिंदी साहित्य पर प्रभाव	आधुनिक भारत का इतिहास
पुरन्दरदास	अनुसंधान अधिकारी	28.03.2012	पीएच.डी. हिंदी	हिंदी साहित्य में राम : स्वरूप–विश्लेषण	हिंदी भाषा एवं साहित्य

संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुति

पुरन्दरदास

- (05–07 फरवरी, 2018). भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'विनोबा दर्शन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'विनोबा का राम–नाम संबंधी चिंतन' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।
- (24–25 फरवरी, 2018). भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली एवं म. गां.अं.हिं.वि., वर्धा के तत्वावधान में 'दक्षिण एवं दक्षिण–पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति एवं विरासत' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारतीय नीतिकाव्य और जीवन मूल्य' विषयक शोध पत्र प्रस्तुत।

प्रकाशन

प्रियदर्शी, परिमल

- (2018). आधुनिक कविता का परिदृश्य (सं.), नई दिल्ली : स्वराज प्रकाशन।

पुरन्दरदास

- (दिसंबर, 2017). 'वैदेही वनवास में परिवर्तित युगबोध और पूर्वाग्रह–समन्वित नवीन दृष्टि', हरिऔध साहित्य में समाज और स्त्री, दिल्ली : अदिति पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स।

हिंदी शिक्षण–अधिगम केंद्र (टीएलसीएच)

म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में टीएलसीएचएस की स्थापना वर्ष 2015–16 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार (F.No.3-13/2015-PN-II, Dated 20 October, 2015) के पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण अभियान (पीएमएमएमएनएमटीटी) के अंतर्गत परियोजना अनुमोदन / स्वीकृति परिषद की द्वितीय बैठक 10 जुलाई, 2015 के निर्णय के आलोक में की गई।

उच्च शैक्षिक संस्थानों में शिक्षकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के उपयोग हेतु पाठ्यक्रम, शिक्षा और शिक्षण सामग्री (ई–सामग्री) का हिंदी में निर्माण एवं विकास के उद्देश्य से हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र (टीएलसीएचएस) स्थापित किया गया है जिससे हिंदी का भी संवर्धन व विकास यथोचित रीति से हो।

केंद्र (TLCHS) के पदाधिकारियों / कर्मियों का विवरण :

क्र. सं.	पदाधिकारियों / कर्मियों का नाम	पदनाम
1	प्रो. गिरीश्वर मिश्र	कुलपति / संरक्षक
2	प्रो. आनंद वर्धन शर्मा	प्रतिकुलपति / सहसंरक्षक
3	प्रो. कृष्णकुमार सिंह	निदेशक
4	प्रो. अवधेश कुमार	निदेशक
5	डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर	एसोसिएट निदेशक
6	डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी	सहायक प्रोफेसर
7	डॉ. रूपेश कुमार सिंह	सहायक निदेशक
8	डॉ. ऋषभ कुमार मिश्र	सहायक निदेशक
9	डॉ. संजय कुमार तिवारी	रिसर्च एसोसिएट
10	श्री अरविंद कुमार	तकनीकी सहायक
11	श्री अनिल कुमार	कार्यालय सहायक
12	श्री वैभव राखुंडे	एम.टी.एस

उद्देश्य :

हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र (टीएलसीएचएस) के उद्देश्य निम्नलिखित कार्यक्रमों / योजनाओं का क्रियान्वयन करना है–

1. हिंदी शिक्षण के पाठ्यक्रम / पाठ्यचर्या संरचना / रूपरेखा के विकास संबंधी कार्यक्रम।
2. हिंदी शिक्षण हेतु पाठ्यक्रम संरचना में प्रतिमानात्मक बदलाव के आलोक में मूल्यांकन पद्धति के विकास संबंधी कार्यक्रम।
3. हिंदी शिक्षण में पाठ्यक्रम ढाँचे / संरचना के विकास के अनुरूप वैकल्पिक शिक्षा वैज्ञानिक अंतक्षेपों (Pedagogic interventions) को स्पष्ट करने संबंधी कार्यक्रम।
4. हिंदी शिक्षण हेतु शिक्षण–अधिगम सामग्री के विकास संबंधी कार्यक्रम।
5. हिंदी शिक्षण के लिए पाठ्य पुस्तक / पुस्तिका के विकास से संबंधित कार्यक्रम।
6. क्षेत्रीय / प्रादेशिक भाषाओं में / से मूलपाठ के अनुवाद हेतु कार्यक्रम।
7. हिंदी तथा भाषा वैज्ञानिक शिक्षण से संबंधित शोध के प्रोत्साहन हेतु संसाधनों, संदर्भ सेवा, इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस के भंडारण तथा ई–सामग्री के विकास से संबंधित कार्यक्रम।
8. हिंदी शिक्षण के प्रोत्साहन हेतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, उच्च शिक्षा केंद्रों का संजाल / समूह विकसित करने संबंधी बहुआयामी कार्यक्रम।
9. हिंदी में पाठ्य पुस्तकों के विकास एवं निर्माण संबंधी कार्यक्रम।
10. सृजनात्मक लेखन के लिए पाठ्यक्रम निर्माण व विकास संबंधी कार्यक्रम।
11. हिंदी एवं कला, हिंदी एवं हिंदी साहित्य, हिंदी एवं भारतीय संस्कृति के साथ ही अन्य विषयों पर शोध संबंधी कार्यक्रम।
12. हिंदी में संदर्भ कोश / पारिभाषिक कोश / प्रासंगिक कोश के विकास हेतु कार्यक्रम।

योगदान :

हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र (टीएलसीएचएस) अब तक निम्नलिखित रूप में अपना योगदान दिया है–

1. पाठ्यक्रम विकास।
2. अपेक्षित कौशल और दक्षताओं के लिए संकल्पना मानचित्रण।
3. शिक्षण पद्धति / शिक्षण–अधिगम सामग्री / आकलन पद्धति का विकास।
4. कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, पुनश्चर्या कार्यक्रम तथा बौद्धिक कौशल कार्यक्रमों का आयोजन।
5. ई–सामग्रियों एवं संसाधनों का विकास।

6. प्रशिक्षण मापक का विकास।
7. विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन।
8. शिक्षकों हेतु अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम।
9. पूर्व निर्धारित ग्रंथों का निर्माण।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अनुदान –

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने 20 अक्टूबर, 2015 के अपने पत्र द्वारा प्लान हेड के अंतर्गत (नॉन रेकरिंग मद में) 2,14,00,000 (दो करोड़ चौदह लाख रुपये) विश्वविद्यालय में स्थापित हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र के लिए स्वीकृत किया तथा परियोजना में उल्लिखित अन्य गतिविधियों को चलाने के लिए (रेकरिंग मद में) रु. 55,00,000 (पचपन लाख रुपये) स्वीकृत किया। मंत्रालय ने पुनः दिनांक 03.10.2017 को नॉन रेकरिंग मद में रु. 2,16,00,000 (दो करोड़ सोलह लाख रुपये) तथा रेकरिंग मद में रु. 53,65,000 (तिरपन लाख पैसठ हजार रुपये) की स्वीकृति प्रदान की।

परियोजना का वित्तीय विवरण : (विश्वविद्यालय के वित्त विभाग द्वारा प्राप्त, 31 मार्च, 2018 तक)		
आधारभूत ढांचागत विकास (अनुपभोग्य)	**गतिविधियाँ एवं अन्य मद (उपभोग्य)**	**कुल**
अनुमन्य धनराशि – 430 लाख	123 लाख	553 लाख
प्राप्त धनराशि – 214 लाख (20.10.2015)	55 लाख	269 लाख
प्राप्त धनराशि – 216 लाख (03.10.2017)	53.65 लाख	269.65 लाख
शेष धनराशि 00.00	शेष धनराशि 14.35	शेष धनराशि 14.35 लाख

व्यय विवरण : (विश्वविद्यालय के वित्त विभाग द्वारा प्राप्त, 31 मार्च, 2018 तक)		
आधारभूत ढांचागत विकास (अनुपभोग्य)	**हेतु गतिविधियों एवं अन्य मद (उपभोग्य)**	**कुल**
प्राप्त धनराशि – 430 लाख	108.65 लाख	538.65 लाख
व्यय धनराशि – 200 लाख	15.33 लाख	215.33 लाख
शेष धनराशि – 230 लाख	93.32 लाख	323.32 लाख

हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र (TLCHS) के तत्वावधान में आयोजित/संपादित कार्यक्रम :

1. पाठ्यक्रम विकास – निम्नलिखित पाठ्यक्रम के विकास कार्य को पूर्ण किया गया–
- एम.ए. (हिंदी)
- एम.एस.डब्ल्यू : (मास्टर ऑफ सोशल वर्क)
- एम.एड. (मास्टर ऑफ एजुकेशन)
- बी.एड.–एम.एड. (एकीकृत)
- बी.ए. (इतिहास)

2. अपेक्षित कौशल और प्रतिस्पर्धा के लिए संकल्पना मानचित्रण : इस पहल के अंतर्गत शिक्षा और मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों और शिक्षकों के द्वारा एक विशेष कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थी में अंतर्निहित कौशल और दक्षता को पहचानने और उसका अपेक्षित विकास करने के लिए संकाय सदस्यों द्वारा संकल्पना मानचित्रण की कोशिश की गई।

3. शिक्षण अधिगम सामग्री का विकास :

विश्वविद्यालय के हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, विद्वानों, शिक्षाविदों और शिक्षकों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले शिक्षण अधिगम सामग्री और ई–संसाधनों के विकास के साथ ही आम जनता के विकास के लिए भी पर्याप्त पहल की है।

पुस्तक प्रकाशन :

इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित शिक्षण अधिगम सामग्रियों का प्रकाशन किया गया है–

1. हिंदी शिक्षण का अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य, लेखक – प्रो. वीना शर्मा, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
   संपादक – प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलपति, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
2. भारत में शिक्षाः चुनौतियाँ और अपेक्षाएँ
   लेखक – प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलपति, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
   संपादक – प्रो. अरबिन्द कुमार झा, शिक्षा विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
3. धर्म और जेंडर : धर्म संस्था के जरिए जेंडरगत मानस का निर्माण
   अनुवाद और संपादन – स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुम्बई

शिक्षण–अधिगम पाठ्यसामग्री (ई–सामग्री) का विकास एवं निर्माण :
निम्नलिखित पाठ्यसामग्रियों का निर्माण किया गया जो म.गां.अं.हिं.वि. के विद्यार्थियों सहित सभी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है–

पाठ्यक्रम	क्र.	पाठ्यसामग्री विवरण
बी.एड.	1.	शिक्षा एवं शिक्षा के प्रयोजन
	2.	शिक्षार्थी एवं उसका संदर्भ
	3.	समकालीन भारत एवं शिक्षा
	4.	शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनीकी
	5.	विद्यालय संगठन एवं शिक्षण
	6.	संज्ञान, अधिगम एवं शिक्षण
	7.	शैक्षिक आकलन
	8.	विद्यालय, प्रबंधन एवं नेतृत्व
	9.	हिंदी शिक्षण
	10.	मराठी शिक्षण
	11.	संस्कृत शिक्षण
	12.	अंग्रेजी शिक्षण
	13.	सामाजिक विज्ञान शिक्षण
	14.	भौतिक विज्ञान शिक्षण
	15.	जीव विज्ञान शिक्षण
	16.	गणित शिक्षण
	17.	स्वास्थ्य एवं योग शिक्षा
एम.एस. डब्ल्यू.	1.	सामाजिक कार्य अनुसंधान
	2.	सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य एवं समूह कार्य
	3.	सामुदायिक संगठन एवं सामाजिक क्रिया
	4.	सामाजिक कल्याण प्रशासन, नीति और नियोजन

शैक्षणिक सॉफ्टवेयर का विकास :
भाषा विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. धनजी प्रसाद द्वारा निम्नलिखित सॉफ्टवेयर का विकास किया गया –

1. गणक : शब्द आवृत्ति गणक (GANAK : Word Frequency Counter)
2. खोजी : संदर्भ में शब्द व प्राप्तकर्ता (KHOJEE : Key Word in Context Finder)
3. सामान्यक : विराम चिन्ह् सामान्यीकारक (SAMANYAK : Punctuation Mark Normalizer)
4. शोधक : हिंदी पाठ मानककर्ता (SHODHAK : Hindi Text Standardizer)
5. हिंटै : संदर्भ–मुक्त हिंदी शब्द भेद टैगर (HINTAI : Context-Free Hindi POS Tagger)
6. अंतरक : देवनागरी रोमन लिप्यंतरण प्रणाली (ANTARAK : Devanagari Roman Transliteration system)
7. रूपविश्लेषक : रूपवैज्ञानिक रूपविश्लेषक (ROOPVISHLESHAK : Morphological Form Analyzer)
8. रूपसर्जक : रूपवैज्ञानिक रूपप्रजनक (ROOPSARJAK : Morphological Form Generator)
9. अन्वेषक : कोशीय इकाई (कोशिम) प्राप्तकर्ता (ANVESHAK : Lexical Entry (Lexeme) Finder)
10. कुशल : हिंदी वर्तनी जॉचक (KUSHAL : Hindi Spell Checker)

पुस्तक अनुवाद : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उपयोगी एवं प्रासंगिक पुस्तकों के अनुवाद का कार्य प्रक्रियाधीन है।

परिसर विकास विभाग

विश्वविद्यालय में निर्माण कार्य केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ–साथ यू.पी. स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इन्फ्रास्ट्रकचर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि., वर्धा (पूर्व नाम उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम, लखनऊ) द्वारा किया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय, रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास एवं पुस्तकालय भवन के निर्माण हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से अनुदान प्राप्त हो गया है। भवन निर्माण की प्रक्रिया विश्वविद्यालय की कार्य परिषद एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्टैंडिंग कमेटी से अनुमति मिलने के उपरांत प्रारंभ की जा सकेगी। भविष्य में एक ओपेन थियेटर तथा एक योग केंद्र के निर्माण की योजना है। विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद के भवन निर्माण का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता हेतु भूखंड प्राप्ति के लिए प्रयास जारी है।

वित्तीय वर्ष 2017–18 में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग एवं यू.पी. स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन लि. द्वारा पूर्ण हो चुके कार्य :

क्र.	कार्य का नाम
1.	अकादमिक भवन (डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्या भवन) का निर्माण कार्य।
2.	दूर शिक्षा निदेशालय (पं. मदन मोहन मालवीय भवन) का निर्माण कार्य।
3.	महिला छात्रावास के लिए डायनिंग हाल (अन्नपूर्णा मंडपम) का निर्माण कार्य।
4.	छात्रावास क्रमांक–4 (सुखदेव छात्रावास) का निर्माण कार्य।
5.	मीटर रूम का निर्माण कार्य ।

उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किए जा रहे कार्य :

क्र.	कार्य का नाम
1.	पार्किंग शेडों का निर्माण कार्य।
2.	पुरुष छात्रावास क्रमांक – 5 का निर्माण कार्य।
3.	पुरुष छात्रावास क्रमांक – 6 का निर्माण कार्य।
4.	संग्रहालय भवन का निर्माण कार्य।
5.	56 नग कर्मचारी आवासों का निर्माण कार्य।
6.	टैगोर कल्चरल कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य।
7.	उत्तरी परिसर की शेष सड़क का निर्माण कार्य।
8.	छात्रावास क्रमांक 03–04 के मध्य डायनिंग हॉल का निर्माण कार्य।
9.	33 KV का कार्य।

जनसंपर्क कार्यालय

संपादित कार्य :

- विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों को समाचार पत्रों में प्रसारित करना।
- विशिष्ट तथा अतिविशिष्ट व्यक्तियों को विश्वविद्यालय से जोड़ने का प्रयास करना।
- समय–समय पर विज्ञापन जारी करना।
- विश्वविद्यालय और अन्य संस्थाओं के माध्यम से संगोष्ठी / कार्यशालाएँ आयोजित करना।
	कुल योग :	**1**	**0**	**0**	**0**	**1**	**0**	**1**

प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम : उत्तीर्ण विद्यार्थी (सत्र : 2016–17)								
क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ग / श्रेणी				उत्तीर्ण विद्यार्थी		कुल योग
		सामान्य	अनु.जाति	अनु.जनजाति	ओबीसी	पुरुष	स्त्री	
1	मराठी भाषा	1	1	0	0	2	0	2
2	संस्कृत भाषा	1	0	0	2	3	0	3
3	उर्दू भाषा	0	0	0	1	0	1	1
4	अंग्रेजी भाषा	7	5	0	8	12	8	20
5	स्पैनिश भाषा	4	6	0	1	6	5	11
6	चीनी भाषा	1	4	1	4	4	6	10
7	जापानी भाषा	5	3	0	1	7	2	9
8	फ्रेंच भाषा	8	5	0	4	6	11	17
9	भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायन)	7	3	0	4	10	4	14
	कुल योग :	**34**	**27**	**1**	**25**	**50**	**37**	**87**

प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम : उत्तीर्ण विद्यार्थी (सत्र : 2017–18)								
क्रम	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ग / श्रेणी				उत्तीर्ण विद्यार्थी		कुल योग
		सामान्य	अनु.जाति	अनु.जनजाति	ओबीसी	पुरुष	स्त्री	
1	भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायन)	0	4	0	5	7	2	9
	कुल योग :	**0**	**4**	**0**	**5**	**7**	**2**	**9**

पीएच.डी. उपाधि								
क्र	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ग / श्रेणी				उत्तीर्ण विद्यार्थी		कुल योग
		सामान्य	अनु.जाति	अनु.जनजाति	ओबीसी	पुरुष	स्त्री	
1	हिंदी (भाषा प्रौद्योगिकी)	2	1	0	1	**3**	**1**	4
2	हिंदी (तुलनात्मक साहित्य)	3	3	0	3	**4**	**5**	9
3	परफॉर्मिंग आर्ट्स (फिल्म एंड थिएटर)	2	0	0	1	**2**	**1**	3
4	अहिंसा एवं शांति अध्ययन	3	0	0	1	**2**	**2**	4
5	स्त्री अध्ययन	0	1	1	0	**1**	**1**	2
6	दलित एवं जनजातीय अध्ययन	0	1	0	0	**1**	**0**	1
7	जनसंचार	2	1	0	2	**4**	**1**	5
8	मानवविज्ञान	0	0	0	1	**1**	**0**	1
	कुल योग :	**12**	**7**	**1**	**9**	**18**	**11**	**29**

एम.फिल. उत्तीर्ण शोधार्थियों की सूची (2015–16)			
क्रम	**विद्यार्थी का नाम**	**शोध निर्देशक**	**शोध शीर्षक**
भाषा विद्यापीठ (विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र)			
पाठ्यक्रम : एम.फिल. स्पैनिश			
1	रणजीत कुमार	डॉ. रवि कुमार	पेद्रो पारामो और मैला आंचल उपन्यासों का तुलनात्मक अध्ययन : सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक पृष्ठभूमि के परिप्रेक्ष्य में
संस्कृति विद्यापीठ (डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद)			
पाठ्यक्रम : एम.फिल. दलित एवं जनजातीय अध्ययन			
1	सुनील बाउरी	प्रो. एल. कारूण्यकरा	दलित समुदाय में बाउरी जाति का शिक्षा में प्रभाव (विशेष संदर्भ : पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला में)
2	कृष्णा कुमार निषाद	प्रो. एल. कारूण्यकरा	दलित समुदाय के दुसाध जाति की संस्कृति परम्परा एवं परिवर्तन
3	नगराले अतुल रमेशराव	प्रो. एल. कारूण्यकरा	आदिवासियों की शैक्षणिक स्थिति (विशेष संदर्भ– चन्द्रपुर जिला)
4	कपिलवृक्ष बाबाराव गोडघाटे	प्रो. एल. कारूण्यकरा	महाराष्ट्र में दलित महिलाओं का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरणः नागपुर और चंद्रपुर जिले का तुलनात्मक अध्ययन
5	सुमन देवी	प्रो. एल. कारूण्यकरा	उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर के दलित महिलाओं की राजनीति भागीदारी का एक अध्ययन

पीएच.डी. अधिसूचना प्राप्त शोधार्थियों की सूची			
क्र.	**विद्यार्थी का नाम**	**गाइड/को–गाइड**	**शोध का विषय**
भाषा विद्यापीठ (भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग)			
पीएच.डी. हिंदी (भाषा प्रौद्योगिकी)			
1	आर.जी. संगीत रत्नायक	डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय	सिंहली तथा हिंदी के क्रिया पदबंधों का व्यतिरेकी विश्लेषण
2	मधुप्रिया	डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय	हिंदी वाक्य-संरचना का विसंदिग्धीकरण (प्राकृतिक भाषा संसाधन के विशेष संदर्भ में)
3	नितीनकुमार जानबाजी रामटेके	डॉ. अनिल कुमार दुबे	मराठी संज्ञाओं का संदर्भ आधारित विसंदिग्धीकरण
4	बृजेश कुमार यादव	डॉ. अनिल कुमार दुबे	हिंदी नाम-पद विसंदिग्धीकरण (व्यक्तिवाचक एवं जातिवाचक संज्ञा के विशेष संदर्भ में)
साहित्य विद्यापीठ (हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग)			
पीएच.डी. हिंदी (तुलनात्मक साहित्य)			
1	संजय	प्रो. सूरज पालीवाल	प्रभा खेतान के उपन्यासों में स्त्री अस्मिता के स्वर
2	प्रकाश चंद्र	प्रो. कृष्ण कुमार सिंह	नव सामाजिक आंदोलन और 1990 के बाद के हिंदी उपन्यास
3	पेतॅर शागि	प्रो. कृष्ण कुमार सिंह	ममता कालिया के कथा-साहित्य में स्त्री एवं सामाजिक प्रसंग
4	अंकिता	प्रो. कृष्ण कुमार सिंह	आदिवासी जीवन पर केंद्रित उपन्यासों में प्रतिरोध के स्वर
5	सूर्या ई.वी.	डॉ. प्रीति सागर	बीसवीं सदी के अंतिम दशक की हिंदी और मलयालम कहानियों में स्त्री विमर्श
6	शोभा बिसेन	डॉ. उमेश कुमार सिंह	नमिता सिंह की कहानियों में स्त्री
9	उर्वशी	डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी	हिंदी महिला रचनाकारों की कहानियों में उपस्थित बाजार (विशेष संदर्भ : 21 वीं सदी का पहला दशक)
संस्कृति विद्यापीठ (प्रदर्शनकारी कला (नाटक एवं फिल्म) अध्ययन विभाग)			
पीएच.डी. परफॉर्मिंग आर्ट्स (फिल्म एंड थिएटर)			
1	लखन रघुवंशी	प्रो. सुरेश शर्मा	हिंदी सिनेमा के प्रचार में जनमाध्यमों की भूमिका (विशेष संदर्भ : सौ करोड़ का व्यवसाय करने वाली फिल्में)
2	राकेश प्रकाश	प्रो. सुरेश शर्मा	हिंदी फिल्मों में मीडिया प्रबंधन की प्रासंगिकता (21 वीं सदी के पहले दशक में प्रदर्शित चुनिंदा फिल्मों पर आधारित)
3	सुरभि विप्लव	प्रो. सुरेश शर्मा	ब्रेख्त का भारतीय रंगमंच पर प्रभाव : विशेष संदर्भ हिंदी, बांग्ला और मराठी रंगमंच

संस्कृति विद्यापीठ (गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग)			
पीएच.डी. अहिंसा एवं शांति अध्ययन			
1	भारती देवी	डॉ. मनोज कुमार राय	वैकल्पिक विकास की गांधीवादी अवधारणा (विशेष संदर्भ -लोहिया, जयप्रकाश नारायण के विचारों का तुलनात्मक अध्ययन)
2	पंकज कुमार सिंह	डॉ. मनोज कुमार राय	खादी का अर्थशास्त्र : एक अध्ययन
3	कु. नेहा नेमा	डॉ. डी. एन. प्रसाद	भ्रष्टाचार की चुनौतियाँ : कानून, मीडिया और आन्दोलन के नए औजारों के असर से सुधार और क्रांति की नवीन संरचना
4	अमृत अर्णव	डॉ. डी. एन. प्रसाद	वर्तमान पर्यावरणीय समस्या एवं गांधीय समाधान : एक समीक्षात्मक अध्ययन
संस्कृति विद्यापीठ (स्त्री अध्ययन विभाग)			
पीएच.डी. स्त्री अध्ययन			
1	चैतान सोरेन	प्रो. शंभु गुप्त	झारखंड की आदिवासी महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक अधिकारों का पुनरावलोकन
2	रेणु कुमारी	प्रो. शंभु गुप्त	21 वीं सदी के पहले दशक का हिंदी सिनेमा और स्त्री छवि
संस्कृति विद्यापीठ (डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र)			
पीएच.डी. दलित एवं जनजातीय अध्ययन			
1	प्रशांत गौतमराव गोडघाटे	प्रो. एल. कारूण्यकरा	दलित समुदाय पर आर्थिक उदारीकरण का प्रभाव (विशेष संदर्भ वर्धा जिला)
मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ (जनसंचार विभाग)			
पीएच.डी. जनसंचार			
1	रामशंकर	डॉ. अनिल कुमार राय	वैकल्पिक मीडिया और भारतीय व्यवस्था परिवर्तन (उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की सामाजिक एवं राजनैतिक व्यवस्था के संदर्भ में)
2	अनुपमा कुमारी	डॉ. अख्तर आलम	क्षेत्रीय पत्रकारिता बनाम राष्ट्रीय पत्रकारिता: मिथक, यथार्थ, चुनौतियाँ और संभावनाएं (विशेष संदर्भ : प्रभात खबर)
3	धीरेन्द्र कुमार राय	प्रो. अनिल कुमार राय	किसान आंदोलन और हिंदी पत्रकारिता (क्षेत्र परिधि उत्तर प्रदेश और बिहार, समयावधि : 1917-47)
4	सुनील दीपक घोडके	प्रो. अनिल कुमार राय	विदर्भ का समाज, राजनीति और प्रिंट मीडिया हस्तक्षेप (विशेष संदर्भ : 2002 से 2012 तक की महत्वपूर्ण घटनाएँ)
5	मु. अफसर अली राईनी	डॉ. अख्तर आलम	उर्दू चैनलों पर प्रसारित समसामयिक मुद्दे और उसका दर्शकों के दृष्टिकोण पर प्रभाव (विशेष संदर्भ : ई-टीवी उर्दू और डीडी उर्दू)
मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ (मानवविज्ञान विभाग)			
पीएच.डी. मानवविज्ञान			
1	जय नारायण सिंह	डॉ. फरहद मलिक	देशज समुदायों का नृ-पारिस्थितिकीय अध्ययन (उड़ीसा के खडिया एवं लोधा के संदर्भ में)

गतिविधियाँ : वर्धा मुख्य परिसर

अज्ञेय स्मरण कार्यक्रम

04 अप्रैल, 2017 : विश्वविद्यालय के हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग द्वारा आयोजित 'अज्ञेय स्मरण' कार्यक्रम में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि अज्ञेय ने हिंदी साहित्य के हर विधा में लेखन कर हिंदी साहित्य में अहम योगदान दिया है। अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. देवराज, भाषा विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल एवं साहित्य विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. के.के. सिंह ने अज्ञेय रचित साहित्य के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. प्रीति सागर तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बीर पाल सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया।

'पत्रकारिता और समाज' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

11 अप्रैल, 2017 : विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा 'पत्रकारिता और समाज' विषय पर 10 एवं 11 अप्रैल को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि समाज के साथ संवाद के लिए पत्रकारिता एक महत्वपूर्ण और प्रभावी माध्यम है। प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, मानविकी एवं समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार, साहित्य विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो.के.के. सिंह, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, दैनिक भास्कर, नागपुर के संपादक श्री मणिकांत सोनी ने पत्रकारिता के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। समापन समारोह में मुख्य वक्ता पत्रकार श्री राहुल देव ने कहा कि पत्रकारिता मे बड़ी तीव्र गति से बदलाव आ रहा है और आज के दौर में मीडिया नए उपकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। 'पत्रकारिता का भविष्य और भविष्य की पत्रकारिता' विषयाधारित सत्र में वरिष्ठ संपादक श्री एस.एन. विनोद, दैनिक तरुण भारत के पूर्व संपादक तथा विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य श्री सुधीर पाठक, लोकमत समाचार के वरिष्ठ पत्रकार श्री हर्षवर्धन आर्य, दैनिक अमर उजाला के संपादक श्री कल्लोल चक्रवर्ती ने विचार व्यक्त किए।

राकेश मिश्र को कृष्ण प्रताप कथा सम्मान

14 अप्रैल, 2017 : कहानीकार राकेश मिश्र को उनके दूसरे कथा संग्रह 'लाल बहादुर का इंजन' के लिए वर्ष 2016 का कृष्ण प्रताप स्मृति कथा सम्मान से सम्मानित किया गया। रामानंद सरस्वती पुस्तकालय, जोहकरा, आज़मगढ़ में हुए सम्मान समारोह में उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र राजन ने की। फिल्म समीक्षक प्रहलाद अग्रवाल, युवा आलोचक शंभु शरण मिश्र, युवा आलोचक कालूलाल कुलमी, प्रियदर्शन मालवीय ने राकेश मिश्र की कहानियों पर विचार रखे।

हिंदी सीखने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए पुस्तक प्रकाशित

19 मई 2017 : हिंदी को विश्वभर में प्रचारित और प्रसारित करने के अपने प्रयास को म.गां.अं.हिं.वि. ने और व्यापकता प्रदान करते हुए हिंदी सीखने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए 'प्रैक्टिकल हिंदी कन्वर्सेशन' नाम से एक पुस्तक प्रकाशित की है। यह पुस्तक विश्व में हिंदी की पहुंच को आसान बनाने की दिशा में मील का पत्थिर साबित होगी, ऐसा विश्वास विश्वविद्यालय के सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र की सहायक प्रोफेसर एवं लेखिका डॉ. शमीम फ़ातमा ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बुसान यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरिन स्टडीज, साउथ कोरिया और म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त प्रयास से इस पुस्तक को तैयार किया गया है। पुस्तक में आसान हिंदी शब्दों का चयन कर उसका अंग्रेजी अर्थ दिया गया है। बुसान विश्वविद्यालय, दक्षिण कोरिया के प्रो.ताय जिन कोह और हिंदी विवि की डॉ.शमीम फ़ातमा ने इस पुस्तक को लिखा है।

राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस का आयोजन

21 अप्रैल, 2017 : जीवन में सफल होने के लिए होड़ लगी है। विद्यार्थी भी इस दौड़ में शामिल हैं कि सफल जीवन के क्या तरीके हो सकते हैं। सफल होने का एकमात्र मंत्र यह है कि हम अपने मौलिक कर्तव्य एवं संस्कार के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की सीख लें। उक्त विचार वर्धा के जिलाधिकारी श्री शैलेश नवाल ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'विद्यार्थियों की सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में जिला प्रशासन की भूमिका एवं चुनौतियां' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में बोल रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस भी मनाया गया जिसका विषय था 'राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारा दायित्व'। इस दौरान अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए सजगता जरूरी होती है। कार्यक्रम में कुलसचिव श्री कादर नवाज़ खान, शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय, जिला सूचना अधिकारी श्री मनीषा सावले ने भी विचार रखे। इस अवसर पर पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी की ओर से राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस विशेषांक का लोकार्पण और जिला सूचना अधिकारी श्री मनीषा सावले को उत्कृष्ट जनसंपर्क अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया। शिक्षा विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर ऋषभ कुमार मिश्र ने संचालन किया तथा जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे ने आभार माना।

पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

21 अप्रैल, 2017 : पर्यावरण संवर्धन और संरक्षण को लेकर म.गां.अं.हिं.वि. और वर्धा जिला प्रशासन ने सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कबीर हिल परिसर को हराभरा करने का संकल्प लिया है। इसे मूर्त रूप देने के कार्य का प्रारंभ 21 अप्रैल को जिलाधिकारी श्री शैलेश नवाल और विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव श्री कादर नवाज़ खान तथा वर्धा के डॉक्टरों के संगठन 'वैद्यकीय जागरूकता मंच' के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस परियोजना के लिए विश्वविद्यालय ने अपनी ओर से 22 लाख 73 हजार रुपये की वित्तीय मदद दी है। परियोजना के अंतर्गत लगभग पांच से अधिक एकड़ भूमि पर दस हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे तथा वे जीवन प्राधिकरण के जल शुद्धिकरण केंद्र से अनावश्यक बहने वाले पानी से सालभर हरे–भरे रह सकेंगे। इन पौधों को इस प्रकार रोपा जाएगा जिससे बढ़ने पर वे तीन रंगों यानी 'तिरंगे' की शक्ल में नज़र आएंगे।

विदेश मंत्री ने विदेशी भाषा पर की गहन चर्चा

22 अप्रैल, 2017 : माननीय विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने म.गां.अं.हिं.वि. के कुलपति, विदेशी भाषा के प्राध्यापकगणों तथा विद्यार्थियों के साथ विदेश मंत्रालय में एक बैठक की, जिसमें विदेशी भाषाओं के अध्ययन एवं हिंदी माध्यम से अनुवाद, द्विभाषिया एवं भाषांतर कार्य की आवश्यकताओं पर चर्चा की। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने बताया कि विदेश मंत्रालय को हिंदी माध्यम से विदेशी भाषा के अनुवादक, द्विभाषिया एवं भाषांतरकारों की अत्यंत आवश्यकता है। बैठक के दौरान भविष्य में विश्वविद्यालय में अरबी एवं रूसी भाषा का पाठ्यक्रम शुरु करने का एक प्रस्ताव रखा गया। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने विश्वविद्यालय में आवश्यक सुविधाओं के बारे में चर्चा की जिसके प्रत्युत्तर में विदेश मंत्री ने मदद के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त विदेश सचिव श्री एस.जयशंकर, संयुक्त सचिव श्री राकेश वैष्णव, ओ.एस.डी (हिंदी) तथा विश्वविद्यालय के श्री अनिर्बाण घोष (असिस्टेंट प्रोफेसर, चीनी), श्री सन्मति जैन (असिस्टेंट प्रोफेसर, जापानी), डॉ. संदीप कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर, फ्रेंच) के अलावा आठ विद्यार्थी–रंजीत कुमार, पीयूष गाड़े, श्रद्धा गजभिए, वंदना रामटेके, प्रयाग माने, कपिल मुंजेवार, दर्शना धाबलिया एवं दिव्या गुप्ता उपस्थित थे।

डिजिटलीकरण में हिंदी विवि की महत्वपूर्ण पहल

9 जुलाई, 2017 : भारत सरकार ने एक ऐसा प्लेटफार्म विकसित किया है जिससे विद्यार्थी हमेशा के लिए अपने दस्तावेज डिजिटल प्लेटफार्म पर सुरक्षित कर सकेगा। दरअसल नेशनल सेक्यूरिटिज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की शुरुआत पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने 9 जुलाई 2017 को की थी। इसके अंतर्गत आपके प्रमाण पत्र, अंकपत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है और इसके लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी बनाई है। डिजिटलीकरण के इस काम के लिए एनएसडीएल का गठन किया गया है। इसके तहत म.गां.अं.हिं.वि. ने एनएसडीएल के साथ एक सामंजस्य करार किया है। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र एवं कुलसचिव कादर नवाज़ ख़ान ने इसे विश्वविद्यालय के डिजिटलीकरण के दौर में महत्वपूर्ण कदम माना है।

चीन में आयोजित कार्यशाला में आशीष एवं प्रियंका ने की सहभागिता

28 जुलाई, 2017 : विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र के चीनी भाषा में अध्ययनरत दो विद्यार्थियों श्री आशिष शालिकराव पोयाम एवं सुश्री प्रियंका विश्वकर्मा का चयन चीन में प्रशिक्षण के लिए किया गया, शंघाई अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विश्वविद्यालय की ओर से मिले आमंत्रण पर उन्होंने एक महीने की चीनी भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला में शंघाई समर स्कूल 2017 में भाग लिया। यह प्रशिक्षण 3 से 28 जुलाई तक चला। इस कार्यक्रम में विश्व के विभिन्न देशों के लगभग 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें पाकिस्तान, रुस, हॉलैंड, जापान, थाईलैंड, पोलैंड, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान एवं अफ्रीका के विद्यार्थी शामिल हैं। भाषा प्रशिक्षण के अंतर्गत इस कार्यक्रम में थाईची बॉक्सिंग, चीनी लिपि लेखन प्रशिक्षण, वार्तालाप अभ्यास, पेपर कटिंग, कैलीग्राफी प्रशिक्षण के साथ–साथ चीनी कंपनी एवं विभिन्न प्रसिद्ध जगहों में भ्रमण भी शामिल है।

महाश्वेता देवी स्मृति व्याख्यानमाला

09 अगस्त, 2017 : हिंदी कथा साहित्य में प्रेमचंद ने किसान को नायक बनाया तो बांग्ला में मानिक बंद्योपाध्याय ने मछुआरों को। उससे काफी आगे जाकर बांग्ला लेखिका महाश्वेता देवी ने आदिवासियों को अपनी कथाकृतियों का नायक बनाया। उक्त विचार विश्वविद्यालय के कोलकाता केंद्र के प्रभारी प्रो. कृपाशंकर चौबे ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा प्रथम महाश्वेता देवी स्मृति व्याख्यानमाला के तहत 'महाश्वेता देवी के साहित्य में स्वाधीनता का स्वर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि बंगाल, झारखंड, उड़ीसा, गुजरात व महाराष्ट्र की जनजातियों के बीच वर्षों काम करने के अनुभव ने महाश्वेता देवी को पैनी दृष्टि और ऐसी शक्ति दी जिससे वे भारतीय आदिवासी जीवन के पीड़ादायक मुद्दों का अनुभव कर सकीं और अपनी कृतियों में अभिव्यक्त कर सकीं। कथाकार सुश्री महुआ माजी ने भी संबोधित किया। स्त्री अध्ययन विभाग के प्रो. शंभु गुप्त ने स्वागत भाषण किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर श्री शरद जायसवाल तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अवंतिका शुक्ला ने किया।

'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

09 अगस्त, 2017 : भारतीय स्वाधीनता आंदोलन हमारी अस्मिता को जीवंत बनाए रखता है। भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का अहम

योगदान है जिसे इतिहास भूल नहीं सकता। उक्त विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग की ओर से भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए बोल रहे थे। उद्घाटन समारोह में संस्कृति विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो.एल. कारूण्यकरा, आष्टी के डॉ. अरविंद मालपे, इटारसी के प्रो.आर.एस. मेहरा, जनसंचार विभाग के प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, यशवंत महाविद्यालय, वर्धा के प्रा. वीरेंद्र सिंह बैस, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी मंचासीन थे। सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन, आयोजन सचिव विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राकेश मिश्र ने किया तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. चित्रा माली ने आभार माना। उद्घाटन के बाद प्रो. मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में विवि के श्री अनिर्बाण घोष, डॉ. अख्तर आलम, डॉ. वीरेंद्र प्रताप यादव, डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. मुन्नालाल गुप्ता, श्री संदीप सपकाले तथा सहायक कुलसचिव डॉ. ज्योतिष पायेड. ने भी स्वाधीनता आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में अपने विचार रखे। सत्र का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार राय ने किया। प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी की अध्यक्षता में आयोजित अकादमिक सत्र में 32 शोध–पत्रों पर चर्चा हुई। सत्र का संचालन विभाग के प्राध्यापक डॉ. डी.एन. प्रसाद ने किया। समापन सत्र में अरविंद मालपे निर्मित फिल्म '1942 की क्रांति' की प्रस्तुति की गई।

अध्ययन सामग्री होगी ऑनलाइन : प्रो. गिरीश्वर मिश्र

21 अगस्त, 2017; मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्देशित 'नेशनल कन्वेशन ऑन डिजिटल इनिशिएटिव्स फॉर हायर एज्युकेशन' के आलोक में 21 अगस्त को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में समस्त प्राध्यापकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। कुलपति ने मंत्रालय की पहल की महत्ता एवं उपयोगिता को रेखांकित करते हुए इस उपक्रम को स्वागत योग्य बताया। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से सभी पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री और कक्षा में हुए प्रशिक्षण के वीडियो को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा सकेगा। पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी अध्ययन सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध होगी। प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय की इस महती योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना के जरिए देश में किसी भी योग्य छात्र के लिए उच्च शिक्षा, विशेषकर गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा पहुँच से बाहर नहीं होगी। कोई भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखने वाला व्यक्ति संसाधन, पैसा या अवसर की कमी के कारण वंचित नहीं रहेगा। लीला प्रभारी श्री गिरीश चंद्र पाण्डेय ने योजना से संबंधित विविध उपक्रमों जैसे स्वयम (SWAYAM), मुक्स (MOOCS), सीईसी (CEC), ईपीजी पाठशाला (epg Pathshala) के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

सेवाग्राम, पवनार की धरती देती है ऊर्जा : प्रो. आनंद वर्धन शर्मा

30 अगस्त, 2017 : विश्वविद्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन की 75 वीं वर्षगांठ तथा भारतीय स्वतंत्रता की 70 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पिछले 9 अगस्त से जारी विभिन्न कार्यक्रमों का समापन 30 अगस्त को विश्वविद्यालय के गालिब सभागार में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी और विनोबा की यह धरती हम सभी में रोमांच पैदा करने वाली है। सेवाग्राम और पवनार की खुशबू इस मिट्टी में समायी हुई है और इसी से हमें निरंतर ऊर्जा मिलती रहती है। कार्यक्रम में साहित्य विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. के. के. सिंह, डॉ.अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. शंभू जोशी, श्री राजेश लेहकपुरे, डॉ.अप्रमेय मिश्र एवं डॉ.सुरभि विप्लव मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर श्री ऋषभ मिश्र ने किया तथा प्रास्ताविक एवं धन्यवाद ज्ञापन जनसंपर्क अधिकारी श्री बी. एस. मिरगे ने किया।

'उच्च शिक्षा संस्थाओं से अपेक्षाएं और चुनौतियां' पर 'मंथन'

04 सितंबर, 2017 : विद्यार्थियों के भीतर उद्यमशीलता और मानसिक ऊर्जा का संचार करने से संकल्प की सिद्धि होगी। शिक्षा संस्थाओं को चाहिए कि वे विद्यार्थियों के मानस को तराश कर उनके चरित्र निर्माण का कार्य करें तथा विद्यार्थियों को चाहिए कि वे शिक्षा संस्थाओं में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर अपने को संस्कारित करें। उक्त आशय के विचार चिंतक, पत्रकार एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) के अध्यक्ष बलदेव भाई शर्मा ने व्यक्त किए। वे म.गां.अं.हिं.वि. में भारत सरकार की ओर से जारी 'नया भारत 2022' के तहत संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत 'मंथन' में अपने विचार रख रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने की। इस अवसर पर ब्रॉडकास्ट एडिटर्स एसोसिएशन, नई दिल्ली के महासचिव अजीत अंजुम, वरिष्ठ अधिकारी एवं चिंतक भोलानाथ मिश्र, विश्व ग्राम प्रकल्प की अध्यक्ष सुश्री गीता सिंह, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अनिल कुमार राय ने वक्तव्य दिए। अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. शर्मा ने कहा लक्ष्य को निर्धारित करने से सिद्धि तक पहुंचा जा सकता है। विश्वविद्यालय की महत्वाकांक्षी परियोजना ईपीजी पाठशाला का उल्लेख कर उन्होंने बताया कि अभी तक 280 फिल्में तैयार की गई है और इस दिशा में सभी का सहयोग सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में श्री भोलानाथ मिश्र एवं सुश्री गीता सिंह ने भी अपने विचार रखे।

'भारत के पुनर्निर्माण में पत्रकारों की भूमिका' पर परिसंवाद

05 सितंबर, 2017 : शिक्षक दिवस के अवसर पर जनसंचार विभाग में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा की अध्यक्षता में 'भारत के पुनर्निर्माण में पत्रकारों की भूमिका' विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बल्देवभाई शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार, सामाजिक सांस्कृतिक चिंतक एवं अध्यक्ष, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली एवं विशिष्ट अतिथि श्री अजीत अंजुम, वरिष्ठ पत्रकार, टी.वी. एंकर एवं महासचिव ब्रॉडकास्ट एडिटर्स एसोसिएशन, नई दिल्ली और डॉ. भोलानाथ मिश्र, सामाजिक–सांस्कृतिक चिंतक एवं वरिष्ठ अधिकारी, भारत सरकार एवं आवासीय लेखक श्रीराम परिहार और जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय ने विमर्श किया।

'ये इंडिया का टाइम है' पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

07 सितंबर, 2017 : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम, मुंबई के सहयोग से स्वाधीनता के 70वें वर्ष तथा भारत छोड़ो आंदोलन के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभक्ति गीतों पर आधारित संगीत संध्या में 'नया घराना' (बैंड), मुंबई के कलाकारों ने वंदे मातरम, मा तुझे सलाम, मेरे देश की धरती, ये देश है वीर जवानों का, रंग दे बसंती चोला जैसे देशभक्ति पर आधारित मशहूर गानों की प्रस्तुतियों से समा बांधा। धुनों का संयोजन प्रसिद्ध ध्वनि संयोजक मनीष जे. टीपू ने किया। ज्ञात हो कि मनीष जे टीपू ने प्रसिद्ध फ़िल्मों 'द गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'किस्सा' और 'फंस गए रे ओबामा' के लिए संगीत तथा ध्वनि संयोजन किया है। कार्यक्रम का संयोजन प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भारती ने किया। कलाकारों का स्वागत कार्यकारी कुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने चरखा, सूत की माला प्रदान कर किया। आकाशवाणी, नागपुर केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी संजय भक्ते तथा विजय हावरे ने संपूर्ण कार्यक्रम का ध्वनिमुद्रण किया।

शब्दकोश कार्यशाला

09 सितंबर, 2017 : म.गां.अं.हिं.वि. के भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग में 4 से 9 सितंबर के दौरान शब्दकोश निर्माण कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार पाण्डेय ने स्वागत वक्तव्य तथा संकायाध्यक्ष प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल ने परिचय किया। संचालन कार्यशाला के संयोजक डॉ. धनजी प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एच.ए. हुनगुंद ने किया। इस कार्यशाला में सिद्धांत और अभ्यास दोनों पक्षों का ध्यान रखा गया। प्रतिभागियों में शब्दकोश और शब्दकोश–निर्माण संबंधी ज्ञानवर्धन के लिए शब्दकोश : परिचय तथा शब्दकोश के प्रकार विषय पर डॉ. धनजी प्रसाद, शब्दकोश : ऐतिहासिक परिदृश्य पर प्रो. वृषभ प्रसाद जैन, शब्दकोश में प्रविष्टि पर प्रो. उमाशंकर उपाध्याय, शब्दकोश निर्माण प्रक्रिया पर प्रो. अनिल कुमार पांडेय और शब्दकोश निर्माण की चुनौतियाँ पर प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल ने व्याख्यान दिए।

हिंदी के प्रति आत्मगौरव का भाव हो – सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी

10 सितंबर, 2017 : हिंदी सिद्धांतों पर आधारित भाषा है। हिंदी को लेकर दक्षिण भारत के राज्यों में गंभीरता बढ़ रही है और हिंदी को दिल से स्वीकारा जा रहा है। उक्त उद्बोधन संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति के संयोजक राज्य सभा सांसद एवं चिंतक सत्यव्रत चतुर्वेदी ने दिए। वे म.गां.अं.हिं.वि. में 10 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में मंच पर झुंझुनू, राजस्थान की लोकसभा सांसद श्रीमती संतोष अहलावत, विवि के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान ने विचार व्यक्त किए। साहित्य विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. प्रीति सागर ने संचालन तथा कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान ने आभार व्यक्त किया। संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति के संयोजक सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी एवं सांसद श्रीमती संतोष अहलावत ने गांधी हिल पर पौधारोपण किया। उन्होंने विवि के स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय, बाबूराव विष्णु पराड़कर मीडिया लैब, जनजातीय संग्रहालय, महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय, प्रकाशन विभाग के पुस्तक प्रदर्शनी को भेंट देकर यहां की गतिविधियों का अवलोकन किया। उनके साथ अवर सचिव सुश्री प्रतिभा मलिक, अनुभाग अधिकारी श्री एम एस. रावत, समिति सहायक श्री वीरेंद्र कुमार, रिपोर्टर श्री मुकेश कुमार, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी श्री समीर डांगे, श्री हिमांशु केशरवानी, श्री हिंमांशु यादव, श्री अनिकेत गडलिंग, श्री अभिषेक डांगे, श्री विद्याधर जोग तथा सांसद अहलावत की पुत्री सुश्री गार्गी अहलावत उपस्थित थीं।

थाईलैंड से हिंदी पढने आए 23 विद्यार्थी

विश्वविद्यालय में थाईलैंड से हिंदी पढ़ने आए 23 विद्यार्थियों का स्वागत फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक डॉ. सुहासिनी वाजपेयी और कुलानुशासक डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर प्रमुखता से उपस्थित थे। थाईलैंड के दो विश्वविद्यालयों में से चियांग माई विश्वविद्यालय से विद्यार्थियों के साथ एक शिक्षक तथा नाखोन रत्वीसिमा राजभट्ट विश्वविद्यालय से 4 विद्यार्थी व 4 शिक्षक एक महीने की अवधि के हिंदी पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु विश्वविद्यालय में आए हैं। उनके आगमन पर विश्वविद्यालय की ओर से उनका स्वागत किया गया। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें हिंदी में पारंगत होने की शुभकामनाएं दी।

विश्व मन की भाषा है हिंदी : प्रो. विनोद कुमार मिश्र

14 सितंबर, 2018 : म.गां.अं.हि.वि., वर्धा में हिंदी दिवस समारोह में विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरिशस के महासचिव प्रो. विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि हिंदी विश्व मन की भाषा बन चुकी है। हिंदी के विकास में सभी भारतीय भाषाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिंदी को सोशल मीडिया से जोड़कर तकनीकी की भाषा बनाना जरूरी है। गालिब सभागार में आयोजित हिंदी दिवस समारोह की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने की। समारोह में साहित्य विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, कुलसचिव श्री कादर नवाज़ खान मंचासीन थे। बतौर मुख्य अतिथि प्रो. विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि हिंदी का बाजार बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी श्री राजेश कुमार यादव ने किया तथा कुलसचिव श्री कादर नवाज़ खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

'विश्व सिनेमा तथा विश्व रंगमंच' पर व्याख्यान

25 सितंबर, 2017 : अमेरिका के बोस्टन शहर में रहनेवाली भारतवंशीय प्रसिद्ध स्त्रीवादी लेखिका तथा कला समीक्षक सुश्री लक्ष्मी देसाई ने प्रदर्शनकारी कला विभाग में 'विश्व सिनेमा तथा विश्व रंगमंच' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भारती ने की। अमेरिका के वर्तमान रंगमंच की जानकारी देते हुए सुश्री देसाई ने कहा कि 'अमेरिका में आज भी रंगमंच उतना ही लोकप्रिय है। डिज़नी जैसी विश्व प्रसिद्ध कंपनी भी थिएटर के कारोबार में सक्रिय हुई हैं। फिल्मों और रंगमंच का निर्माण बड़ी गंभीरता के साथ किया जा रहा है किंतु वहां का असली परिदृश्य हमतक पहुंच नहीं पाता है। व्याख्यान का संयोजन तथा संचालन डॉ. सतीश पावड़े ने किया। स्वागत डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने किया तथा आभार डॉ. सुरभि बिप्लव ने माना।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

02 अक्टूबर, 2017 : म.गां.अं.हि.वि., वर्धा में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का प्रारंभ कार्यकारी कुलपति प्रो. मनोज कुमार की ओर से स्वच्छता की शपथ से किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान, विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक श्री राजेश लेहकपुरे, सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवसिंह बघेल, जनसंपर्क अधिकारी श्री बी.एस. मिरगे, सुरक्षा अधिकारी श्री राजेंद्र घोड़मारे प्रमुखता से उपस्थित थे। इसके तहत गांधी हिल तथा आसपास के परिसर में प्लास्टिक एवं कचरा आदि को हटाया गया। यह कार्यक्रम 22 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2017 तक चला। जिसमें स्वच्छता रैली, स्वच्छता जागरूकता, वृक्षारोपण आदि उपक्रमों का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान में विद्यार्थी, सुरक्षा कर्मी तथा विवि के कर्मी शामिल हुए।

गांधी को समझने के लिए तटस्थता की जरूरत : डॉ. अरविंद मालपे

02 अक्टूबर, 2017 : गांधीजी एक सामान्य व्यक्ति थे परंतु जीवन में उन्होंने छोटे से छोटे काम करते हुए असामान्य व्यक्ति का गौरव हासिल किया। उनके जीवन का आकलन करने के लिए तटस्थता की अधिक जरूरत है। उक्त विचार वरिष्ठ गांधी विचारक एवं चिंतक डॉ. अरविंद मालपे ने व्यक्त किए। वे म.गां.अं.हि.वि., वर्धा में महात्मा गांधी की 148वीं जयंती पर गांधी हिल पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, श्रीमती कांता थुटे, कुलसचिव श्री कादर नवाज़ ख़ान एवं गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी मंचासीन थे। डॉ. अप्रमेय मिश्र ने 'वैष्णव जन तो...' भजन और श्रीमती कांता थुटे ने मराठी गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारी कला विभाग ने 'सोच में गांधी' लघुनाटिका का मंचन किया। समारोह के बाद 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का समापन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के संबोधन से किया गया।

सांस्कृतिक एवं राजनीतिक समझ का नाम है कस्तूरबा : कुलपति प्रो. मिश्र

05 अक्टूबर, 2017 : म.गां.अं.हि.वि., वर्धा के स्त्री अध्ययन विभाग और गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'कस्तूरबा के नाम आज़ादी का आंदोलन एवं महिलाएं' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि कस्तूरबा गांधी ने महात्मा गांधी के साथ आज़ादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 'बा' के समग्र व्यक्तित्व पर विचार कर हमें आज़ादी के आंदोलन में शामिल रहीं महिलाओं के कार्यों को सामने लाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गांधीवादी लेखक प्रो. सुधीर चंद्रा, नई दिल्ली, बीज वक्ता के रूप में स्त्री अध्ययन केंद्र, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की प्रो. सविता सिंह, केरल विश्वविद्यालय की प्रो. तंकमणि अम्मा, संगोष्ठी समन्वयक एवं स्त्री अध्ययन विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुप्रिया पाठक मंचासीन थी। कार्यक्रम का संचालन संगोष्ठी संयोजक श्री शरद जायसवाल ने किया। संगोष्ठी के समापन समारोह में गढ़चिरौली में आदिवासी समुदाय के बीच पिछले 40 वर्षों से काम कर रही डॉ. रानी बंग एवं सेवाग्राम आश्रम में महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा से जुड़ी वरिष्ठ सेविका कुसुमताई पांडे को कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ खान द्वारा 'कस्तूरबा सम्मान' प्रदान किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी के जीवन एवं कार्यों का परिचय कराने वाले 'बा' नाटक की प्रस्तुति गालिब सभागार में की गई।

विदेशी विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने किया भावविभोर

09 अक्टूबर, 2017 : म.गां.अं.हि.वि., वर्धा के विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ग़ालिब सभागार में किया गया। विदेशी विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थितों को भावविभोर किया। विश्वविद्यालय में विदेशी भाषाओं– चीनी, जापानी, फ्रेंच एवं स्पेनिश में प्रवेशित विद्यार्थियों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। फ्रेंच, स्पेनिश, जापानी एवं चीनी भाषाओं के अध्यापक डॉ. संदीप कुमार, डॉ. रवि कुमार, श्री सन्मति जैन, डॉ. अनिर्वाण घोष ने सभी विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया।

पेईचिंग संगोष्ठी में अनिर्बाण घोष की सहभागिता

28 अक्टूबर, 2017; चीन के पीकिङ विश्वविद्यालय में दक्षिण एशिया अध्ययन विभाग द्वारा 'एशिया में हिंदी : पूर्वी एशियाई देशों के परिप्रेक्ष्य में भारत का अध्ययन' विषय पर 27–28 अक्टूबर, 2017 को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के चीनी भाषा के सहायक प्रोफेसर श्री अनिर्बाण घोष ने भाग लिया। संगोष्ठी में हिंदी भाषा के अलावा भारत के समाज, विभिन्न वर्गों में साहित्य चिंतन और महाकाव्यों के साथ–साथ भाषाविज्ञान और व्याकरण पर भी चर्चा की गई। श्री घोष ने 'चीन में हिंदी का अध्ययन : भारत–चीन द्विपक्षीय शैक्षणिक सहयोग का संभावित क्षेत्र' पर शोध पत्र पढ़ा।

राष्ट्रीय एकता में सरदार पटेल का अहम योगदान : प्रो. शर्मा

31 अक्टूबर, 2017 : सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता में सरदार वल्लभभाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके विचार देश की एकता और अखंडता के लिए आज भी प्रासंगिक है। विश्वविद्यालय में सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण, एकता दौड़, भाषण प्रतियोगिता तथा राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के निर्देशक तथा विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, कार्यक्रम के संयोजक जनसंपर्क अधिकारी श्री बी.एस. मिरगे और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक श्री राजेश लेहकपुरे प्रमुखता से उपस्थित थे। प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, प्रो. अनिल कुमार राय की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान फिल्म डिवीजन द्वारा सरदार पटेल पर निर्मित फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी ने किया तथा आभार सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे ने माना।

जर्मनी में भारत सप्ताह में हिंदी विश्वविद्यालय की सहभागिता

06 नवंबर, 2017 : जर्मनी के हैम्बर्ग शहर में आयोजित 7वें भारत सप्ताह में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र एवं प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने सहभागिता की। भारत सप्ताह के अंतर्गत 80 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो संस्कृति, साहित्य, कला, संगीत आदि से संबंधित था। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत जर्मनी के हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में आदिवासियों के जीवन पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र एवं प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने भाग लिया। भारत से भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों में श्रीमती डॉ. उषा शर्मा, श्री उदय प्रकाश, डॉ. अन्विता अब्बी, डॉ. राजाराम त्रिपाठी, सुश्री जसिंता केरकेट्टा आदि शामिल थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मिश्र और प्रतिकुलपति प्रो. शर्मा ने हैम्बर्ग विश्वविद्यालय और म.गां.अं.हि.वि., वर्धा के मध्य अकादमिक आदान–प्रदान स्थापित करने हेतु संबंधित अधिकारियों से वार्ता की तथा उन्होंने हैम्बर्ग स्थित भारतीय कॉन्सुलेट के कौंसिल जनरल मैदान लाल रैगर को विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकें व पत्रिकाएं भी भेंट की।

विकल्प देने वाली शिक्षा की जरूरत : कुलपति प्रो. मिश्र

11 नवंबर, 2017; शिक्षा जीवन में बदलाव लाने का माध्यम है और वह एक नजरिया देती है। वैश्विक परिदृश्य को समग्रता से देखने का काम शिक्षा करती है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें विकल्प देने वाली शिक्षा की अधिक जरूरत है, जिससे हम आत्मनिर्भर हो सकें। उक्त विचार कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने रखे। विश्वविद्यालय में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्म दिवस शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा दिवस कार्यक्रम के समन्वयक श्री ऋषभ कुमार मिश्र, सह समन्वयक डॉ. अप्रमेय मिश्र, डॉ. धर्मेंद्र शंभरकर, श्री समरजीत यादव, डॉ.रामार्चा पांडे, डॉ.अमित त्रिपाठी, डॉ. रामानंद यादव, श्री बी. एस. मिरगे आदि सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद गांधी हिल्स से आर्वी नाका तक शिक्षा संदेश रैली निकाली गई। शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेआतों को कुलपति प्रो. मिश्र के द्वारा गालिब सभागार में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण के पूर्व विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसका संचालन बीएड की छात्रा सुश्री शालिनी झा और सचि मिश्रा ने किया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन : प्रासंगिकता एवं व्यवहार्यता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

16 नवंबर, 2017; पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन भारत की उन्नति का आधार है और वह विश्व को दिशा देने वाला भी है। उक्त विचार सामाजिक चिंतक, प्रज्ञा प्रवाह नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक जे. नंदकुमार ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन : प्रासंगिकता एवं व्यवहार्यता' विषय पर 16 नवंबर, 2017 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। विचार गोष्ठी के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. कुमार शास्त्री, नागपुर, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय उपस्थित थे। यह संगोष्ठी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचार दृष्टि संकल्प से सिद्धि पर केंद्रित थी। इस अवसर पर प्रो. श्रीकांत सिंह की दो पुस्तकों का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार श्री सुधीर पाठक, प्रो. अरुण कुमार भगत, प्रो. चंद्रकांत रागीट, श्रीकांत सिंह, प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, प्रो. के. के. सिंह, प्रो. अरबिंद कुमार झा, प्रो. वृषभ प्रसाद जैन, प्रो. प्रीति सागर, डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. शोभा पालीवाल, डॉ. मनोज कुमार राय, डॉ. धरवेश कठेरिया, डॉ. अख्तर आलम, डॉ. रेणु सिंह, संदीप कुमार वर्मा, श्रीमती विशाखा सहित विश्वविद्यालय के अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

'त्रिलोचन का काव्य' पर व्याख्यान

22 नवंबर, 2017 : त्रिलोचन हिंदी के अद्भुत कवि हैं। उनके यहाँ मुक्तिबोध की तरह द्वंद्व नहीं है। प्रगतिशील परंपरा के बीच से उनकी भावना विकसित हुई है। सॉनेट लेखन की पश्चिमी परंपरा का इन्होंने देशीकरण किया है। ये विचार विख्यात कवि प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने 'त्रिलोचन का काव्य' विषयक व्याख्यान में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. प्रीति सागर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा मंचासीन थे। प्रो. शर्मा ने अपने व्याख्यान में त्रिलोचन के बहुत रोचक संस्मरण की चर्चा की।

अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. प्रीति सागर ने त्रिलोचन का काव्य संग्रह 'ताप के ताए हुए दिन' की कविताओं की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने किया।

मिशन समृद्धि में कारपोरेट जगत की हस्तियां हुईं शामिल

22 नवंबर, 2017 : मिशन समृद्धि का उद्देश्य शैक्षणिक, वैद्यकीय, रोजगार एवं सशक्तिकरण के प्रति दृष्टिकोण को जानना तथा वर्धा के निवासियों से जुड़कर स्थानीय स्तर पर उनके दृष्टिकोण को समझना है। ये विचार इन्टेशलेक्टग डिजाइन एरेना लिमिटेड के अध्यक्ष तथा प्रबंधकीय निदेशक अरुण जैन ने व्यक्त किए। वे म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में आयोजित मिशन समृद्धि के छठवें परिषद् के उद्घाटन समारोह के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान देशभर से कारपोरेट जगत की सौ से अधिक हस्तियां मौजूद थीं। शुरुआत में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने देशभर से आए कारपोरेट जगत की हस्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि नवाचार के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। कमल नयन बजाज फाउंडेशन के प्रमुख श्री अपूर्व बजाज ने कहा कि विकास कार्यों के लिए सकारात्मक सोच और लोगों की सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर श्री संतोष मैथ्यू, श्री पोपटराव पवार, सबाहत अजीम, शांतिलाल मुथा, डब्ल्यू.वी. आर. रेड्डी, डॉ. राकेश गुप्ता, प्रो. टी.करुणाकरण, डॉ. मंजू, डॉ. आमोद, डॉ. विभा गुप्ता, प्रो. असित सिन्हा, डॉ. श्याम भुतडा, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, प्रो. अनिल कुमार राय, श्री बसंत भाई, डॉ. गोपाल पालीवाल, डॉ. प्राण, डॉ. उपमा, डॉ. किशोर मोघे, डॉ. मिथिलेश, डॉ. शिवसिंह बघेल, श्री बी.एस. मिरगे, डॉ. अमित विश्वास, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. आमोद गुर्जर सहित सौ से अधिक कारपोरेट जगत की हस्तियां मौजूद थे।

पर्यटन पर्व मनाया

25 नवंबर, 2017; पर्यटन मंत्रालय एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत 'पर्यटन पर्व' का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए महाराष्ट्र और ओडिशा (उड़ीसा) राज्य के पर्यटन पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पर्यटन पर्व का आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल कुमार राय के निर्देशन में तथा संयोजन श्री राजेश लेहकपुरे, डॉ. सुरजीत सिंह द्वारा किया गया। पर्यटन पर्व के अंतर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में कुल 72 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

संविधान की संस्कृति को अपनाएं : डॉ. कासारे

27 नवंबर, 2017; भारतीय संविधान भाईचारा, समता, समानता, न्याय और सम्मान पर आधारित है। आर्थिक, सामाजिक समता और जनतंत्र की मजबूती के लिए संविधान में एक व्यक्ति, एक मत और एक मूल्य का सिद्धांत दिया हुआ है, जिसका पालन जरूरी है। उक्त विचार डॉ. एम. एल. कासारे ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में आयोजित संविधान दिवस समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में म.गां.फ्यू.गु.सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार मंचासीन थे। प्रो. शर्मा ने कहा कि संविधान के मौलिक कर्तव्य हमें सूत्र रूप में प्राप्त हुए हैं जिसमें सभी का हित है। प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को अपने अधिकार और कर्तव्यों को लेकर आवाज़ उठाने का हक है। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी श्री बी. एस. मिरगे ने किया तथा दूर शिक्षा निदेशालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. शैलेश मरजी कदम ने आभार माना।

विमर्श द्वारा 'महाभारत संवाद' का आयोजन

13 दिसंबर, 2017 : विश्वविद्यालय के वैचारिक मंच 'विमर्श' द्वारा भारतीय समुदायों की जिजीविषा की महाकथा महाभारत पर त्रिदिवसीय (11–13 दिसंबर) 'महाभारत संवाद' का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध कवि, आलोचक प्रो. विजय बहादुर सिंह थे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। प्रो. विजय बहादुर सिंह ने पहले दिन 'महाभारत में जाति' पर चर्चा की। विमर्श के संयोजक प्रो. शंभु गुप्त ने संवाद की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित राय ने किया। अध्यक्षीय वक्तव्य में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने महाभारत को भारतीय समुदायों की जिजीविषा की महाकथा बताया। दूसरे दिन के सत्र का संचालन डॉ. राकेश मिश्र ने किया। प्रो. विजय बहादुर सिंह ने भारतीय पृष्ठभूमि में वर्ग बोध की वर्तमान राजनीतिक–सामाजिक समझ तथा मार्क्स की आर्थिक आधार पर मानवीय चिंता को रेखांकित करते हुए अपनी बात कही। सत्र की अध्यक्षता हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने की। तीसरे दिन 'महाभारत में जेंडर व स्त्री–कथा' पर चर्चा हुई। संचालन स्त्री अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अवंतिका शुक्ला ने किया।

चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास पर राष्ट्रीय कार्यशाला

18 दिसंबर, 2017 : म.गां.अं.हिं.वि. तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास' विषय पर 18 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव श्री अतुल कोठारी ने कहा कि दुनिया का सबसे कठिन कार्य है मन को शांत रखना मगर जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए एकाग्रता ही आधार है। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि आज कुशल चरित्र की सबसे बड़ी कसौटी है कि हम अपने देश और समाज की चिंता करें साथ ही अपने अहंकार का परित्याग कर स्वयं के व्यक्तित्व का विकास करते हुए समग्र व्यक्तित्व का विकास करें। प्रो. के. के.

सिंह ने कहा कि पंचकोशी परिक्रमा यदि हम कर लें तो मनचाही मंजिल प्राप्त की जा सकती है। जिलाध्यक्ष, शिक्षा न्यास, अरविंद लोहड़े ने कहा कि हम सभी को जीवन में कम से कम एक बार श्रीमद्भगवत गीता का अध्ययन जरूर करना चाहिए। कार्यशाला के तीसरे सत्र में सह–संयोजक, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास, मेडिकल कॉलेज, इंदौर, प्रो. मनोहर भंडारी ने उनका सह–नेतृत्व करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में 'नैतिकता और व्यक्तित्व का समग्र विकास' विषय पर चर्चा की। कुलपति, संत गाडगेबाबा अमरावती विद्यापीठ, डॉ. मुरलीधर चांदेकर ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यष्टि और समष्टि के रिश्ते पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संयोजन भाषा विद्यापीठ के प्रो. वृषभ जैन के नेतृत्व में किया गया।

'वर्तमान शिक्षा प्रणाली एवं उसका रूपांतरण' पर व्याख्यान

30 दिसंबर, 2017 : प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग एवं शिक्षा विद्यापीठ की ओर से 'वर्तमान शिक्षा प्रणाली एवं उसका रूपांतरण' विषय पर आयोजित व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि भारत में ज्ञान की प्राचीन और विकसित परंपरा थी। हमारे यहां अनेक मौलिक ग्रंथ लिखे गए जिसका पूरे विश्व पर प्रभाव रहा है परंतु आज हम इसे भूलते जा रहे हैं और हम पर यूरोपीय शिक्षा पद्धति हावी हो रही है। सुप्रसिद्ध इतिहासविद् आचार्य बाल मुकुंद ने विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा की हमारी विचारधारा भटक गई है। शिक्षा का पश्चिमीकरण और यूरोपीयकरण हो रहा है। शिक्षा पद्धति एक प्रकार के द्वंद्व में फंस गई है। उन्होंने महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा और नई तालीम शिक्षा पद्धति का उदाहरण देकर इस शिक्षा को सभी के विकास से जोड़ा। इसी कड़ी में मॉरीशस से विश्वविद्यालय आए अतिथि प्रह्लाद रामशरण ने मॉरीशस में गांधी और उनके प्रभाव को लेकर अपने विचार रखे। करीब 51 पुस्तकों के लेखक रामशरण ने कहा कि महात्मा गांधी की विचारधारा से मॉरीशस की जनता में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिलता है। इस दौरान प्रह्लाद रामशरण रचित पुस्तक 'महात्मा गांधी और मॉरीशस पर उनका प्रभाव' का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मंच पर शिक्षा विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. अरबिंद कुमार झा, डायस्पोरा विभाग के प्रभारी अध्यक्ष डॉ.राजीव रंजन राय मौजूद थे। संचालन डॉ. अप्रमेय मिश्र ने तथा मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अमित त्रिपाठी ने आभार माना।

20 वें स्थापना दिवस पर कवि सम्मेलन

07 जनवरी, 2018: विश्वविद्यालय के 20वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 7 जनवरी को गालिब सभागार में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी की प्रमुख उपस्थिति में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन साहित्य विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. रामानुज अस्थाना ने किया तथा आभार कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान ज्ञापित किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री त्रिपाठी ने राजनीति, ज्ञान और मनुष्यता से जुड़ी अपनी कविताओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। कवि सम्मेलन में विश्वविद्यालय के प्रो. प्रीति सागर, प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, श्री शिव शंकर सिंह, डॉ. हरप्रीत कौर, श्री सराज अहमद, डॉ. अनवर सिद्दीकी, डॉ. अखिलेश दुबे, श्रीनारायण सिंह, डॉ. अमरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र तथा शोधार्थी श्री दिनेश पांडे, सुश्री श्वेता, श्री अनूप कुमार सिंह, श्री श्याम प्रकाश, श्री गौरव कुमार ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

राष्ट्रीय, पहचान, स्वाभिमान और सम्मान की भाषा बने हिंदी: राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी

20वां स्थापना दिवस समारोह, हिंदी सेवियों को 'हिंदी सेवी सम्मान'

8 जनवरी, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के 20 वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी भाषा को देश और दुनिया में एक प्रमुख भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए हमें हिंदी का एहसास और भारतीयता को प्रकट करने की भाषा के रूप में प्रयोग करना चाहिए। हिंदी हमारी राष्ट्रीय पहचान, स्वाभिमान और सम्मान की भाषा बने इसके लिए प्रयास होना चाहिए। हिंदी को तकनीकी के साथ जोड़कर बदलती आवश्यकताओं के अनुसार हिंदी भाषा के शब्द खोजने की आवश्यकता है। अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ भवन के प्रांगण में भारतेंदु सभा मंडप में आयोजित समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस दौरान वर्धा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री रामदास तडस विशिष्ट अतिथि, भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. के.जी. सुरेश मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, प्रो. देवराज, प्रो. एल. कारूण्यकरा मंचासीन थे। समारोह में देश एवं विदेश के विभिन्न भाषाओं के साहित्यकारों को विश्वविद्यालय की ओर से 'हिंदी सेवी सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस वर्ष विश्ववद्यिालय की ओर से सुश्री मालती जोशी (मध्य प्रदेश), डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र (ओडिशा), श्री तेजेंद्र शर्मा (लंदन), डॉ. रणजीत साहा (दिल्ली), डॉ. तात्यांना ओरांस्कया (जर्मनी), प्रो. मिलेना ब्राटोइएवा (बल्गारिया), डॉ. पी.के. सुब्रमण्यम (तमिलनाडु), श्री सुरेश शर्मा (महाराष्ट्र) को 'हिंदी सेवी सम्मान' दिया गया। उन्हें राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी की ओर से मानपत्र, सूत की माला प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन साहित्य विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. प्रीति सागर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ एवं समापन राष्ट्रगान की धुन बजाकर किया गया। मुख्य समारोह प्रारंभ होने से पूर्व राज्यपाल श्री त्रिपाठी ने गांधी हिल्स पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया।

20वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संध्या

8 जनवरी 2018: विश्वविद्यालय के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतेंदु सभा मंडप में नाटक, लोकनृत्य, लोकगीत का आयोजन किया गया। इस दौरान मालवी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। उज्जैन से आई कलाकारों की टीम ने तेजाजी यात्रा, घूमर,

पनिहारी, मटकी, कान्हा भुआल की प्रस्तुति दी। इन लोकनृत्यों के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को सम्मोहित तो किया ही साथ ही 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' जैसे कई प्रासंगिक संदेश भी दिए। इस लोकनृत्य के बाद विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग के विद्यार्थियों ने मैथिलीशरण गुप्त रचित काव्य 'यशोधरा' का मंचन नृत्य–नाटिका शैली में किया। नाट्य प्रयोक्ता आलोकचंद्र पांडेय, वाराणसी थे। नाटक का प्रस्तुति प्रबंधन एवं सहायक निर्देशन प्रदर्शनकारी कला विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने किया। नाट्य प्रस्तुति के बाद आरा, बिहार से आए कलाकारों ने भोजपुरी लोकनृत्य 'छठिहारी से कटिहारी' द्वारा दर्शकों के सामने जीवनचक्र के सभी रंगों को प्रस्तुत किया। छठिहारी यानी जन्मकाल से लेकर कटिहारी यानी श्मशान घाट तक की इस यात्रा में सुख–दुख, मिलन–विरह, हास्य–रूदन जैसे सभी रंगों से सज्जित इस प्रस्तुति में भोजपुरी मिट्टी की सौंधी महक को दर्शकों ने महसूस किया।

स्थापना दिवस पर हिंदी सेवी सम्मान से अलंकृत अतिथियों के साथ संवाद

08 जनवरी, 2018 : विश्वविद्यालय के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर गालिब सभागार में हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित अतिथियों–सुश्री मालती जोशी (मध्य प्रदेश), डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र (ओडिशा), श्री तेजेंद्र शर्मा (लंदन), डॉ. रणजीत साहा (दिल्ली), डॉ. तात्यांना ओरांस्कया (जर्मनी), प्रो. मिलेना ब्राटोइएवा (बल्गारिया), डॉ.पी.के. सुब्रमण्यम (तमिलनाडु), श्री सुरेश शर्मा (महाराष्ट्र) का विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी तथा शोधार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। कार्यक्रम का संचालन गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राकेश मिश्र ने किया।

बहुभाषाओं से प्रवाहित होगी हिंदी : कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

10 जनवरी, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन 10 जनवरी को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मंच पर साहित्य विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. प्रीति सागर, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. के.के. सिंह, भाषाविज्ञानी तथा भाषा विद्यापीठ के प्रो. वृषभ प्रसाद जैन, कार्यक्रम के संयोजक एवं डायस्पोरा विभाग के प्रभारी अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन राय मंचासीन थे। कुलपति प्रो. मिश्र ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि अध्ययन और अध्यापन पद्धति को विकसित करने के लिए कार्य करते हुए हमें अन्य भाषाओं के शब्दों को हिंदी मे लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉ. मुन्नालाल गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए और थाईलैंड की विदेशी छात्रा एवं विद्यार्थी पलाश ने कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी विद्यार्थियों के लिए प्रकाशित पत्रिका (देशांतर) का वितरण विदेशी विद्यार्थियों में किया गया।

विश्व पुस्तक मेले में 'विनोबा संचयिता' का लोकार्पण

13 जनवरी, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा द्वारा प्रकाशित 'विनोबा संचयिता' ग्रंथ का लोकार्पण 13 जनवरी को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित पुस्तक मेले के हॉल संख्या 12, स्टॉल संख्या 112–113 में किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार प्रो. मैनेजर पांडेय, प्रो. गोपेश्वर सिंह, आकाशवाणी केंद्र, पटना के उपनिदेशक कवि राजेंद्र उपाध्याय, कथाकार संजीव, पत्रकार राहुल देव, लेखिका वर्तिका नंदा, विवि की बहुवचन पत्रिका के संपादक श्री अशोक मिश्र, प्रकाशन प्रभारी श्री राजेश कुमार यादव, सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार, जनसंपर्क अधिकारी श्री बी. एस. मिरगे, सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय रंगमंच सम्मेलन

15 जनवरी, 2018 : वरिष्ठ रंगकर्मी, निर्देशक तथा अभिनेत्री सुश्री उषा गांगुली ने कहा कि रंगमंच एक बड़ी शक्ति है। रंगमंच में समाज को बदलने की शक्ति है। प्रत्येक नाटक के कण–कण में प्रतिवाद मौजूद है। आज के दौर में नुक्कड़ एवं नाटक थम से गए हैं और सन्नाटा सा छाया हुआ है। इस सन्नाटे को तोड़ने की जरूरत है। वह म.गां.अं.हिं.वि. में इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर थिएटर रिसर्च (आईएफटीआर) की भारतीय शाखा इंडियन सोसाइटी फॉर थिएटर रिसर्च (आईएसटीआर) एवं विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रंगमंच सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री संभाजी भगत, कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान, आईएसटीआर के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. रवि चतुर्वेदी, सम्मेलन संयोजक डॉ. सतीश पावड़े, आईएसटीआर की महासचिव डॉ. विभा शर्मा मंचासीन थे। 15 से 17 जनवरी के दौरान "प्रदर्शन के लिए प्रतिरोध या प्रतिरोध का प्रदर्शन" विषय पर आयोजित सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में विचार–विमर्श किया गया। सम्मेलन में रूस की डॉ. श्वेतलाना, पौलेंड की रंगकर्मी जिस्तावना, पोर्टिलो मासिल, श्रीलंका की थिलिनी दर्शनी मुनासिंघे सहित भारत भर के विभिन्न राज्यों के रंगकर्मी, विद्यार्थी एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की।

मानवाधिकार पर कार्यशाला

18 जनवरी, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के स्त्री अध्ययन विभाग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'मानवाधिकार' पर एक दिवसीय आधारभूत कार्यशाला का आयोजन 18 जनवरी को गालिब सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर प्रो. मनोज कुमार ने स्वागत वक्तव्य दिया। मुख्य वक्ता नागपुर के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश खैरनार ने 'मानवाधिकार, संवैधानिक प्रावधान एवं सार्वभौमिक उद्घोषणा, 1948' विषय पर वक्तव्य दिया। मुंबई की अधिवक्ता एड. लारा जेसनी ने 'भारत में मानवाधिकार संस्थाएं', 'मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार तथा राज्य मानवाधिकार की उत्पत्ति एवं

कार्य' विषय पर वक्तव्य दिए। 'महिलाओं एवं बच्चों के मानवाधिकार', 'महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव नष्ट करने पर संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन 1979 एवं इसके वैकल्पिक मूल पत्र', 'बच्चों के अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन 1989 एवं इसके वैकल्पिक मूल पत्र', 'अन्य कमजोर वर्गों के मानवाधिकार', 'मानवाधिकार एवं बंधुआ मजदूरी तथा भारत में बाल मजदूरी' विषय विमर्श किया गया।

खेल–कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

26 जनवरी, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. के मेजर ध्यानचंद्र क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित खेल–कूद प्रतियोगिता 2018 का भव्य उद्घाटन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि खेल से हमारा सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने खेल प्रोत्साहन वक्तव्य, खेल समिति के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी ने स्वागत एवं खेल स्पर्धा का परिचय दिया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2018 में टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, एथेलिटिक्स, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट तथा योग आदि खेलों का समावेश है।

विविध प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित

26 जनवरी, 2018 : गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर म.गां.अं.हिं.वि. के मेजर ध्यानचंद्र कीड़ा प्रांगण में आयोजित खेल–कूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के दौरान कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने गांधी जयंती, सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस तथा विश्वविद्यालय के 20वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विविध स्पर्धा के विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र तथा भेंट राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंदवर्धन शर्मा, कुलसचिव श्री कादर नवाज खान, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, प्रो. अनिल कुमार राय, प्रो. के.के. सिंह, प्रो. संतोष भदौरिया, प्रो. प्रीति सागर, प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. अखिलेश दुबे सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, अध्यापक, अधिकारी, कर्मी, शोधार्थी तथा विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे।

राकेश मिश्र को रवींद्र कालिया स्मृति पुरस्कार

01 फरवरी, 2018 : वर्ष 2017 का रवींद्र कालिया स्मृति पुरस्कार म.गां.अं.हिं.वि के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर, युवा कहानीकार राकेश मिश्र को प्रदान किया गया। निर्णायक समिति के सदस्यों – अखिलेश, विजय राय और जितेंद्र श्रीवास्तव ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी आदि ने राकेश मिश्र को बधाई दी है।

दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति एवं विरासत' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

25 फरवरी 2018 : अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली एवं म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति एवं विरासत' विषय पर दो दिवसीय (24–25 फरवरी) अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा में किया गया। संगोष्ठी में भारतीय लोक परंपरा, भारतीय कला (दृश्य एवं प्रदर्शनकारी कला), भारतीय स्थापत्य एवं विरासत, भारतीय दर्शन, भारतीय आर्थिक प्रभाव, व्यापार एवं वाणिज्य, भारतीय सामुद्रिक गतिविधियाँ, भारतीय प्रवासी समुदाय, भारतीय धर्म एवं अध्यात्म, भारतीय नीति एवं जीवन मूल्य, भारतीय प्रज्ञा, भारतीय साहित्य, राजस्व एवं प्रशासन की भारतीय संकल्पना आदि विषयों पर विमर्श किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ. ओम जी उपाध्याय, भारतीय इतिहास संकलन योजना के अध्यक्ष डॉ. सतीश चंद्र मित्तल, भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संयोजक श्री बाल मुकुंद पांडे, संगोष्ठी के मुख्य संयोजक प्रो. एस.पी. बंसल, आयोजन सचिव प्रो. अनिल कुमार राय सहित संगोष्ठी में सर सुमना सिरी (थाईलैंड), श्री राम माधव जी, प्रो. रामदेव भार्गव, प्रो. रविंद्र कहिरे, प्रो. एस.पी. बंसल, प्रो. कपिल देव मिश्रा, प्रो. सुष्मिता पांडे, प्रो. बी.आर. मनी, प्रो. वसन शिंदे, प्रो. अरविंद जामडेकर, प्रो. एस. कल्यान रमन, प्रो. सुरजित घोष, प्रो. एस.सी. मित्तल, प्रो. आय. एस. विश्वकर्मा, प्रो. रजनीश के. शुक्ला, प्रो. गौरी माहूलकर, प्रो. ए. नारायण राय, प्रो. राजीव रंजन, प्रो. हिमांशु चतुर्वेदी, प्रो. सुमन जैन, प्रो. अरूणा सिन्हा., प्रो. विगनेश त्यागी, प्रो. वैद्यनाथ लाभ, प्रो.रागेंद्र तंवर, प्रो. के.टी.एस. सानु, प्रो. संतोष शुक्ला, प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, प्रो. सुरजीत जॉली आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की भारतीय संस्कृति एवं विरासत को लेकर होने वाली इस संगोष्ठी से भारतीय इतिहास एवं संस्कृति की खोज करने में मदद मिलेगी। देश–विदेश से आए विद्वानों, शोधार्थियों ने विभिन्न सत्रों में विचार रखे तथा शोध पत्र प्रस्तुत किए।

रोठा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर

13 मार्च 2018 : राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) समाज से संवाद करने का तथा अपने व्यक्तित्व को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम है। अपने आसपास के परिसर को जानना, समझना तथा उसके विकास में भागीदार बनने का एक अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना उपलब्ध कराती है। उक्त विचार म.गां.अं.हिं.वि. के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने रखे। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का उद्घाटन 7 मार्च को रोठा गांव में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मंच पर विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, रासेयो के संयोजक राजेश लेहकपुरे, रोठा ग्राम पंचायत के सरपंच उमेश सराटे, उपसरपंच मनोज गावंडे, उच्च प्राथमिक शाला की मुख्याध्यापक मेघे, रोठा ग्राम पंचायत की सदस्या श्रीमती शोभा शंभरकर, आशीष कोल्हे, वनिताबाई इवनाते मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क

अधिकारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया एवं आभार ज्ञापन सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे ने प्रस्तुत किया। सात दिवसीय (7 से 13 मार्च, 2018) शिविर में विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ–साथ लोक जागरूकता के उपक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आयोजित 'कृषि संवाद' कार्यक्रम के दौरान मिलिंद इंगले ने कहा कि किसान खेती से अधिक से अधिक फसल लेने के लिए तकनीक आधारित खेती करने की आवश्यकता है। पानी की कमी और मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए जमीन की क्षमता के अनुसार तकनीक अपनाई जानी चाहिए। इस कार्यक्रम में जानकी देवी बजाज संस्थान, वर्धा के समन्वयक विनेश काकडे, विनेश इंगले, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे शामिल हुए। विशेष शिविर के दौरान क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर रोठा गांव में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का संदेश देते हुए भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में उच्च प्राथमिक शाला, रोठा के विद्यार्थी, शिक्षक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, रोठा गांव के महिला–पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला सक्षमीकरण, महिला शिक्षा का संदेश दिया तथा सावित्रीबाई फुले के जीवन एवं कार्यों पर भाषण दिए। समापन सत्र में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण जीवन में आ रहे बदलाव को नजदीक से जानने और उन बदलाव को अपने अनुसंधान का विषय बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर से काफी सहायता मिल सकती है। गांवों में शिक्षा, बचत समूह, स्वास्थ्य, कृषि और कृषि आधारित उद्योगों की वास्तोविक स्थिति को समझने के लिए शिविर अच्छा माध्यम साबित हो सकते हैं। ग्रामीण जीवन को उन्नत बनाने के लिए उन परिवेश पर अनुसंधान की आवश्यवकता है। समापन समारोह के अवसर पर मंच पर रोठा के सरपंच उमेश सराटे, उपसरपंच मनोज गावंडे, रासेयो के संयोजक राजेश लेहकपुरे, तेजस्विनी ग्राम सेवा संघ रोठा की उपाध्यक्ष करुणा शंभरकर, सदस्य आशीष कोल्हे तथा जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश लेहकपुरे ने किया तथा आभार बी. एस. मिरगे ने माना। इस अवसर पर शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण प्रतिकुलपति प्रो. शर्मा के हाथों किया गया।

राष्ट्रव्यापी स्तर पर मनाई जाएगी 'बा–बापू' की 150वीं जयंती

14 मार्च 2018 : बा–बापू की 150 वीं जयंती को मनाए जाने पर विचार करने हेतु गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर 12 से 14 मार्च, 2018 को देश के 11 राज्यों से आए शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के निदेशक दीपंकर श्रीज्ञान, पीसफुल सोसाइटी, गोवा के कुमार कलानंद मणि, म.गां.अं.हि.वि. के म.गां.फ्यू.गु. सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, बसंत भाई, राजस्थान से आए पूर्व कुलपति प्रो. सोहन राज तातेड़, उत्तराखंड से आए प्रो. हिमांशु बौड़ाई, प्रो. बी. एल.साह, प्रो. आर. के गुप्ता, गुजरात से प्रो. पुष्पा मोतियानी, मध्यप्रदेश से प्रो. आर. एस. मेहरा, मुंबई से डॉ. श्यामसुंदर पांडेय, बिहार से डॉ. अमित रंजन सिंह एवं हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्राध्यापक तथा शोधार्थी डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. सुप्रिया पाठक, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, निलामे गजानन, जोगदंड शिवाजी, कमल शर्मा, त्रिपुरा के विष्णु दास, दिल्ली से विश्वास गौतम, गांधी फ़ेलो कनक, डॉ. अकांक्षा, कुणाल दीप (कनाडा) आदि उपस्थित थे। बैठक में अप्रैल 2018 से 2 अक्तूबर 2019 तक दीर्घकालिक और अल्पकालिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर बा–बापू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से लोगों को जोड़ने हेतु ढेर सारे कार्यक्रम तय किए गए। अप्रैल 2018 से अक्तूबर 2019 तक की कार्यनीति तैयार की गई है, जिसे 26 से 28 अप्रैल 2018 को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा।

संकाय संवर्धन कार्यक्रम

19 मार्च, 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. के म.गां.फ्यू.गु.सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र और राष्ट्रीय ग्रामीण संस्थान परिषद, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय ग्रामीण सहभागिता में संकाय संवर्धन कार्यक्रम का उद्घाटन 19 मार्च को किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने की। संचालन डॉ. मिथिलेश कुमार ने किया। स्वागत वक्तव्य देते हुए केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि अपेक्षा है कि इन सात दिनों में हम संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। पाठ्यक्रम का सामाजिक सरोकार स्पष्ट होना चाहिए। पाठ्यक्रम को समाज की जरूरतों के अनुकूल और समाज को बेहतर दिशा में ले जाने वाला होना चाहिए। नेशनल काउंसिल ऑफ रूरल इंस्टीट्यूट के डी.एन. दास ने कहा कि 1995 से एनसीआरआई कार्यरत है। इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के विश्वविद्यालयों को ग्रामीण जरूरतों से जोड़ना है। इसके अनुरूप पाठ्यक्रम को विकसित करने और ग्रामीण समुदाय के साथ तादात्म्य स्थापित करना है। प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने कहा कि बड़ी उत्सुकता की बात है कि हिंदी विश्वविद्यालय और एनसीआरआई के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी और विनोबा की कर्मभूमि में आयोजित हो रही इस कार्यशाला से ग्रामीण क्षेत्र और ग्रामीण विकास से संबंधित पाठ्यक्रम विकसित करने में मदद मिलेगी। उद्घाटन सत्र के अंत में आभार प्रकट करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव कादर नवाज खान ने कहा कि उम्मीद है कि देश के विभिन्न हिस्सों से आए समाज कार्य के प्राध्यापक इस कार्यशाला से नए अनुभव लेकर जाएंगे।

'शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन के विविध आयाम' पर राष्ट्रीय कार्यशाला

21 मार्च 2018 : म.गां.अं.हिं.वि. के दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा 'शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन के विविध आयाम' विषय पर आयोजित छह दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो. मनोज कुमार एवं निदेशक प्रो. कृष्ण कुमार सिंह मंचस्थ थे। प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने कहा कि शिक्षक अपने अध्यापन में सदैव नवाचार का प्रयोग करते हुए अपने विद्यार्थियों को तकनीकी व मानवीय संवेदना के समिश्रण के द्वारा एक उच्च आदर्श प्रतिमान को गढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्रो. मनोज कुमार ने शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन को शिक्षक गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण स्तंभ पर आधारित कर उनके गुणवत्ता उन्नयन

को समृद्ध करने का आह्वान किया। स्वागत वक्तव्य में निदेशक प्रो. के. के. सिंह ने शिक्षक शिक्षा में आ रहे विभिन्न नैतिक सामाजिक एवं शैक्षणिक समस्याओं की तरफ विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीर कुमार पांडेय एवं आभार प्रदर्शन डॉ. गुणवंत सोनोने ने किया।

'अनुसंधान' पर सात दिवसीय कार्यशाला

21 मार्च, 2018 : अनुसंधान में मात्रात्मक एवं गुणात्मक पद्धतियां एक दूसरे के पूरक हैं। अनुसंधान एक आनंद देने वाला विषय है। यह व्यक्ति के सोच और चिंतन को विस्तार देता है। उक्त विचार जाने–माने मनोविज्ञानी तथा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवां के पूर्व कुलपति प्रो. उदय जैन ने व्यक्त किए। वे म.गां.अं.हिं.वि. के शिक्षा विभाग में पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत एसपीएसएस के माध्यम से 'सामाजिक विज्ञान में अनुप्रयुक्त सांख्यिकीय विधियां' विषय पर 21 से 28 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर ने की। उद्घाटन सत्र में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के प्रो. सुशील कुमार त्यागी, राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के पूर्व प्रोफेसर अनिल कुमार, कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. शिरीष पाल सिंह, कार्यशाला समन्वयक डॉ. अमित कुमार त्रिपाठी मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन सारिका राय शर्मा तथा आभार डॉ. अमित कुमार त्रिपाठी ने माना। स्वागत वक्तव्य डॉ. अप्रमेय मिश्र ने दिया। कार्यशाला में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं से 70 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अधिवेशन में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र का व्याख्यान

21 मार्च, 2018 : भारतीय विश्वविद्यालय संघ के दो दिवसीय अधिवेशन की शुरूआत केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ में 20 मार्च को हुई। इस अधिवेशन में म.गां.अं.हिं.वि. के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि हमारी चिंता का विषय यह है कि आज का छात्र समाज केंद्रित न होकर व्यक्ति केंद्रित हो गया है। इसके कारण उसके व्यक्तिगत जीवन में कई नवीन समस्या उत्पन्न हो रही हैं, साथ ही समाज को भी उसकी शिक्षा का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। अधिवेशन का उद्घाटन तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संबलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीपक बेहरा ने कहा कि एक सफल और उपयोगी जीवन के लिए हमें विषय ज्ञान की आवश्यकता सिर्फ 20 फीसदी ही होती है। शेष 80 प्रतिशत में जीवन जीने की कला की आवश्यकता होती है। आधुनिक ज्ञान–विज्ञान हमें सुविधा संपन्न बना रहा है, लेकिन प्राचीन ज्ञान–विज्ञान हमें आनंदपूर्वक जीवन व्यतीत करने का मार्ग दिखाता है। अधिवेशन में दलाई लामा एवं उपस्थित कुलपतियों के बीच संवाद हुआ। इस संवाद के दौरान क्वीसलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रो. नूना, बेलगाम के प्रो. विवेक सावजी, प्रो. सीताराम राय, जर्मनी विश्वविद्यालय की डॉ. अदिति गोस्वामी, जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह, केरल के प्रो. आइजेक, प्रो. फुरकान कमर, शिलांग के प्रो. पी. श्रीवास्तव ने मानव मूल्य, उच्च शिक्षा तथा तकनीकी से संबंधित कई प्रश्न किए। इन प्रश्नों के उत्तर में दलाई लामा ने कहा कि करुणा है तो हम किसी का बुरा करने का विचार ही अपने मन में नहीं आने देंगे। व्यक्ति के मन को प्रशिक्षित करके करुणा का विकास संभव है। वैज्ञानिक प्रयोगों से इस बात को सिद्ध भी किया जा चुका है।

कनेडियन लेखिका बख्श संघा का व्याख्यान

22 मार्च 2018 : म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा के अनुवाद अध्ययन विभाग में कनाडा की पंजाबी कवयित्री बख्श संघा और रंगकर्मी जसवीर संघा ने 'पुस्तक और मैं' कार्यक्रम के तहत अपनी कविताओं और गीतों का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुवाद विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. देवराज ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने रचनाकर्म एवं पंजाबी डायस्पोरा संबंधी चर्चा की। बख्श संघा ने प्रवासी पंजाबियों के जीवन के सुखांत–दुखांत के बारे में बताते हुए अपने लेखन में सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक सरोकारों को लेकर चर्चा करते हुए प्रवासी स्त्री की समस्याओं और जीवन संघर्षों को प्रस्तुत करने वाले अपने गीतों को गाकर अपनी पुस्तक संबंधी चर्चा की। जसवीर संघा ने लोकगीतों के माध्यम से प्रवासी पंजाबी जीवन शैली संबंधी चर्चा की। इस दौरान स्त्री अध्ययन विभाग के प्रो. शंभु ने गुप्त ने बख्श संघा की कविताओं की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उन्हें संवेदनशील रचनाकार बताया। आभार डॉ. राम प्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ. हरप्रीत कौर ने किया।

इलाहाबाद केंद्र

हिंदी रंगमंच दिवस

03 अप्रैल, 2017 : 'हिंदी रंगमंच दिवस' के उपलक्ष्य में परफार्मिंग आर्ट और हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों ने काव्य नाटक 'अंधा युग', शिक्षिका सुश्री अनीता गुप्ता के मार्गदर्शन में मंचन किया। नाटक 'अंधा युग' के माध्यम से युद्ध की विभीषिका को विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता द्वारा बहुत ही कम संसाधनों जैसे– टार्च, बल्बों, रिकॉर्डेड संगीत, लालटेन, समाचार पत्रों द्वारा युद्ध के उपरांत की विभीषिका को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में दृश्यांकन किया। इसमें अभिषेक पांडेय, मधुकर मिश्रा, आदित्य प्रताप सिंह, सामनित मौर्य, राहुल कुमार सिंह, गौरव शर्मा, अनुपम प्रकाश यादव, दिलीप कुमार, निहारिका पटेल, मणि यादव, जितेंद्र मणि त्रिपाठी, कौशलेंद्र, हर्ष श्रीवास्तव इत्यादि ने सक्रिय सहभागिता की।

'समाज, साहित्य और आज का समय' पर व्याख्यान

30 अक्टूबर, 2017 : 'समाज, साहित्य और आज का समय' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान समारोह में आलोचक और कवि विजय बहादुर सिंह ने कहा कि लेखक शब्द को उसके समूचे अर्थ में प्रतिष्ठित करता है। जब शब्द सिर्फ सुनने को बचा है तब संकट बड़ा है। भाषा आदमी की

पहचान है साहित्य इसे प्रतिष्ठित करता है। साहित्य आपकी पहचान को पुनः प्रतिष्ठित करता है। संकट के समय मूल्य बदल देने वाले व्यक्तियों की आज भरमार है। इसे उन्होंने निराला की काव्य पंक्ति 'जैसे वे हों शब्द मात्र' के हवाले से व्याख्यायित किया। साहित्य का 'शब्द' आज सबसे ज्यादा खतरे में है। जब सारी प्रतिरोधी शक्तियों की आवाजें गुम हो जाती हैं तब लेखक और कवि की आवाज बुलंद होती है, यह बात उन्होंने भवानी प्रसाद मिश्र के लेखन पर बात करते हुए कही। साहित्य सुलतानी निगाहों में निगाहें डालता है, यह मुक्तिबोध कह गए हैं। लेखक अपनी रचना का उपयोग अपने व्यक्तित्व को प्रकाशित करने के लिए न करें। साहित्य आदमियत को रचना करने वाला होना चाहिए। आदमी को इंसान बनाना ही साहित्य का मूल उद्देश्य है। जब हमारी चेतना, समाज की चेतना बुझ जाती है तो उसे जगाने का काम साहित्य करता है। व्याख्यान के पूर्व स्वागत वक्तव्य और प्रस्तावना रखते हुए केंद्र के प्रभारी प्रो. संतोष भदौरिया ने कहा कि साहित्य अंतःकरण के आयतन का विस्तार करता है। प्रेमचंद ने कहा है कि 'साहित्य् जीवन की आलोचना है'। साहित्य हमें मूल्यों की पहचान कराना सिखाता है। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने संचालन तथा डॉ. सालेहा जरीन ने आभार व्यक्त किया।

कोलकाता केंद्र

'संचार शोध प्रविधि' पर व्याख्यान

07 फरवरी, 2018 : महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार उपाध्याय ने 'संचार शोध प्रविधि' पर व्याख्यान देते हुए शोधार्थियों के शोध विषयों, शोध प्रणाली, शोध उपागम और शोध क्षेत्र पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने जनसंचार के विद्यार्थियों–शोधार्थियों से मीडिया की भाषा के संदर्भ में सक्रियता बरतने को कहा। उन्होंने व्याख्यान में भाषा के स्वरूप में आ रहे बदलावों को समझने और उसे बेहतर बनाने के लिए जनसंचार के विद्यार्थियों–शोधार्थियों को जिम्मेदारी से आगे आने का आह्वान किया। केंद्र प्रभारी प्रो. कृपाशंकर चौबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

साहित्य के बिना पत्रकारिता नहीं चल सकती : राम बहादुर राय

12 फरवरी, 2018 : साहित्य और पत्रकारिता के अंतर्संबंध पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सुप्रसिद्ध पत्रकार राम बहादुर राय ने कहा है कि साहित्य के बिना पत्रकारिता नहीं चल सकती। उन्होंने प्रभाष जोशी का उदाहरण देते हुए कहा कि विनोबा को रिपोर्ट करते– करते प्रभाष जी पत्रकारिता में आए। पत्रकारिता के आरंभिक दिनों में प्रभाष जी कविताएं लिखते थे। प्रभाष जी की किताबों से पता चलता है कि उनके भीतर एक साहित्यकार निरंतर सक्रिय रहता था। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अच्युतानंद मिश्र ने कहा कि मौजूदा समय में पत्रकारिता में साहित्य के लिए जगह नहीं है। पत्रकारिता के सामने आज भाषा और मुद्दों को समझने की चुनौती है। डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि यह संक्रमण का दौर है जहां चीजें उद्देश्यहीन हो गई हैं। पत्रकारिता इतिहास के विशेषज्ञ विजय दत्त श्रीधर ने कहा कि पत्रकारिता साहित्य का वाहक है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के पिछले 190 वर्षों के इतिहास को देखें तो पत्रकारिता और साहित्य ने साथ–साथ विकास किया। साहित्य समालोचक अवधेश प्रधान ने कहा कि विजय दत्त श्रीधर जी ने पहली बार यह शोधपरक खुलासा किया कि 15 अगस्त 1867 को कविवचन सुधा का प्रकाशन हुआ था। इस तरह साहित्यिक पत्रकारिता के डेढ़ सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा में साहित्य और पत्रकारिता ने एक दूसरे को ताकत दी। कवि–कथाकार उदयन बाजपेयी ने कहा कि सत्य और न्याय की गुहार लगाना पत्रकारिता का काम है और समाज में जातीय स्मृति को जीवित रखना लेखक की बड़ी जिम्मेदारी है। संगोष्ठी को माधव राव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय की निदेशक डॉ. मंगला अनुजा और बीएचयू में जनसंचार के सहायक प्रोफेसर डॉ. धीरेंद्र राय ने भी संबोधित किया। डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम का संचालन, प्रो. कृपाशंकर चौबे ने स्वागत भाषण और प्रो. चंद्रकला पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कोलकाता हिंदी संवाद की संगोष्ठी

17 फरवरी, 2018 : कोलकाता हिंदी संवाद के तहत सत्यजीत रे निर्देशित फिल्म 'सद्गति' का प्रदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र के विद्यार्थियों–शोधार्थियों–प्राध्यापकों एवं अतिथि वक्ताओं ने 'सद्गति' कहानी एवं उसके सिनेमाई रूपांतरण पर विस्तार से चर्चा की। आरंभ में डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि इसका मूल उद्देश्य छात्रों–शोधार्थियों को सम–सामयिक मुद्दों से अवगत कराना तथा उनके अभिव्यक्ति कौशल के विकास के लिए विविध अवसर प्रदान करना है। इस दौरान प्रो. चंद्रकला पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें फिल्म देखने का नज़रिया बदलना चाहिए। उन्होंने ऐसे आयोजनों को आज की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

मातृभाषा दिवस पर बहुभाषी रचना पाठ

23 फरवरी, 2017: 'विश्व मातृभाषा दिवस' के अवसर पर 'बहुभाषी रचना पाठ' का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी तथा पत्रकारिता के विद्यार्थियों–शोधार्थियों ने अपनी मातृभाषा तथा दूसरी अन्य भाषाओं में विविध रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर भोजपुरी, मगही, बांग्ला, अवधी, मैथिली, अंग्रेज़ी, उर्दू, राजस्थानी, हरियाणवी, नेपाली तथा हिंदी में स्वरचित एवं दूसरे कवियों की गद्य–पद्य रचनाओं एवं परंपरागत लोकगीतों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. चंद्रकला पांडेय, संचालन चाँदनी कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विवेक सिंह ने किया। इस आयोजन के संयोजक थे, केंद्र के कार्यकारी प्रभारी व सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. सुनील कुमार।

'कविता होने की शर्त' पर व्याख्यान

5 मार्च, 2018 : 'कविता होने की शर्त' विषय पर आयोजित व्याख्यान समारोह में सुप्रसिद्ध कवि और गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने कहा कि छंद कविता का आकार या स्वरूप है। छंद के सांचे में ही कविता का सौंदर्य है। छंद कविता का कवच है। उन्होंने कहा कि हिंदी कविता की मुख्यधारा नवगीत है और वह इस सदी का सार्वभौम आंदोलन है। उन्होंने इस पर दुख जताया कि हिंदी के प्रतिभाशाली कवियों ने अपनी अक्षमता को ढंकने के लिए छंद को काव्य से बहिष्कृत किया और उसके लिए बहुत समय नष्ट किया। उतना श्रम यदि उन्होंने छंद को साधने के लिए किया होता तो वे हिंदी कविता को भूसे के बजाय अन्न से भरते। उन्होंने 'सरस्वती' शीर्षक कविता से काव्य पाठ प्रारंभ किया : अपनी चिट्ठी बूढ़ी मां मुझसे लिखवाती है। जो भी मैं लिखता हूं वह कविता हो जाती है। उसके बाद उन्होंने मैंने जीवनभर वैराग्य जिया है सच है, लेकिन तुमसे प्यार किया है ये भी सच है, सुनाया। उन्होंने कुछ मुक्तक भी सुनाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. कृपाशंकर चौबे ने कहा कि डॉ. मिश्र छठे दशक से ही काव्य मंच पर छाए हुए हैं और छंद के कारण और वस्तु के कारण।

'हिंदी भाषा की संरचना' पर व्याख्यान

07 मार्च, 2018 : 'हिंदी भाषा की संरचना' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान समारोह में मिजोरम विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि मैथिली, भोजपुरी, अवधी, हरियाणवी, मगही जैसी बोलियों के सौंदर्य से ठेठ हिंदी का ठाठ निर्मित होता है। इन्हीं बोलियों के सम्मिलित रूप को हिंदी कहा जाता है। इनसे प्राप्त जीवन शक्ति से हिंदी फलती–फूलती रही है। हिंदी अपनी बोलियों से ही नहीं, दूसरे भाषाओं से भी स्रोत ग्रहण करती रही है, कदाचित् इसीलिए वह नीरभरी नदी बन पाई है। प्रो. शर्मा ने कहा कि दूसरी भाषाओं के अनेक शब्द हिंदी में इस कदर घुल–मिल गए हैं कि लगता ही नहीं कि वे दूसरी भाषा के शब्द हैं। अंग्रेज शब्द फ्रेंच का है जिसे हम बेधड़क इस्तेमाल करते हैं। तुरुप डच का शब्द है जो हिंदी में खूब चलता है। उन्होंने कहा कि चिंता का विषय यह भी है कि हिंदी को उसकी सह भाषाओं–बोलियों से लड़ाने की कोशिश हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. कृपाशंकर चौबे ने कहा कि विचार का विषय यह भी है कि हिंदी की पहचान सिर्फ सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा या सबसे बड़े बाज़ार की ही न हो, बल्कि वह समर्थ बने तो अपने सरोकारों के कारण, अपनी अभिव्यक्ति की अपार संभावनाओं के कारण।

नाट्यशास्त्र और संचार पर व्याख्यान

12 मार्च, 2018 : 'नाट्यशास्त्र और संचार' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान समारोह में विश्वभारती, शांतिनिकेतन के जनसंचार के विभागाध्यक्ष प्रो. विप्लव लोहो चौधरी ने कहा कि नाटकों के संबंध में शास्त्रीय ज्ञान को नाट्य शास्त्र कहते हैं। यह रससिद्धांत की मौलिक संहिता है। इसकी मान्यता इतनी अधिक है कि इसके वाक्य 'भरत सूत्र' कहे जाते हैं। नाट्य शास्त्र नाटक के अलावा दूसरी विधाओं जैसे कविता, कहानी के लिए भी समान रूप से उपयोगी है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई शास्त्र, कोई शिल्प, कोई विद्या और कोई कला ऐसी नहीं है जिसका प्रतिनिधित्व नाट्यशास्त्र में न हो। संचार की संपूर्ण अवधारणा भी भरतमुनि का नाट्यशास्त्र देता है। नाट्यशास्त्र में केवल रचना के नियमों का आकलन नहीं होता बल्कि संचारक और प्रेक्षक का विवेचन भी होता है। उन्होंने कहा कि रस निष्पत्ति से संबंधित सभी तथ्यों का विवेचन संचार के क्षेत्र में भी उतने ही उपयोगी हैं। भारत के पास पर्याप्त देशज विद्या है इसलिए उसे विदेश की नकल करने की कोई जरूरत नहीं। अच्छी चीजें हम विदेश से भी लेंगे किंतु अपने यहां की अच्छी चीजों की उपेक्षा सही नहीं है। कोलकाता केंद्र के प्रभारी प्रो. कृपाशंकर चौबे ने स्वागत भाषण और डॉ. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

छायाचित्र छलकियाँ

'पत्रकारिता और समाज' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार श्री राहुल देव का स्वागत करते कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र। बाएं प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा व अन्य महानुभाव।
Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra welcoming Dr. Rahul Dev, Senior Journalist in a national seminar on 'Journalism and Society'. On the left Prof. Anand Vardhan Sharma and other dignitaries.

अज्ञेय स्मरण कार्यक्रम में अध्यक्षीय वक्तव्य देते कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र। मंच पर बाएं से प्रो. प्रीति सागर, प्रो. के.के. सिंह, प्रो. देवराज और प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल।
Professor Girishwar Misra, Vice Chancellor, MGAHV, delivering the presidential speech at the Agyeya Smaran Programme. Prof. Preeti Sagar, Prof. K.K. Singh, Prof. Devraj and Prof. Hanumanprasad Shukla (from the left) on the dias.

उद्‌बोधन देते हुए डॉ. बालमुकुंद। बाएं प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, दाएं जनसंचार के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय।
Dr. Balmukund while addressing. On the left Pro VC Prof. Anand Vardhan Sharma, on the right Prof. Anil Kumar Rai, HoD, Mass Communication.

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विचार व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र एवं अन्य विशिष्ट वक्ता।
Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra along with other eminent speakers while expressing his view in an International Conference.

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में योगासन करते कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र सहित विश्वविद्यालय के अध्यापक, कर्मी व विद्यार्थी।
Vice Chancellor Prof Girishwar Misra performing Yogasana with university teachers, staff and students in a program organized on International Yoga Day.

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में उद्‌बोधन देते कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र। मंच पर हैं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, कुलानुशासक डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर तथा योग अध्यापक।
Vice Chancellor Professor Girishwar Misra addressing at the International Yoga Day celebrations. On the stage, Dean of Students Welfare Prof. Anil Kumar Rai, Dr. Gopal Krishna Thakur and Yoga Teacher.

बालरंग कार्यक्रम में लोकनृत्य का प्रदर्शन करते प्रतिभागी बच्चे।
Children performing folk dance in the Balrang program.

कबीर हिल में वृक्षारोपण करते कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र। साथ में हैं विश्वविद्यालय के कर्मी, विद्यार्थी तथा वैद्यकीय जनजागृति मंच के सदस्यगण।
Vice-Chancellor Prof. Girishwar Misra planting trees at Kabir Hill together with the members of the Medical Awareness Forum, university staff and students.

ई–पीजी पाठशाला का प्रस्तुतीकरण करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र।
Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra presenting the e-PG pathshala.

वृक्षारोपण करते हुए विश्वविद्यालय के आवासीय लेखक श्री मारुति चितमपल्ली।
The writer in residence of the University Shri Maruti Chitampalli planting trees

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन के उपरांत विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र।
Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra, on the occasion of Independence Day, addressing the university family after flag hoisting.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देशभक्ति गीत प्रस्तुत करते विद्यार्थीगण।
Students performing patriotic songs in a program organized on the occasion of Independence Day.

बहुभाषीय कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते हुए कविगण। मंच पर हैं बाएं से श्री संजय इंगले तिगांवकर, कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र व प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा।
Poets reciting poetry in a multilingual poets' conference. On stage from the left Shri Sanjay Ingle Tigaonkar, Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra and Pro Vice Chancellor Prof. Anand Vardhan Sharma

रासेयो शिविर के दौरान स्वच्छता जनजागृति कार्यक्रम में सहभागिता करते विद्यार्थी।
Students participating in cleanliness public awareness program during NSS camp.

भारत छोड़ो आंदोलन की 75 वीं वर्षगांठ तथा भारतीय स्वतंत्रता की 70 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी भास्करराव ठाकरे तथा कान्ताबाई को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र। मंच पर बाएं हैं–प्रो. के.के. सिंह।
During the celebration of the 75th anniversary of the Quit India Movement and 70th Anniversary of Indian Independence, Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra honoring the freedom fighter Bhaskarrao Thakre and Kantabai, on the left Prof. K.K. Singh.

मॉरीशस के लेखक डॉ. प्रह्लाद रामशरण की पुस्तक का विमोजन करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र तथा श्री बालमुकुंद। मंच पर बाएं से डॉ. राजीव रंजन राय, प्रो. अरबिंद झा, डॉ. प्रह्लाद रामशरण तथा दाएं हैं डॉ. अप्रमेय मिश्र व डॉ. मुन्नालाल गुप्ता।
While releasing the book of Dr. Pahlad Ramsarun, Mauritius, Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra and Shri Balamukund. On the stage Dr. Rajeev Ranjan Rai, Prof. Arbind Jha, Dr. Pahlad Ramsarun from the left, and Dr Aprameya Mishra and Dr. Munnalal Gupta on the right.

छात्र युवा संसद का उद्घाटन करते पूर्व सांसद श्री सुरेश वाघमारे और साथ में हैं प्रो. महेंद्र गायकवाड़, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, प्रो. अनिल कुमार राय।
Inaugurating the Students Youth Parliament, MP Shri Suresh Waghmare and Prof. Mahendra Gaikwad, Pro V.C. Prof. Anand Vardhan Sharma and Prof. Anil Kumar Rai.

हिंदी दिवस समारोह में वक्तव्य देते प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, मंच पर हैं बाएं से श्री राजेश कुमार यादव, मॉरीशस के विनोद कुमार मिश्र तथा कुलसचिव क़ादर नवाज़ खान।
Pro-Vice Chancellor Prof. Anand Vardhan Sharma delivering a speech on the occasion of Hindi Day celebrations. Onthe stage, from left Mr. Rajesh Kumar Yadav; Vinod Kumar Mishra, Mauritius; and Registrar Mr. Kadar Nawaz Khan.

भारत की ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर बाएं से श्री संदीप मधुकर सपकाले, प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. ऋषभ कुमार मिश्र, श्री शरद जासवाल, डॉ. हरप्रीत कौर व डॉ. अवंतिका शुक्ला।
In a program organized on the topic 'The Knowledge Tradition of India', on the stage, from left Mr. Sandeep Madhukar Sapkale, Prof. Anil Kumar Rai, Dr. Rishabh Kumar Mishra, Mr. Sharad Jaswal, Dr. Harpreet Kaur and Dr. Avantika Shukla.

'ये इंडिया का टाइम है' कार्यक्रम में देशभक्ति गीत प्रस्तुत करते हुए कलाकार।
Artists performing patriotic songs in the 'Yeh India ka Time Hai' program.

हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन करते हुए राज्यसभा सांसद श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी। मंच पर हैं बाएं से प्रो. प्रीति सागर, सांसद अहलावत, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा और कुलसचिव कादर नवाज़ खान।
Rajya Sabha MP Shri Satyavrat Chaturvedi inaugurating 'Hindi Pakhwada'. On the stage, from left Prof. Priti Sagar; Mr. Ahalawat, Member of Parliament; Prof. Anand Vardhan Sharma, Pro VC; and Mr. Kadar Nawaz Khan, Registrar.

गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उद्बोधन देते डॉ. अरविंद मालपे, उनके बाएं हैं कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा व कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान।
Dr. Arvind Malpe addressing the audience in a program organized on the occasion of Gandhi Jayanti. On the left is Vice chancellor Prof. Girishwar Misra, Pro VC Prof. Anand Vardhan Sharma and Registrar Mr. Kadar Nawaz Khan.

राष्ट्रीय एकता दौड़ में शिरकत करते हुए विश्वविद्यालय के अध्यापक, कर्मी तथा विद्यार्थी।
Teachers, staff members and students of the University attending the National Integration Run.

संविधान दिवस समारोह में विचार व्यक्त करते हुए डॉ. एम.एल. कासारे, मंच पर हैं प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा व प्रो. मनोज कुमार।
Dr. M.L. Kasare while expressing his views at the Constitution Day function. On the stage, Pro VC Prof. Anand Vardhan Sharma and Prof. Manoj Kumar.

'चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व–निर्माण' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में विचार व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र और मंच पर हैं विद्वत वक्ता।
Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra expressing his views in a National Workshop on 'Character Building and Personality Development.' Also on stage are other dignitaries.

थाईलैंड से हिंदी पढ़ने आए विद्यार्थियों का स्वागत।
Welcoming the students from Thailand who had come to the University to study Hindi

फुटबॉल मैच खेलते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र।
Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra playing football match.

राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में उद्‌बोधन देते गौतमभाई बजाज। मंच पर हैं बाएं से डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. चित्तरंजन मिश्र, कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र व अन्य महानुभाव।
Gautambhai Bajaj addressing the audience in the National Youth Day program. On the stage, from left Dr. Mithilesh Kumar, Prof. Chittaranjan Mishra, Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra and other dignitaries.

20 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री केशरीनाथ त्रिपाठी। मंच पर हैं कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, सांसद श्री रामदास तड़स, प्रो. के.जी. सुरेश, कुलसचिव श्री क़ादार नवाज़ ख़ान व विभिन्न विद्यापीठों के संकायाध्यक्ष।

West Bengal Governor Mr. Kesharinath Tripathi delivering a speech on the occasion of the 20th Foundation Day of the University. On the stage Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra, Pro VC Prof. Anand Vardhan Sharma, MP Ramdas Tadas, Prof. K.G. Suresh, Registrar Mr. Kader Nawaz Khan with deans of various schools.

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेला का उद्घाटन करते हुए सांसद श्री रामदास तड़स। साथ में हैं प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान व अन्य महानुभाव।

Mr. Ramdas Tadas, Member of Parliament inaugurating the National Book Fair organized by the University. Also present are Pro VC Prof. Anand Vardhan Sharma, Registrar Mr. Kader Nawaz Khan and other dignitaries.

'उर्दू अदब में स्त्री विमर्श' विषय पर आयोजित व्याख्यान समारोह में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, मंचासीन विद्वत वक्ता।

Vice Chancellor Prof. Girishwar Misra delivering the presidential speech in a lecture program on 'Urdu Adab mein Stree Vimarsh.' along with other distinguished speakers.

20 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'हिंदी सेवी सम्मान' से सम्मानित साहित्यकार विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए।

Literary personalities honoured with the 'Hindi Sevi Samman' addressing the university family on the occasion of 20th Establishment Day.

विश्वविद्यालय की अद्यतन प्रकाशित पुस्तकें